✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात




अयोध्या में आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में भाग लेते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं अन्य


✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 179 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 26 नवम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com


# बिहार में डिफेंस कॉरिडोर, मेगा टेक सिटी, बंद चीनी मिलें भी होंगी चालू : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में नई सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को कई बड़े ऐलान किए हैं। सीएम नीतीश कुमार ने कहा है कि राज्य में अधिक से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार मिले, ये शुरू से ही हमलोगों की प्राथमिकता रही है। सात निश्चय-2 के तहत वर्ष 2020-25 के बीच राज्य में 50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी एवं रोजगार दिया गया है। अगले 5 वर्षों (2025-30) में हमलोगों ने एक करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया है। मंगलवार को एक्स पर यह जानकारी देते हुए कहा कि नई सरकार के गठन के पश्चात राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने एवं अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध करने के लिए हमलोगों ने तेजी से काम शुरू कर दिया है। बदलते बिहार के विकास की गति को बल देने हेतु बिहार में प्रौद्योगिकी और सेवा आधारित नवाचारों की न्यू ऐज इकोनॉमी के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु इस क्षेत्र की बिहार से संबंध रखने वाले अग्रणी उद्यमियों के सुझाव प्राप्त कर योजनाओं एवं नीतियों का निर्धारण किया जाएगा। साथ ही बिहार को एक 'वैश्विक- बैक एंड हब एवं 'ग्लोबल वर्क प्लेस' के रूप में विकसित एवं स्थापित करने हेतु महत्वपूर्ण विभागों तथा प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों एवं विशेषज्ञों के सहयोग से एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट पर लिखा कि बिहार की जनसंख्या में युवाओं की भागीदारी काफी अधिक है। इसको सार्थक दिशा देने पर बिहार देश का सबसे तेजी से विकास करने वाला राज्य बन सकता है। बिहार के बड़ी संख्या में उपलब्ध युवा मानव संसाधन



को ध्यान में रखते हुए बिहार को पूर्वी भारत के नए टेक्नोलॉजी हब के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए बिहार में डिफेंस कॉरिडोर, सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग पार्क, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स, मेगा टेक सिटी व फिनटेक सिटी की स्थापना की जाएगी एवं उद्योगों का जाल बिछाने हेतु वृहद कार्ययोजना तैयार कर योजनाओं को क्रियान्वित किया जाएगा। सीएम नीतीश कुमार ने बताया है कि राज्य में नई चीनी मिलों की स्थापना एवं पुरानी बंद पड़ी चीनी मिलों को पुनः चालू करने हेतु नीति एवं कार्य योजना बनाई गई है। इसके साथ ही राज्य के सभी प्रमुख शहरों को बेहतर एवं सुंदर बनाने की योजना पर कार्य करने हेतु तैयारी एवं नई तकनीकों का उपयोग कर राज्य को अग्रणी बनाने हेतु बिहार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन की स्थापना की जाएगी। उक्त सभी बिन्दुओं पर कार्य योजना तैयार करने हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आज उच्चस्तरीय समिति गठित कर दी गई है। यह समिति राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने एवं युवाओं के लिए अधिक से अधिक रोजगार के अवसर पैदा करने से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन तथा अनुश्रवण का कार्य करेगी। आप सभी को पता है कि पिछले कुछ वर्षों में बिहार में औद्योगीकरण ने रफ्तार पकड़ी है। बिहार की नवनिर्वाचित नई सरकार दुगुनी ताकत से राज्य में बड़े पैमाने पर उद्योग लगाने हेतु कृतसंकल्पित है। इसके लिए औद्योगिक कॉरिडोर, उच्च गुणवत्ता की आधारभूत संरचना, हाई क्वालिटी पावर सप्लाई, जल प्रबंधन एवं कुशल मानव संसाधन आवश्यक है, जो अब बिहार में उपलब्ध हैं। राज्य में औद्योगिक विकास एवं अगले 5 वर्षों में युवाओं को नौकरी एवं रोजगार के लिए हमलोगों ने तेजी से काम शुरू कर दिया है और जो काम हमलोग शुरू करते हैं, उसे पूरा करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राबड़ी देवी को सरकारी आवास खाली करने की नोटिस

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** 20 साल बाद लालू परिवार को 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास (राबड़ी आवास) खाली करने का नोटिस मिला है। बिहार भवन निर्माण विभाग ने ये नोटिस भेजा है। भवन निर्माण विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि बिहार विधान परिषद के आवासन के लिए पटना केन्द्रीय पुल की आवास संख्या 39 हार्डिंग रोड अलॉट किया गया है। राबड़ी आवास में फिलहाल लालू यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव और उनकी फैमिली रहती है।

### बिहार विधानसभा का सत्र एक दिसंबर से

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा का सत्र एक दिसंबर से शुरू होने जा रहा है। संसदीय कार्य विभाग ने सत्र के आयोजन की तैयारी शुरू कर दी है। मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में संसदीय कार्य विभाग के प्रस्ताव पर सहमति दी गयी। 18वीं विधानसभा के गठन के बाद यह पहला सत्र होगा। संसदीय कार्य विभाग के अनुसार सत्र के दौरान पांच बैठकें होंगी। सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर नरेंद्र नारायण यादव नवनिर्वाचित सभी 243 विधायकों को शपथ दिलाएंगे। इसके बाद नए विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा।

### बैंक मैनेजर ने की आत्महत्या

**सहरसा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के न्यू कॉलोनी स्थित किराये के मकान में रह रहे आईडीबीआई बैंक के प्रबंधक राकेश रौशन ने सुसाइड कर लिया। मामले का पता मंगलवार की सुबह तब चला जब पुलिस और परिजनों को जानकारी दी गई। मृतक का घर दरभंगा में है। पत्नी और बच्चे शादी में शामिल होने के लिए गोड्डा गए थे। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### लूट मामले का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** पटोरी थाना क्षेत्र के पटोरी धमौन सड़क के पुलिया के पास गत वर्ष हुई लूट के मामले में फरार चल रहे इनामी अपराधी को एसटीएफ के सहयोग से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाश पटोरी थाने के धमौन गांव के राजबल्लभ राय का पुत्र राकेश कुमार उर्फ अक्के बताया गया है।

नई सरकार के गठन के बाद नीतीश कैबिनेट की पहली बैठक में कई प्रस्तावों पर लगी मुहर

# बिहार में खुलेंगी 25 नई चीनी मिल, विकसित होंगे 11 टाउनशिप और मैन्यूफैक्चरिंग पार्क

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नई सरकार के गठन के बाद आज पहली बार कैबिनेट की बैठक हुई। इस बैठक में छह एजेंडों पर मुहर लगी। इसमें बिहार के युवाओं के लिए बड़ा फैसला लिया गया। बैठक के बाद मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बताया कि बिहार में 25 नयी चीनी मिल खोली जाएगी। पहले से 9 चीनी मिल बंद पडी हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि बिहार में 11 नये टाउनशिप विकसित किया जाएगा। इनमें 9 प्रमंडलीय मुख्यालय के अलावा सीतामढ़ी और सोनपुर को शामिल किया गया है। बिहार को पूर्वी भारत का नया



टेक हब के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से डिफेंस कॉरिडोर, सेमीकंडक्टर मैन्यूफैक्चरिंग पार्क, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स, मेगा टेक सिटी व फिनटेक सिटी की स्थापना का निर्णय लिया गया है। इसके तहत मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया जाएगा। इसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों को परामर्श के रूप में शामिल किया जाएगा। कमेटी 6 माह के अंदर अपनी रिपोर्ट देगी। कैबिनेट के एक अन्य निर्णय में बदलते बिहार के विकास की गति को बल देने हेतु बिहार में प्रौद्योगिकी और सेवा आधारित नवाचारों की न्यू ऐज इकोनॉमी के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु इस क्षेत्र की बिहार से संबंध रखने वाले अग्रणी उद्यमियों के सुझाव प्राप्त कर योजनाओं एवं नीतियों का निर्धारण किया जाएगा। साथ ही बिहार को एक वैश्विक-बैक एंड हब एवं 'ग्लोबल वर्क प्लेस' के रूप में विकसित एवं स्थापित करने हेतु महत्वपूर्ण विभागों तथा प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों एवं विशेषज्ञों के सहयोग से एक विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाएगी। बिहार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए बिहार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन की स्थापना की स्वीकृति दी गई है। इसके तहत प्रतिभावान व्यक्तियों और कंपनियों की सहायता ली जाएगी।

# ट्रक-ऑटो की टक्कर में छह लोगों की मौत, सात घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**शेखपुरा।** शेखपुरा जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 33 ए परमीशन सड़क पर ट्रक और ऑटो की टक्कर में छह लोगों की मौत हो चुकी है जबकि सात लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। इधर गुस्साई भीड़ ने सड़क जाम कर दिया है। घटना इतना भयानक था कि जेसीबी की मदद से वाहन में फंसे शव को निकाला गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऑटो में 13 यात्री सवार थे। चालक तेज गति से ऑटो चला रहा था तभी अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे ट्रक में टक्कर मार दिया जिससे 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 7 लोग जख्मी हैं। उन्हें विम्स अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया है। मौके पर लोगों की चीख पुकार मच गई। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस पहुंचकर जांच करने में जुट गई है। शेखपुरा हादसे में मृतकों की पहचान हो गई है। बेंगूचा गांव निवासी टुनटुन यादव की 56 वर्षीय पत्नी आशा देवी उर्फ सीमा देवी, उनका पुत्र राहुल कुमार मारा गया है। मृतका आशा देवी के पति की मानें तो पत्नी कैंसर रोग से पीड़ित थी। 22 साल का बेटा राहुल कुमार उन्हीं के इलाज के लिए पटना के आइजइआइएमएस लेकर जा रहा था। इसके साथ ही करांडे थाना क्षेत्र का धमसेना गांव निवासी राजकुमार साव की भी मौत हो गई है। करंडे थाना क्षेत्र के ही महेशपुर गांव निवासी महेंद्र मांझी की पत्नी 62 वर्षीय अहिल्या देवी अपनी दो पोती 17 वर्षीय निशा और 15 वर्षीय प्रिया कुमारी के साथ शेखपुरा बाजार के लिए जा रही थी। इसमें दादी और पोती निशा की मौत हो गई है। अन्य एक की पहचान के लिए पुलिस जुटी हुई है। सभी 7 घायलों को आनन फानन में स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए शेखपुरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से सभी को हायर सेंटर विम्स पावापुरी भेजा गया है।

# स्वास्थ्य विभाग में 33 हजार पदों पर बहाली जल्द : मंगल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में सत्ता की वापसी के बाद अब नीतीश सरकार अपने वादों को तेजी से पूरा करने की तैयारी में है। मंगलवार को बिहार के नवनियुक्त स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने पदभार ग्रहण करते ही कहा कि स्वास्थ्य विभाग में 33 हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियों की प्रक्रिया आने वाले दिनों में पूरी की जाएगी। श्री पांडेय ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि विभाग में 26 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया अंतिम चरण में है और इसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत 7,600 अतिरिक्त पदों पर नियुक्ति की योजना भी शीघ्र लागू की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य के युवाओं के



लिए एक और महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि अगले साल वैशाली, सीवान और भोजपुर में तैयार हो रहे तीन नए मेडिकल कॉलेज काम करना शुरू कर देंगे। इन संस्थानों के शुरू होने से राज्य में चिकित्सकों की संख्या बढ़ेगी और स्वास्थ्य शिक्षा एवं चिकित्सा सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी।

# युवक ने पत्नी और पिता की हत्या के बाद खुद को भी मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिले के भानस थाना क्षेत्र अंतर्गत डिहरा गांव में सोमवार देर रात एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत से हड़कंप मच गया है। पूरा गांव गमगीन है। मृतकों की पहचान डिहरा गांव निवासी अमित सिंह, शालिग्राम सिंह एवं नीतू देवी के रूप में हुई है। पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है। बताया जाता है कि अमित सिंह पारिवारिक विवाद से तंग आकर पहले अपनी पत्नी नीतू देवी को गोली मारी, फिर बीच बचाव करने आए पिता शालिग्राम सिंह को भी गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। वहीं घटना के बाद अमित सिंह के आक्रामक रूप को देखकर अन्य परिजन घर में हीं छुप गए, इसके बाद अमित सिंह ने खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर लिया। बताया जाता है कि अमित सिंह काफी दिनों से घरेलू विवाद को लेकर मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। सोमवार की देर रात भी करीब एक बजे किसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद हुआ, इसके बाद अमित सिंह ने अन्य परिजनों के सामने ही पत्नी एवं पिता की (शेष पृष्ठ 10 पर)






# सातवीं पास युवक-युवतियां बनेंगे बस कंडक्टर : श्रवण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत और जनहितकारी बनाने की दिशा में नई पहल शुरू हो गई है। श्रवण कुमार ने राज्य के नए परिवहन मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की और कई महत्वपूर्ण नीतिगत फैसले लिए। मंत्री के सबसे बड़े फैसलों में एक है सरकारी बसों में कंडक्टर पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता को कम करना। अब



केवल सातवीं पास युवक-युवतियां भी बस कंडक्टर बन सकेंगे। इस कदम से ग्रामीण और कम पढ़े-लिखे युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के द्वार खुलेंगे। मंत्री ने इसे युवा सशक्तिकरण की दिशा में क्रांतिकारी कदम बताया। पदभार ग्रहण के दौरान अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह, राज्य परिवहन आयुक्त अभिषेक द्विवेदी सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर मंत्री का स्वागत किया। बैठक में मंत्री ने स्पष्ट संकेत दिए कि आने वाले दिनों में परिवहन विभाग में व्यापक सुधार देखने को मिलेंगे। मंत्री ने परिवहन ढांचे को मजबूत करने के लिए कई ठोस निर्देश दिए। आधुनिक ड्राइविंग ट्रैक का निर्माण शीघ्र पूरा करने, बस अड्डों पर पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, सफाई और सुरक्षा को बेहतर करने पर जोर दिया गया। साथ ही बस स्टैंड व स्टॉपेज की जमीनों पर हुए अवैध कब्जे हटाने का सख्त आदेश जारी किया गया। बैठक में चालक कल्याण योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि ड्राइवर परिवहन व्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्होंने स्वास्थ्य बीमा, जीवन बीमा, यूनिफॉर्म और पेंशन जैसी सुविधाएं तुरंत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राज्य परिवहन निगम की जर्जर और (शेष पृष्ठ 10 पर)

### मुख्यमंत्री ने पटना शहरी क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं का किया निरीक्षण

# निर्माणाधीन कार्य को पूर्ण करने का अधिकारियों को दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना शहरी क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन कार्य को तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने पटेल गोलंबर से इको पार्क के पश्चिमी छोर तक तथा इको पार्क के पूर्वी छोर से अटल पथ तक सर्पेंटाइन नाले पर भूमिगत नाला के साथ-साथ 4 लेन सड़क के निर्माण कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि इस नाला निर्माण योजना के अंतर्गत नाले का पक्कीकरण किया जाएगा और इसके ऊपर सड़क का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस भूमिगत नाला को ठीक करते हुए इसके ऊपर सड़क निर्माण तेजी से पूर्ण करें ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा हो। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने राजीव नगर भूमिगत नाले पर निर्माण कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करें। इन योजनाओं के पूर्ण होने पर जलजमाव की समस्या से निजात मिलेगी एवं नाले के ऊपर टू-लेन सड़क निर्माण से लोगों को सुगम यातायात की सुविधा उपलब्ध होगी। शहर भी साफ-सुथरा और व्यवस्थित दिखेगा। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने मंदिरी नाला पर निर्माणाधीन 4 लेन सड़क का भी निरीक्षण किया। साथ ही इस सड़क को जे0पी0 गंगा पथ से जोड़ने वाले सम्पर्क पथ का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि इसका निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंदिरी नाला पर बनाये जा रहे पथ को जल्द पूर्ण करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर को व्यवस्थित रखने के साथ-साथ लोगों की आवागमन में सहूलियत को लेकर हमलोग लगातार काम कर रहे हैं। इन पथों का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण होने से शहरवासियों को एक दूसरे जगह जाने का वैकल्पिक मार्ग मिल सकेगा। साथ ही शहर की यातायात व्यवस्था और सुदृढ़ और सुगम होगी। निरीक्षण के दौरान नगर विकास एवं आवास मंत्री सह पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप कुमार आर. पुदुकलकट्टी, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, पटना प्रमण्डल के आयुक्त अनिमेश परासर, बिहार राज्य पथ निर्माण विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक, पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम., नगर आयुक्त यशपाल मीणा, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# बिहार को टेक हब बनाने की दिशा में तीन प्रस्तावों को मिली कैबिनेट से मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार द्वारा राज्य को न्यू एज इकोनॉमी एवं टेक्नोलॉजी आधारित वैश्विक केंद्र के रूप में परिवर्तित करने के उद्देश्य से मंत्रिपरिषद ने तीन महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की है। इन स्वीकृतियों के तहत तीन अलग-अलग शीर्ष समितियों के गठन को मंजूरी दी गई है, जो विभिन्न क्षेत्रों में कार्ययोजना निर्माण एवं उसके सतत अनुश्रवण का कार्य करेंगी।

**टेक इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं इंडस्ट्रियल इनोवेशन हेतु शीर्ष समिति गठन**

मंत्रिपरिषद ने डिफेंस कॉरिडर, सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग पार्क, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स, मेगा टेक सिटी एवं फिनटेक सिटी की स्थापना के लिए कार्ययोजना तैयार करने तथा उसके प्रभावी क्रियान्वयन के सतत अनुश्रवण हेतु शीर्ष समिति के गठन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। यह समिति बिहार को पूर्वी भारत का नया टेक हब बनाने की दिशा में महत्वूपर्ण भूमिका निभाएगी।

**बिहार को 'वैश्विक बैक एंड हब' एवं 'ग्लोबल वर्कप्लेस' के रूप में विकसित करने हेतु शीर्ष समिति गठन**

न्यू एज इकोनॉमी के अंतर्गत आगामी पांच वर्षों में बिहार को 'वैश्विक बैक एंड हब' एवं 'ग्लोबल वर्कप्लेस' के रूप में स्थापित करने के लिए रणनीतिक कार्ययोजना निर्माण एवं उसके क्रियान्वयन के नियमित अनुश्रवण हेतु शीर्ष समिति गठन के प्रस्ताव को मंत्रिपरिषद द्वारा मंजूरी दी गई।

**स्टार्टअप एवं रोजगारोन्मुखी न्यू एज इकोनॉमी गतिविधियों के विस्तार हेतु शीर्ष समिति गठन**

राज्य के प्रतिभाशाली युवाओं एवं उद्यमियों को स्टार्टअप एवं अन्य न्यू एज इकोनॉमी आधारित रोजगारोन्मुखी गतिविधियों में व्यापक अवसर प्रदान करने, उन्हें प्रोत्साहित करने एवं उनकी सतत अनुश्रवण के लिए कार्ययोजना निर्माण हेतु तीसरी शीर्ष समिति के गठन के प्रस्ताव को भी मंत्रिपरिषद ने स्वीकृति दी। यह पहल राज्य में नवाचार, उद्यमशीलता एवं रोजगार सृजन को नई गति देगी। इन तीनों स्वीकृतियों के माध्यम से बिहार सरकार ने राज्य को तकनीकी प्रगति, नवाचार एवं ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर करने की अपनी मजबूत प्रतिबद्धता को दोहराया है।

# बिहार उद्योग, निवेश और नवाचार का सशक्त केन्द्र बनेगा : उद्योग मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने उद्योग मंत्री का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर मिहिर कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव बी. कार्तिकेय धनजी, सचिव, उद्योग मुकुल कुमार गुप्ता, उद्योग निदेशक सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से बातचीत में उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि बिहार को भारत का अग्रणी औद्योगिक एवं नवाचार केंद्र बनाने की दिशा में सरकार तेजी से काम करेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार दिलाने और उद्यमिता को बढ़ावा देने में उद्योग विभाग की प्रमुख भूमिका है। विभाग की मौजूदा योजनाओं को गति देते हुए उन्हें और सुदृढ़ बनाते हुए राज्य को निवेश, उद्योग और नवाचार का हब बनाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने घोषणा की है कि राज्य के प्रत्येक जिले में औद्योगिक और नवाचार केंद्र स्थापित किए जाएंगे जिससे युवाओं को रोजगार, स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन और उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। इससे बिहार को एक आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त राज्य बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा। उद्योग मंत्री ने आगे कहा कि हमारा संकल्प है कि पारदर्शिता, गति और समावेशिता के साथ काम किया जाए, ताकि बिहार आत्मनिर्भर बने और उद्योग तथा नवाचार का सशक्त केंद्र बनकर उभरे।

# सहकारिता मंत्री डॉ प्रमोद कुमार ने किया पदभार ग्रहण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** सहकारिता मंत्री डॉ प्रमोद कुमार ने सहकारिता विभाग का पदभार ग्रहण किया। इस दौरान मंत्री को सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेन्द्र सिंह एवं अन्य पदाधिकारी पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किए। मंत्री डॉ प्रमोद कुमार ने कहा कि पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ विभाग की विभिन्न योजनाओं को लागू किया जाएगा ताकि आम लोगों तक इसकी पहुंच सम्भव हो सके। धान अधिप्राप्ति को बेहतर तरीके से क्रियान्वित कर आम किसानों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ पहुंचाना उनकी प्रमुख प्राथमिकता है। श्री कुमार ने कहा कि सहकारिता विभाग आम जनता से जुड़ा विभाग है जिसमें विभिन्न समितियों के माध्यम से लोगों तक रोजगार एवं उनके उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराकर उन्हें लाभान्वित कराने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की जाएगी अगर उसमें किसी सुधार की आवश्यकता होगी तो उसमें सुधार भी किया जाएगा। विभाग की सभी योजनाओं का अनुश्रवण बेहतर तरीके से किया जाएगा ताकि इन योजनाओं का लाभ बेहतर तरीके से लाभार्थियों तक पहुंचाया जा सके। महिला सशक्तिकरण के लिए सहकारिता विभाग की ओर से की जा रही पहल को और भी प्रभावी बनाया जाएगा ताकि विभाग की विभिन्न योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को लाभान्वित किया जा सके। कार्यक्रम में निबंधक, सहयोग समितियां रजनीश कुमार सिंह, अपर सचिव, सहकारिता विभाग अभय कुमार सिंह सहित सहकारिता विभाग के विभिन्न पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। साथ ही शरदचन्द संतोष, मरचू राम, मुनिया देवी, गोरी देवी, माला देवी, कान्ती देवी ने पुष्पगुच्छ देकर मंत्री का स्वागत किया।

# बिहार की शान, स्वीटी पंडित की दोहरी जीत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटना के दानापुर में जन्मी स्वीटी पंडित ने बरेली में चल रही 41वीं राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गोल्ड और सिल्वर मेडल जीतकर पूरे बिहार को गौरव का ताज पहना दिया। स्वीटी की इस उपलब्धि से न सिर्फ बिहार, बल्कि पूरे देश में आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत की ध्वनि गूंज रही है। प्रधानमंत्री के 'आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत' के सपने को आगे बढ़ाते हुए बिहार की महिला खेल मंत्री ने भी इस उपलब्धि को सराहा और भविष्य में और अधिक समर्थन का आश्वासन दिया।

# एम्स गुवाहाटी अध्यक्ष ने की स्वास्थ्य जागरूकता और शुरुआती जांच की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**कोलकाता।** गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर, देश के प्रतिष्ठित आर्थोपेडिक सर्जन एवं एम्स गुवाहाटी के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. बी.के.एस. संजय ने एस.बी. देवी चैरिटी होम, कोलकाता में स्वास्थ्य, वेलनेस, जागरूकता और निवारक स्वास्थ्य जांच के महत्व पर एक ज्ञानवर्धक व प्रेरणादायी व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. संजय ने देश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को राष्ट्रीय मानव संसाधन और स्वास्थ्य ढांचे पर गंभीर बोझ बताते हुए गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने 'रोकथाम इलाज से बेहतर है' के सिद्धांत को रेखांकित करते हुए नागरिकों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और सड़क पर जिम्मेदार व अनुशासित व्यवहार करने की अपील की। उनके अनुसार 'व्यक्ति का स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि राष्ट्रीय प्रगति का आधार है।' एस.बी. देवी चैरिटी होम द्वारा किए जा रहे मानवीय कार्यों की सराहना करते हुए डॉ. संजय ने कहा कि यह संस्था बुजुर्गों, जरूरतमंदों और वंचितों की सेवा को गरिमा, संवेदना और समर्पण के साथ निभाकर समाज के लिए प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। संस्थान के निदेशक ने अपने वक्तव्य में कहा कि पद्मश्री डॉ. बी.के.एस. संजय का आगमन उनके लिए गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने बताया कि नियमित स्वास्थ्य जागरूकता और निवारक जांच न केवल रोगों का बोझ कम करती है, बल्कि स्वास्थ्य खर्च घटाकर राष्ट्र के समग्र विकास को भी तेज गति देती है—जो अंततः भारत की 'राष्ट्र-स्वास्थ्य और राष्ट्र-समृद्धि' को सशक्त बनाती है। इस अवसर पर शेखर चट्टोपाध्याय एवं सुनीपा चट्टोपाध्याय ने डॉ. संजय को उनके समाजहित में उल्लेखनीय योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए शॉल और प्रमाणपत्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ. ए.के. मुखर्जी, डॉ. तपस कुमार जाना, डॉ. विकास तथा संस्थान के अन्य सदस्य एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# किसानों को 14 दिनों के अंदर भुगतान सुनिश्चित करें : गन्ना उद्योग मंत्री

## तय होगा गन्ने का नया क्रय मूल्य 0 गन्ना उत्पादन में सिरमौर बनेगा बिहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। मंत्री ने बैठक में बंद पड़ी चीनी मिलों के पुनर्संचालन, आगामी पेराई सत्र 2025-26 की प्रगति, किसानों से संबंधित सेवाओं की स्थिति और विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान ईखायुक्त अनिल कुमार झा ने बिहार राज्य गुड़ प्रोत्साहन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री गन्ना विकास योजना और गन्ना यंत्रीकरण योजना सहित विभाग की प्रमुख योजनाओं की अद्यतन स्थिति से मंत्री जी को अवगत कराया। गन्ना उत्पादन में बिहार को देश में अग्रणी बनाने के उद्देश्य से मंत्री संजय कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और पेराई सत्र 2025-26 के लिए गन्ने का नया क्रय मूल्य निर्धारित करने हेतु चीनी मिल मालिकों के साथ शीघ्र बैठक की जाएगी। ताकि गन्ना मूल्य में वृद्धि एवं समयबद्ध भुगतान हो सके। मंत्री ने राज्य की बंद पड़ी सभी चीनी मिलों की स्थिति और उनके बंद होने के कारणों की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि इन चीनी मिलों का पुनर्संचालन किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण और स्थानीय रोजगार सृजन के लिए आवश्यक है। इसलिए इस दिशा में ठोस पहल की जानी चाहिए। संजय कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों के हित, समयबद्ध भुगतान, तकनीकी सुधार और शिकायत निवारण विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक के दौरान ईखायुक्त ने मंत्री को बताया कि पेराई सत्र शुरू करने की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और राज्य की कार्यशील चीनी मिलों में नवंबर के अंत तक पेराई कार्य शुरू हो जाएगा। इखायुक्त ने कहा कि मिलों में पेराई कार्य की सतत और कड़ी मॉनिटरिंग की जाएगी। साथ ही उन्होंने गुड़ उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए गुड़ प्रोत्साहन कार्यक्रम को अधिक सशक्त रूप से लागू करने पर जोर दिया।

# राष्ट्रीय एकता और अखंडता सर्वोपरि : रवि शंकर प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मेरा युवा भारत पटना, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, पटना के परिसर से सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर एकता पदयात्रा का शुभारम्भ मुख्य अतिथि रवि शंकर प्रसाद, सांसद, पटना साहिब तथा राज्य निदेशक सूर्यकांत, मेरा युवा भारत, पटना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। भारत के एकीकरण में सरदार पटेल के योगदान महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरदार पटेल के जीवनी को लेकर भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करें। आत्मनिर्भरता तथा नशा मुक्त भारत बनाने के लिए शपथ लिया। कार्यक्रम में सांसद रविशंकर प्रसाद का स्वागत सूर्यकान्त कुमार, राज्य निदेशक मेरा युवा भारत, पटना के द्वारा अंग वस्त्र एवं पौधा से सम्मानित किया गया। राज्य निदेशक सूर्यकांत ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए सरदार पटेल का संदेश एकता, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय विकास का संदेश जन-जन तक पहुंचाने एवं सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। इस अवसर पर सांसद रविशंकर प्रसाद ने पदयात्रा में शामिल युवाओं को इस पदयात्रा के महत्व और सरदार वल्लभभाई पटेल के कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को बताया कि आजादी के बाद भारत में समस्त छोटे-छोटे विरासतों का विलय करते हुए एक अखण्ड भारत का निर्माण किया।

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** हाजीपुर मुख्यालय में 2 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं

# डीबीए पटना के चुनाव परिणाम की गयी आधिकारिक घोषणा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना स्थित जिला स्तर पर वकीलों की सबसे बड़ी संस्था पटना जिला अधिवक्ता संघ द्विवार्षिक चुनाव के परिणामों की आधिकारिक घोषणा आज निर्वाची पदाधिकारी सुधीर कुमार सिन्हा ने कर दी। संघ के अध्यक्ष पद के लिए अरविंद कुमार सिंहा, महासचिव पद पर अरविंद मउआर, उपाध्यक्ष पद पर ओम प्रकाश, अजय कुमार मिश्रा और विनोद कुमार गुप्ता, संयुक्त सचिव के पद पर दुर्गा कुमार, श्यामल किशोर और पुरुषोत्तम शर्मा, सहायक सचिव के पद पर कृष्ण मुरारी, ओमप्रकाश और ममता कुमारी, कोषाध्यक्ष के पद पर कमलेश प्रसाद, वरीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में धर्मेंद्र कुमार, अरविंद तिवारी, रेखा प्रेम समैयार, शिवानंद गिरि और रामाशीष ठाकुर, कार्यकारिणी के सदस्यों में संजय कुमार, सतीश कुमार वर्मा, अमरेंद्र कुमार सिंह, छाया रानी, दयानंद सिंह, महेश कुमार और अंशुमान, पुस्तकालय सदस्य के रूप में शैलेंद्र कुमार, राकेश कुमार और सुमन ठाकुर, निगरानी के सदस्यों में अशोक कुमार, अशोक कुमार विद्यार्थी और सुशील रंजन सिंह तथा अंकेक्षक के दो पदों पर दयानंद कुमार और नंदकिशोर को निर्वाचित घोषित किया गया। संघ के वरिष्ठ सदस्यों जनार्दन राय, प्रमोद कुमार गयादत्त, राधेश्याम प्रसाद, विजय कुमार मेजरबार, शंभू प्रसाद, जयप्रकाश सिंह, राजेश कुमार, नरेश कुमार शर्मा, संजय कुमार उर्फ पप्पू जी, शेखर कुमार, एम ए खान सीताराम मिश्रा समेत सभी वकीलों ने विजयी उम्मीदवारों को बधाई दी। गौरतलब है कि वकीलों के संघ के चुनावों में पटना जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव एक महत्वपूर्ण चुनाव होता है। हर 2 वर्ष पर होने वाले इस चुनाव में अच्छी खासी गहमा गहमी होती है। राज्य बार काउंसिल के निरीक्षण में पूरे मतदान की प्रक्रिया पूरी की जाती है। इस बार 32 पदों के लिए वकीलों के 112 प्रतिनिधि अपना-अपना भाग्य आजमा रहे थे। पुराने और दिग्गज वकीलों के साथ-साथ युवा वकील भी संघ के इस चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। चुनाव की प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सफलता पूर्वक संपन्न कराने में तीन सदस्यीय समिति के सदस्य सदन कुमार, सुरेश प्रसाद निराला और मृत्युंजय कुमार के साथ पर्यवेक्षक के रूप में राज्य बार काउंसिल के सदस्य विंध्य केसरी सिंह, सूर्यदेव यादव और कृष्ण मुरारी हिमांशु ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बिहार एवं झारखंड में पहली बार श्वानों के लिए हीमोडायलिसिस सुविधा की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार -झारखंड के पालतू पशु प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज हुई है। पटना स्थित एनिमो पेट केयर क्लीनिक में प्रदेश की पहली और एकमात्र पेट हीमोडायलिसिस सुविधा का शुभारंभ किया गया है। यह सेवा क्लीनिक के पशुचिकित्सक डॉ. विकास शर्मा द्वारा शुरू की गई है जिनका उद्देश्य लगातार बढ़ रहे किडनी फेल्योर वाले पालतू श्वानों को समय पर और सुलभ उपचार उपलब्ध कराना है। हीमोडायलिसिस सुविधा की अनुपलब्धता के कारण कई पालतू पशु मालिकों को अपने श्वान का इलाज कराने दिल्ली, मुंबई या लखनऊ जैसे शहरों का रुख करना पड़ता था। इन्हीं चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए डॉ. विकास शर्मा ने निर्णय लिया कि बिहार-झारखंड के पेट पेरेंट्स को हीमोडायलिसिस उपचार सस्ती, बेहतर और स्थानीय सुविधा के साथ उपलब्ध कराया जाए। इस उन्नत सुविधा का उदघाटन सांसद एवं प्रसिद्ध केयरगिवर शांभवी चौधरी के कर-कमलों द्वारा किया गया।

# दानापुर मंडल एवं अल्ट्राटेक सीमेंट के बीच सीमेंट पहुंचाने को लेकर हुआ करार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दानापुर।** दानापुर मंडल अपने यात्रियों की सेवा हेतु यात्री ट्रेनों का परिचालन तो करता ही है साथ ही साथ देश भर में माल परिवहन के क्षेत्र में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। माल परिवहन के क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए निर्माण सामग्री के रूप में प्रयुक्त होने वाले सीमेंट का ट्रांसपोर्टेशन भी वृहद स्तर पर किया जाता है। इसी क्रम में दानापुर मंडल एवं अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड (यू.सी.पी.डी, दनियावां) के बीच में एक करार हुआ है जो सीमेंट के ट्रांसपोर्टेशन और इसके फलस्वरुप इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा। इस करार के हो जाने से देश भर में दनियावां स्थित साइडिंग से सीमेंट की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी रहेगी। ज्ञात हो कि दनियावां स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट के इस प्लांट से वित्तीय वर्ष 2023-24 में 760 रेकों के माध्यम से देश भर में सीमेंट की आपूर्ति की गई जिससे 82.39 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2024-25 में 860 रेकों के माध्यम से देश भर में सीमेंट की आपूर्ति की गई जिससे 103.60 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ जो वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में 25.74 प्रतिशत अधिक है। साथ ही अभी तक वित्तीय वर्ष 2025-26 में 481 रेकों के माध्यम से सीमेंट की आपूर्ति करते हुए 56.26 करोड़ रुपए के राजस्व की प्राप्ति हो चुकी है। इस करार पर रेलवे की तरफ से वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दानापुर अभिनव सिद्धार्थ एवं अल्ट्राटेक सीमेंट की तरफ से अमरेंद्र कुमार, ज्वाइंट प्रेसिडेंट एंड प्लांट हेड ने करार पर हस्ताक्षर किया तथा मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दानापुर अभिषेक कुमार तिवारी भी उपस्थित रहे। वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ ने कहा कि दानापुर मंडल एवं अल्ट्राटेक सीमेंट के बीच हुए इस करार से माल यातायात के क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ गया है और आशा किया जाता है कि यह करार इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए सीमेंट की आपूर्ति के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।

# सर्दियों की डाइट में जोड़ें कैलिफोर्निया बादाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सर्दियों के मौसम में शरीर को ऊर्जा और पोषण देने के लिए कैलिफोर्निया बादाम से बनी दो हेल्दी रेसिपी भुनी हुई गोभी और बादाम का सूप तथा बादाम और स्प्राउट्स टिक्की चाट उत्तम विकल्प हैं। प्रोटीन, हेल्दी फैट और फाइबर से भरपूर कैलिफोर्निया बादाम इन दोनों व्यंजनों को पौष्टिक और सर्दियों के लिए उपयुक्त बनाते हैं। भुनी हुई गोभी और बादाम का सूप लहसुन, प्याज, लीक्स और फूलगोभी के साथ तैयार किया जाता है जिसमें दूध व वेजिटेबल स्टॉक मिलाकर इसे क्रीमी स्वाद दिया जाता है। यह सूप विटामिन इ, कैल्शियम और मैग्नीशियम से भरपूर है। वहीं बादाम और स्प्राउट्स टिक्की चाट पनीर, स्प्राउट्स, बादाम के आटे और सब्जियों से बनी एक पौष्टिक डिश है जिसे लो-फैट दही, हरी व इमली की चटनी और अनार के दानों के साथ परोसा जाता है। यह चाट प्रोटीन और फाइबर का अच्छा स्रोत है। दोनों रेसिपी सर्दियों में क्लीन ईटिंग का आसान और स्वादिष्ट तरीका प्रस्तुत करती हैं।

**अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय के उप निदेशक की उपस्थिति में करायी गई क्रॉप कटिंग**

# रोहतास में इस वर्ष धान की पैदावार अच्छी : उप निदेशक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**सासाराम।** बिहार राज्य फसल सहायता योजना के अंतर्गत रोहतास जिला के प्रखण्ड अकोढ़ीगोला के पंचायत बरूना के ग्राम तेंदुवाकला में कृषक राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा के खेत में फसल धान की क्रॉप कटिंग सीसीई एग्री एप्प के माध्यम से रश्मि, उप निदेशक, अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, पटना की उपस्थिति में संपन्न कराई गई। अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, पटना के उप निदेशक द्वारा धान की फसल के उत्पादन को जानने के लिए खुद अपनी मौजूदगी में प्रखण्ड अकोढ़ीगोला के पंचायत बरूना के ग्राम तेंदुवाकला में कृषक राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा के खेत में धान के फसल की क्रॉप कटिंग कराते हुए धान के उत्पादन व लागत का आकलन करने की कोशिश की गयी। उसी के जरिए जिला में होने वाले धान की उत्पादन का मानक सुनिश्चित करने की कोशिश की गयी है। बता दें कि बिहार राज्य फसल सहायता योजना के अंतर्गत आज रोहतास जिला के ग्राम तेंदुवाकला में कृषक राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा के खेत में फसल धान की क्रॉप कटिंग सीसीई एग्री एप्प के माध्यम से अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, पटना के उप निदेशक की उपस्थिति में संपन्न कराई गई है। इस दौरान उन्होंने खेत में जाकर अपने सामने धान कटवाया तथा कटाई के बाद उसका वजन कराकर उत्पादकता की जांच की। सांख्यिकी पद्धति से 10 गुणे 5 मीटर के क्षेत्रफल में क्रॉप कटिंग का कार्य संपन्न कराया गया जिसमें से कुल हरा दाना का वजन 37 किलो 610 ग्राम धान प्राप्त हुआ जिसके आधार पर प्रति हेक्टेयर 75.220 क्विंटल उपज का आकलन किया गया। श्रीमती रश्मि ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य जिला स्तर पर उत्पादन एवं उत्पादकता का आकलन करना तथा साथ ही फसल बीमा कराए गए कृषकों की क्षतिपूर्ति का आकलन करना होता है। श्री सिंह ने क्रॉप कटिंग के दौरान किसानों से अपनी धान की उपज को सरकारी धान क्रय केन्द्र पर ही बेचने की अपील की। इसके साथ ही किसानों से पराली न जलाने की अपील करते हुए कहा कि नजदीकी आश्रय स्थलों में संरक्षित निराश्रित पशुओं के लिए चारा व पराली दान करें। इस मौके पर जिला सांख्यिकी पदाधिकारी प्रमोद कुमार, सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी राजेश कुमार, प्रखण्ड सांख्यिकी पदाधिकारी, उदय कुमार एवं विक्की प्रसाद, किसान सलाहकार, कृषक तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

# नशा मुक्ति दिवस पर निबंध लेखन एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को किया जायेगा पुरस्कृत**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर मंगलवार को निबंध लेखन, चित्रकला, वाद-विवाद एवं अन्य प्रतियोगिता का आयोजन जिला शिक्षा पदाधिकारी, रोहतास के सौजन्य से डायट, फजलगंज, सासाराम में कराया गया। उक्त प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नेशनल बुक ट्रस्ट स्वतंत्रता संग्राम/महापुरुषों की जीवनी से संबंधित ज्ञानवर्द्धक पुस्तकें पुरस्कार स्वरुप 26 नवंबर को फजलगंज स्टेडियम में सहायक आयुक्त मद्य निषेध, रोहतास के सौजन्य से प्रदान करायी जायेगी। जीविका, आशा कार्यकर्ता और कला जत्था के माध्यम से नशीले पदार्थो और जहरीली शराब या ताड़ी से हुए मौत के पूर्वोदाहरण की जानकारी के साथ-साथ उसके सेवन के अन्य दुष्परिणामों का



सम्पूर्ण जिला में 26 नवंबर 2025 से प्रचार-प्रसार किया जायेगा। नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं के माध्यम से अभियान चलाकर शराब, तम्बाकू एवं गुटखा के दुष्प्रभावों से आमजनों को जागरुक करने हेतु 26 नवंबर 2025 से प्रचार-प्रसार किया जायेगा। 26 नवम्बर को नशा मुक्ति दिवस के अवसर सासाराम रेलवे स्टेशन से सुबह 7.30 बजे से छात्र-छात्रों द्वारा प्रभातफेरी सासाराम शहर के पुरानी जी0टी0 रोड से होते हुए फजलगंज स्टेडियम तक जायेगी। सुबह 10 बजे से नशा मुक्ति दिवस पर डीआरडीए सभागार, सासाराम में नशा मुक्ति दिवस का कार्यक्रम के लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग की व्यवस्था एनआईसी, रोहतास द्वारा प्रस्तारित किया जायेगा। इसमें प्रबुद्ध व्यक्तियों, जीविका दीदीयों, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारीगण आदि उपस्थित रहेंगे।

## अज्ञात शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** थाना क्षेत्र के नंदू सियरा गांव के दक्षिण सिवान में एक कुएं से पुलिस ने एक 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया। इस संबंध में थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि सुबह में बकरी चराने वाले लोगों ने कुएं में शव होने की बात कही। घटनास्थल पर पुलिस ने पहुंच कर उक्त कुएं से एक 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया। मृतक व्यक्ति के शरीर पर ब्लैक कलर का जैकेट और जींस पहना हुआ है। कुएं में शव अधिक दिन रहने के कारण शव से दुर्गंध आ रही है। शरीर के कई भाग क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेजा गया है और आसपास के लोगों से उसकी पहचान कराई जा रही है। पहचान होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## फरार वारंटी भुसहूला से गिरफ्तार

**अकोढ़ीगोला।** दरिहट थाना की पुलिस ने भूसहुला गांव से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी ने बताया कि न्यायालय के द्वारा घोषित फरारी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि भुसहुला गांव निवासी जमालुद्दीन अंसारी के 42 वर्षीय पुत्र अकबर अली अंसारी न्यायलय का फरारी था।

# शिक्षाविद जेडी शर्मा की सातवीं पुण्यतिथि मनायी गयी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी शहर के पश्चिमी मोहन बिगहा स्थित बाल वाटिका विद्यालय के संस्थापक जेडी शर्मा की सातवीं पुण्यतिथि मंगलवार को मनायी गयी जहां मुख्य अतिथि के तौर पर जिले के वरिष्ठ पत्रकार एवं डिहरी अनुमंडल पांसवा के संरक्षक जग नारायण पांडेय ने कहा कि जेडी शर्मा एक सादगी की प्रतिमूर्ति थे, वहीं शिक्षा के एक जीवंत स्तंभ थे जिनके द्वारा स्थापित बाल वाटिका विद्यालय आज भी प्रकाश की किरण फैला रहा है। सभा में डिहरी अनुमंडल पसंवा के उपाध्यक्ष दीपनारायण पांडेय एवं महासचिव राजेन्द्र प्रसाद शामिल हुए जिन लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किया। मौके पर अतिथियों के साथ स्कूल के शिक्षक-शिक्षिका व बच्चों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इसके बाद उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट की मौन धारण किये। अतिथियों ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शर्मा सर केवल एक नाम नहीं बल्कि एक विचार एक आंदोलन एक प्रकाश स्तंभ थे जिन्होंने अनगिनत बच्चों के जीवन में ज्ञान का दीप जलाये। वही स्कूल के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार शर्मा ने 15 अगस्त को अनुमंडल स्तर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जेडी सर सादा जीवन, उच्च विचार और सबका साथ, सबका विकास के तौर पर करते रहे। मैं भी इसी तर्ज काम कर रहा हूं। यहां के लोगों का भरपूर सहयोग व योगदान मिलते आ रहा है। मौके पर विद्यालय के निर्देशिका शांता शर्मा, जितेंद्र प्रसाद, रवि कुमार, संजय सिन्हा, अमृता सिन्हा, ममता सिंह, पल्वी सिन्हा, अर्चना श्रीवास्तव, नेहा गुप्ता, निधि कुमारी सहित कई उपस्थित रहे।

# कार-बाइक की टक्कर, बाइक सवार की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** आयरकोठा-नासरीगंज पथ पर ढेलाबाग मोड़ के समीप सोमवार की देर शाम एक स्विफ्ट कार ने बाइक सवार में सीधी टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक नासरीगंज थाना क्षेत्र के 42 वर्षीय पडुरी निवासी विनोद चौधरी बताया जाता है। पुलिस मौके से स्विफ्ट कार (जेएच 01जीई 3869) को जब्त किया। वहीं घटना के समय मौके पर मौजूद लोगों ने कार चालक को पकड़ लिया था जिसे पुलिस को सौंप दिया। चालक डालमियानगर थाना क्षेत्र के मकराईन निवासी विनोद सागर है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि युवक बाइक से आयरकोठा बाजार से सब्जी लेकर अपने गांव पडुरी लौट रहे थे। इसी दौरान ढेलाबाग के समीप नासरीगंज से लौट रही स्विफ्ट कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसको इलाज के लिए जमुहार मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में ले गए जहां डाक्टरों ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। इस सम्बन्ध में आयरकोठा थानाध्यक्ष शिवम कुमार ने बताया कि मृतक के बॉडी को पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया गया है। इस मामले में परिजनों के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई किया जायेगा।

# 18 से 21 दिसंबर तक होगा मेटमोरफोसिस 3.0 का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** आगामी 18 से 21 दिसंबर तक होने वाले मेटमोरफोसिस 3:0 के सफल आयोजन हेतु विभिन्न कोषांगो का गठन किया गया। बैठक में इसके लिए सभी प्रभारी टीम को जिम्मेवारियों से अवगत कराया गया है। नारायण मेडिकल कॉलेज, सासाराम के प्राचार्य डॉक्टर हीरालाल महतो एवं मेटा 3:0 आयोजन समिति के संयोजक डॉक्टर कुमार अंशुमान ने बताया कि इस आयोजन में आने वाले सभी छात्र-छात्राओं को उनके आवासन, भोजन के साथ ही खेलकूद विभाग, आवागमन विभाग तथा सुरक्षा विभाग समेत लगभग सभी विभागों का वितरण कर दिया गया है। इस आयोजन में देश के विभिन्न विधाओं के कलाकारों का भी आगमन होने वाला है। साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा भी विभिन्न प्रस्तुतियां दी जाएंगी जिसकी सारी तैयारी शुरू कर दी गई है।

# सुनील कुमार ने विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री का प्रभार संभाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग का प्रभार मंत्री के रूप में औपचारिक रूप से संभाला। डॉ. प्रतिमा विभाग की सचिव ने मंत्री का विभाग की ओर से स्वागत किया। मंत्री को विभाग की गतिविधियों से अवगत कराया गया जिसमें विभाग की योजनाओं, पहलों और कार्यप्रणाली का विवरण प्रस्तुत किया गया। इसमें तकनीकी शिक्षा सुधार कौशल विकास कार्यक्रम, क्षमतावर्द्धन तथा बिहार में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने की दिशा में विभाग की भूमिका को रेखांकित किया गया। अपने उद्बोधन में सुनील कुमार ने विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा विभाग निरंतर सार्थक कार्य कर रहा है। आगे हम मिलकर विभाग को अधिक छात्र केंद्रित और सुदृढ़ बनाएंगे। शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर करेंगे तथा विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर सुनिश्चित करेंगे। पाठ्यक्रम को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अनुरूप तैयार किया जाएगा। शिक्षण और अधिगम में समाहित करके हम सुनिश्चित करेंगे कि विद्यार्थी मशीन लर्निंग, डेटा विज्ञान, ऑटोमेशन और बुद्धिमान प्रणालियों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करें। इससे वे नवाचार करन, अनुकूलन करने और तेजी से बदलते तकनीकी परिदृश्य में नेतृत्व करने में सक्षम होंगे। विद्यार्थी उभरती प्रौद्योगिकियों और उद्योग संबंधी कौशल से सुसज्जित होंगे जिससे वे आधुनिक कार्यबल की मांगों को पूरा करने और राष्ट्रीय प्रगति में सार्थक योगदान देने के लिए तैयार रहेंगे साथ ही विद्यार्थियों को राष्ट्रीय महत्वों के संस्थानों के विशेषज्ञों से व्याख्यान प्राप्त करवाये जाएंगे। शैक्षणिक सुधारों के साथ-साथ छात्र कल्याण पर भी समान ध्यान दिया जाएगा। विद्यार्थियों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, छात्रावास एवं मेस में उत्तम गुणवत्ता का भोजन, तथा स्वच्छ और सुव्यवस्थित शौचालयों की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी।

# घर से भाग कर आयी नाबालिग बच्ची को आरपीएफ ने किया चाइल्ड हेल्पलाइन को सुपुर्द

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार दास साथ आरक्षी/शम्मी कुमार दोनों आरपीएफ पोस्ट डिहरी ऑन सोन, गश्त व चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन-सोन प्लेटफार्म संख्या 02 के पश्चिम ऊपरी गामी पुल के नीचे एक नाबालिक लड़की अकेली बैठी हुई सहमी हालत में मिली जिसे स्टेशन पर सफाईकर्मी गुंजा देवी को बुलाकर उक्त नाबालिग लड़की से पूछताछ किया तो अपना काल्पनिक नाम-रबीना कुमारी, उम्र करीब 15 वर्ष, पिता-सुधीर पासवान, निवासी-बेदया , जिला-औरंगाबाद (बिहार) बतायी एवं बतायी कि माता-पिता के डांटने से गुस्सा होकर हम अपने घर से भाग कर डिहरी स्टेशन आई हूं। मामला नाबालिग बच्ची होने के कारण इनके परिजन को सूचित किया गया। साथ ही साथ चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचित करते हुए उक्त नाबालिग लड़की को पोस्ट पर स्टेशन सफाई कर्मी गुंजा देवी



के देखरेख में रखा गया। सूचना पर चाइल्ड हेल्पलाइन सासाराम के सुपरवाइजर कुसुम कुमारी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पर उपस्थित होकर बरामद नाबालिग लड़की का काउंसलिंग किए तो उसके द्वारा उपरोक्त बातें पुनः बतायी। बाद में उक्त बरामद नाबालिग लड़की को सुरक्षित उसके घर पहुंचाने एवं मां-बाप से मिलाने हेतु सुपुर्दगीनामा तैयार कर अग्रिम कार्रवाई वास्ते चाइल्ड हेल्पलाइन सासाराम के सुपरवाइजर कुसुम कुमारी को सही सलामत फोटोग्राफी करते हुए सुपुर्द किया गया।

# नरैना पैक्स चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** थाना क्षेत्र के नरैना पैक्स अध्यक्ष पद का चुनाव सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न कराया गया जिसमें नारायण सिंह यादव ने 23 मतों से विजय घोषित किए गए। काफी अथक प्रयास के बाद नारायण सिंह यादव ने 23 मतों से चुनाव विजय हासिल किये और उनका कहना है कि यह जीत मेरी नहीं है यह जीत जनता की है। जनता की सेवा करने के लिए चुनाव लड़ा था और बराबर जनता का सेवा करते रहेंगे। वहीं जीत के बाद चेनारी बीडीओ प्रियंका कुमारी ने नारायण सिंह यादव को प्रमाण पत्र दिये।

## विद्युत चोरी की प्राथमिकी

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी मुफस्सिल थाना के देवरिया गांव निवासी मिथिलेश राम को विद्युत चोरी करते पकड़ा। पुलिस के अनुसार जे ई शुभेंदु कुमार ने 65800 रुपये जुर्माना की प्राथमिकी दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/25/68, दिनांक: 24.11.2025,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, 17, नेताजी सुभाष रोड, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001, पूर्व रेलवे के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** निम्नानुसार हैं : **(1) 10251118,** ट्रैक्शन मोटर कूलिंग ब्लोअर के लिए मोटर, रु.1,34,360/- **(2) 10251214,** हिटाची ट्रैक्शन मोटर के लिए आर्मेचर शाफ्ट, रु.1,15,760/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 10.12.2025, **समय :** 13.30 बजे, [क्रम सं. 1 और 2 हेतु] **(3) 11251540,** सेकंडरी स्प्रिंग, रु. 1,76,910/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 19.01.2026, **समय :** 13.30 बजे, **(4) 11251598,** एफआरपी डोर विंडो गाइड अरेंजमेंट आदि का क्रय, रु. 1,06,550/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 18.12.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(5) 10252284,** प्राइमरी स्प्रिंग (एंड एएक्सएलई), रु. 1,22,250/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 10.12.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(6) 15255004सी,** ईओटी क्रेन 20 टन, रु.1,20,800/- **निविदा खुलने की तिथि:** 05.01.2026, **समय :** 13.30 बजे, **(7) 10252483,** ट्रांजिशन स्क्रू कपलिंग की संशोधित व्यवस्था, रु. 1,19,910/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 12.12.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(8) 11251595,** ऑग्जिलरी रिजर्वायर 200 लीटर संपूर्ण आदि का क्रय, रु. 1,32,070/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 20.01.2026, **समय :** 13.30 बजे, **(9) 14251026,** स्पेसिफिकेशन नं. आईआरएसः एस 63/2014 (रिव.4) एवं आईएस 1554 पार्ट-1 के अनुसार हाई कंडक्टिविटी सर्कुलर कॉपर कंडक्टर मापः 2 कोर X10 वर्ग मिमी के साथ अंडरग्राउंड, आर्मर्ड, अन्स्क्रींड, रेलवे पावर केबल (स्ट्रैंडेड 7X1.40 मिमी), रु.9,21,980/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 19.12.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(10) 16251154,** अनइंसुलेटेड कैडमियम कॉपर कैटेनरी वायर, रु. 20,00,000/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 15.12.2025,, **समय :** 13.30 बजे, **(11) 22255490ए,** कार्बन फाइबर लैमिनेटेड आउटर एवं इनर फ्लेक्सिबल डबल वॉल सॉकेट, कार्बन फाइबर वाटरप्रूफ हाई एक्टिव (के3) फूट के साथ स्टैंडर्ड एबव नी प्रोस्थेसिस, टीईएस बेल्ट, सिलिकॉन जेल लाइनर, सॉकेट लॉक, एबव नी फोम एवं फिनिशिंग के लिए कॉस्मेटिक स्टॉकिंग के साथ पॉलीसेंट्रिक न्यूमेटिक सिलेंडर नी जॉइंट। आइटम की आपूर्ति करने वाली फर्म के पास प्रॉपर कोलकाता में अपना खुद का गेट ट्रेनिंग सेंटर अनिवार्य रूप से रहना चाहिए, रु.1,93,200/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 22.12.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(12) 20251067,** मॉडिफाइड एवं फ्रंट एवं बैक कवर सेट आदि का क्रय, रु.1,34,980/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 15.12.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(13) 11251520,** बाइट टाइप फिटिंग्स का सेट, रु.1,80,400/-**निविदा खुलने की तिथि:** 20.01.2026, **समय :** 13.30 बजे, **(14) 04255016,** आरडीएसओ एसके नं. सीआर-835 के अनुसार सॉलिड व्हील डी 920, रु. 4,73,130/-. **(15) 11251326,** ब्लाइंड सॉकेट असेंबली., रु. 9,00,340/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 15.12.2025, **समय :** 13.30 बजे, [क्रम सं. 14 और 15 हेतु] **(16) 16251013ए,** शॉर्ट न्यूट्रल सेक्शन असेंबली, रु. 10,04,650/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 16.12.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(17) 10255044,** रोलर बेयरिंग के बिना संपूर्ण एक्सल बॉक्स का सेट, रु. 1,45,850/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 19.12.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(18) 05251019,** पेंट ब्लैक जापान टाइप-ए आदि का क्रय, रु. 1,35,580/-. **(19) 05251276,** सामान्य उद्देश्य के लिए पेंट रेडी मिक्स्ड एल्यूमिनियम का क्रय , रु. 1,43,280/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 05.01.2026, **समय :** 13.30 बजे, [क्रम सं. 18 और 19 हेतु] **(20) 10255043,** बुल गियर 107 टीथ , रु. 1,64,560/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 16.12.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(21) 22255682,** इंज. रैनिबिजुमैब 1.65 एमजी/0.165 एमएल पीएफएस, रु.0/- , **निविदा खुलने की तिथि:** 02.12.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(22) 22255522,** इंज ह्यूमन कोऑगुलेशन फैक्टर VII ए 2 एमजी (100 केआईयू) (उत्पाद रेलवे बोर्ड की विनिर्माणकारी फर्मों की अनुमोदित उत्पाद सूची में उपलब्ध होनी चाहिए।), रु. 0/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 11.12.2025, **समय :** 13.30 बजे,**निविदा मूल्य:** रु. 0 [क्रम सं. 1 से 22 हेतु]।

**टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई-निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https:// www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें। STORES-52/2025-26

**निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है**

**हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

# पुनौरा धाम में विवाह पंचमी का आयोजन

**मुख्य यजमान बने बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सीतामढ़ी/पटना।** मां जानकी की पवित्र जन्मस्थली पुनौरा धाम विवाह पंचमी पर एक बार फिर दिव्य उत्सव की साक्षी बनी जहां हजारों श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम और माता जनकनंदिनी सीता के विवाह प्रसंग को जीवंत होते देखा। मिथिला की संस्कृति और अध्यात्म से जुड़े इस ऐतिहासिक पर्व के अवसर पर मंगलवार को आयोजित मुख्य पूजा में बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन और उनकी पत्नी नम्रता नंदन मुख्य यजमान बने। विवाह पंचमी मिथिला क्षेत्र की आस्था, परंपरा और संस्कृति का अनूठा प्रतीक मानी जाती है जिसे हर वर्ष अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। मंदिर परिसर को फूलों, रंगोली और पारंपरिक नौतिक सजावट से स्वर्ग जैसे स्वरूप में पूरी तरह सजा दिया गया। मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि, जिसे श्रीराम और माता सीता का विवाह दिवस माना जाता है। इस वर्ष विशेष रूप से भक्ति, लोक आस्था और भावनाओं के उत्साह से भरपूर रही। नेपाल और प्रदेश भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पुनौरा धाम पहुंचे जिसके कारण पूरा जनकपुर क्षेत्र धार्मिक ऊर्जा से स्पंदित नजर आया। प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि पुनौरा धाम में इस दिव्य आयोजन ने साबित कर दिया कि मिथिला की सांस्कृतिक पहचान आज भी उतनी ही जीवंत और प्रभावशाली है जितनी सदियों पहले थी। विवाह पंचमी न केवल धार्मिक उत्सव है बल्कि वह परंपराओं और आस्था की वह लौ है जो पीढ़ियों को जोड़ती है। उन्होंने कहा कि विवाह पंचमी केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय वैवाहिक संस्कार और आदर्श दांपत्य जीवन का संदेश है। उनके मुताबिक विवाह पंचमी पर व्रत और पूजा करने वाली अविवाहित कन्याओं को योग्य जीवनसाथी प्राप्त होने की मान्यता है, वहीं विवाहित महिलाओं के वैवाहिक जीवन में सुख और समृद्धि का वास होता है। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उपवास रखकर मां जानकी की पूजा-अर्चना की। विवाह पंचमी को लेकर पूरे मिथिला में उत्सव जैसा माहौल है। श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम और जय जानकी के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वहीं मंदिर प्रशासन के अनुसार मंगलवार को जानकी मंदिर के महंत कौशल किशोर दास की अगुआई में हजारों श्रद्धालु भक्तों द्वारा भगवान राम की बारात शोभा यात्रा के रूप में निकाली गई। इस दौरान पारंपरिक वाद्ययंत्रों, निशान ध्वजों और सांस्कृतिक झांकी के साथ भक्तों का जुलूस मंदिर परिसर और सीता जन्म कुंड का परिक्रमा करते हुए भ्रमण जिसमें प्रिय रघुबर और प्रिय सिया किशोरी के विग्रह को गर्भ गृह से निकालकर आम जनों के बीच दर्शन हेतु लाया गया। उसी विग्रहों का लौकिक विधान से मिथिला परंपरा के साथ परिछावन, महाआरती, वैवाहिक पूजन संपन्न कर विवाह पंचमी कार्यक्रम का संपन्न हुआ।

# मंत्री ने किया योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मंत्री लखेंद्र कुमार रौशन ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग में कार्यभार ग्रहण किया। तदोपरांत विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की जिसके अंतर्गत योजनाओं के क्रियान्वयन, प्रगतिशील कार्यों, बजट प्रबंधन तथा लाभार्थियों तक पहुंच की स्थिति पर व्यापक चर्चा की गई। मंत्री ने योजनाओं को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी तथा लोकहितकारी बनाने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए। समीक्षा के क्रम में अवगत कराया गया कि वर्ष 2007 में राज्य सरकार द्वारा पूर्ववर्ती कल्याण विभाग का पुनर्गठन कर इस विभाग का गठन किया गया है जिसका उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति के आर्थिक, शैक्षिक व सामाजिक उत्थान के लिए योजनाओं का संचालन है। जनगणना 2011 तथा जाति आधारित गणना 2022-23 के अनुसार राज्य में अनुसूचित जाति की जनसंख्या क्रमशः 165.67 लाख से बढ़कर 256.89 लाख तथा अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या 13.36 लाख से बढ़कर 21.99 लाख हो गई है जिसके अनुरुप विभागीय योजनाओं का दायरा भी लगातार बढ़ाया जा रहा है। विभागीय प्रस्तुतीकरण के दौरान बताया गया कि वर्ष 2025-26 में विभाग का कुल बजट -2,50,501.40 लाख है। समीक्षा में राज्य योजना के विभिन्न विभागों शिक्षा विभाग, भवन निर्माण विभाग तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग को प्राप्त स्वीकृति एवं व्यय की प्रगति प्रस्तुत की गई। समीक्षा के क्रम में मंत्री के द्वारा निदेश दिया गया कि उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत् अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओं को वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु नई योजना का सूत्रण किया जाय। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत दर्ज मामलों में निर्धारित अवधि में आरोप पत्र समर्पित किया जाना सुनिश्चित किया जाय। शेष 12 प्रखण्डों में आवासीय विद्यालय की स्वीकृति, उपलब्ध भूमि पर पुराने भवनों को तोड़कर वर्टिकल एलिवेशन में विद्यालय का निर्माण कराने जाने की स्वीकृति हेतु कार्रवाई की जाय।

# लोक शिकायत निवारण को लेकर बैठक





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई की। आज द्वितीय अपील के तहत एक परिवादी ( नवादा सदर प्रखंड के निवासी अरविंद कुमार शर्मा ) उपस्थित हुए, जिनके प्रश्नगत मामलों की विधिवत रूप से सुनवाई की गई एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित पदाधिकारी के पास जांच हेतु भेजा गया। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम, 2015 के तहत किसी भी मामले की दो माह के अंदर सुनवाई कर निवारण कर दिया जाता है। प्रखंडों/पंचायतों से संबंधित विवाद/समस्या के लिए अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर/रजौली में किसी भी व्यक्ति के द्वारा अपील किया जा सकता है। जबकि जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण हेतु जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर स्थित लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है। विवादों की सुनवाई और निवारण दोनों पक्षों को बुलाकर की जाती है। इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। शिकायत दर्ज करने एवं निवारण की निःशुल्क व्यवस्था कार्यालय में की गई है। आदेश से असंतुष्ट होने पर निःशुल्क कहीं भी अपील दायर की जा सकती है। शिकायत का निवारण अब और आसान हो गया है — अब ऑनलाइन भी शिकायत/अपील की जा सकती है।

आप भी बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज कराएं और निश्चित समाधान पाएं। इस अवसर पर अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी डॉ. राजकुमार सिन्हा, संबंधित अंचलाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

## मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** 25 नवंबर 2025 को समाहरणालय सभाकक्ष, नवादा में अर्हता तिथि 1 नवंबर 2025 के आधार पर पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक सूची के प्रारूप प्रकाशन के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने की। बैठक में उपस्थित उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि निर्वाचक सूची का प्रारूप आज प्रकाशित कर दिया गया है तथा दावा/आपत्ति दाखिल करने की अवधि 25 नवंबर 2025 से 10 दिसंबर 2025 तक निर्धारित की गई है। दावे/आपत्तियों के निष्पादन एवं पूरक सूची के मुद्रण की अंतिम तिथि 25 दिसंबर 2025 तथा अंतिम निर्वाचक सूची प्रकाशन की तिथि 30 दिसंबर 2025 तय की गई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रारूप प्रकाशन के उपरांत 25 नवंबर से 10 दिसंबर के मध्य प्रत्येक कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पत्रों का स्वीकार किया जाएगा। बैठक में यह जानकारी दी गई कि नवादा जिले में पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र हेतु कुल 17 मतदान केंद्र तथा पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र हेतु कुल 14 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। मतदाताओं की अद्यतन संख्या के अनुसार पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में महिला मतदाताओं की संख्या 5,359, पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,387 एवं कुल मतदाता 6,756 हैं, जबकि पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में महिला मतदाताओं की संख्या 972, पुरुष मतदाताओं की संख्या 247 एवं कुल मतदाता 1,219 हैं। बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सरदार@150 यूनिटी मार्च को सांसद ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय,भारत सरकार के तत्वाधान में मेरा युवा भारत विभाग द्वारा ज़िला प्रशासन व एन.एस.एस के सहयोग से सरदार@150 यूनिटी मार्च के अंतर्गत ज़िला स्तरीय विकसित भारत पदयात्रा जवाहर नवोदय विद्यालय राजगीर के प्रांगण से शुभारम्भ किया गया। जिसे मुख्य अतिथि सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपनिदेशक मेरा युवा भारत दीक्षा मिश्रा द्वारा की गयी। मंच का संचालन लेक्चरर सुशील एवं अजित द्वारा किया गया। सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने कहा कि लोहपुरुष कहे जाने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल ने आजादी के बाद 560 से ज्यादा रियासतों को एकजुट करके भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाया है। जिसके अंतर्गत यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जो की लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है। जिस तरह सरदार वल्लभ भाई पटेल ने बिखरे हुए भारत को एक भारत बनाया , उसी एकता की भावना को यह पदयात्रा आगे बढ़ाएगी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उपनिदेशक दीक्षा मिश्रा ने बताया कि मंत्रालय द्वारा 6 अक्टूबर 2025 को Sardar@150 Unity March की शुरुआत की गयी है। जिसका केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा MY Bharat पोर्टल पर डिजिटल माध्यम से शुभारम्भ किया गया है । उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम देश के सभी जिलों में आयोजित किया जा रहा है।

जिसका उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य की भावना को जागृत करना है। पदयात्रा जवाहर नवोदय विद्यालय से शुरू होकर बाज़ार समिति के रास्ते से होते हुए गुजरी। इस अवसर पर ज़िला खेल अधिकारी शालिनी प्रसाद, प्राचार्य विनीत शुक्ला, एन.एस.एस. ऑफिसर डॉ कामना, प्रतिक, सुमित, सुमंत आदि लोग मौजूद रहे।

# नालंदा कॉलेज में संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** संविधान बनने के 75 वर्ष पूर्ण होने पर नालंदा कॉलेज में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया है। मंगलवार को पहले दिन छात्रों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। दूसरे दिन बुधवार को जनहित और लोकतंत्र को मजबूत करने में मीडिया की भूमिका विषय पर सेमिनार आयोजित की गयी है जिसमें वक्ता के रूप में बिहार लोक सेवा आयोग के सदस्य प्रो. अरुण कुमार भगत एवं नालंदा विश्वविद्यालय के डिप्टी डीन डॉ राजीव रंजन चतुर्वेदी शामिल होंगे। प्राचार्या प्रो सुनीता सिन्हा ने प्रतिभागी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए सर्वोपरी है इसके लिए हम छात्रों के जीवन में संवैधानिक मूल्यों को विभिन्न माध्यमों से मजबूत करने का प्रयास करते हैं। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ बिनीत लाल ने कहा कि भारत का संविधान एक डायनामिक मसौदा है जो समय, काल, परिस्थितियों के अनुसार अपने आपको प्रासंगिक बनाए हुए है इसलिए जरुरी है आज के युवा इस तरह की चर्चा परिचर्चा करें। राजनीति विज्ञान के अध्यक्ष डॉ श्रवण कुमार ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हम लोकतांत्रिक अधिकार एवं स्वतंत्रता को इंजॉय कर रहे हैं तो निश्चित रूप से संविधान निर्माताओं को शुक्रिया अदा करना चाहिए। कार्यक्रम का समन्वय भूगोल विभाग कि डॉ प्रीति रानी ने किया तो वहीं ज्यूरी सदस्य के रूप में भूगोल विभाग की डॉ भावना, उर्दू विभाग के डॉ शाहिदूर रहमान एवं हिन्दी विभाग की डॉ चम्पा एवं डॉ मो. अली मौजूद रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रजिया फरहत, द्वितीय स्थान पर भक्ति प्रिया एवं अनुराधा जबकि तृतीय स्थान पर रौशनी कुमारी रही जिन्होंने 'संविधान का उद्देश्य विकसित भारत के साथ होगा साकार' विषय पर भाषण दिया जबकी पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान पर रिया प्रियांशु रही।

# आरओबी निर्माण हेतु भूमि अर्जन पर 28 नवंबर को लोक सुनवाई




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** वारसलीगंज–नवादा रेलवे खंड के मध्य लेवल क्रॉसिंग संख्या 33/81 (रेलवे किमी 70/06–07) के स्थान पर पहुंच पथ सहित रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण कार्य हेतु भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम-2013 के प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में मौजा मिर्जापुर, थाना संख्या 360 के प्लॉट संख्याओं 78, 73, 64, 63, 61, 60, 59, 58, 967, 52, 53, 51, 50, 45, 44, 43, 42, 35, 81, 82, 940, 941, 942, 943, 944, 85, 86, 945, 87, 120, 119, 118, 117, 116, 968, 446, 447, 448, 450 का सामाजिक प्रभाव आकलन एल.एन. मिश्रा आर्थिक अध्ययन एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान, पटना द्वारा किया गया है, जिसकी ड्राफ्ट रिपोर्ट संस्थान के निदेशक द्वारा ई-मेल के माध्यम से जिला प्रशासन को प्राप्त हुई है। इस रिपोर्ट पर संबंधित पक्षों से सुझाव, आपत्तियां एवं विचार आमंत्रित करने के लिए पूर्व निर्धारित तिथि 16.10.2025 को आयोजित होने वाली लोक सुनवाई अपरिहार्य कारणों से आयोजित नहीं हो सकी थी। अब पुनः अधिनियम-2013 की धारा-5 एवं नियम-11 के तहत दिनांक 28.11.2025 को अग्निशमन कार्यालय परिसर, नवादा में लोक सुनवाई आयोजित की जा रही है। लोक सुनवाई के दौरान एसआइए रिपोर्ट के प्रमुख निष्कर्ष प्रस्तुत किए जाएंगे तथा प्रभावित रैयतों, स्थानीय प्रतिनिधियों एवं संबंधित हितधारकों से प्राप्त सुझावों और आपत्तियों को अभिलेख में दर्ज किया जाएगा। एसआइए अध्ययन दल के सदस्य लोक सुनवाई में उपस्थित रहकर रिपोर्ट की विस्तृत जानकारी देंगे। साथ ही अंचलाधिकारी नवादा, राजस्व कर्मचारी, अधियाची विभाग के प्रतिनिधि, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी एवं प्रशासक, नवादा भी लोक सुनवाई में उपस्थित रहेंगे तथा प्रभावित पक्षकारों द्वारा उठाए गए बिंदुओं का निराकरण करेंगे। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं स्वैच्छिक संगठनों को भी लोक सुनवाई के लिए आमंत्रित किया जाता है।

# 'मिशन परिवार विकास' को गति, तीन दिन मिलेगी नसबंदी सेवा

## सीडीपीओ सीता कुजूर की अध्यक्षता में हुई अंतरविभागीय बैठक,12 दिसंबर तक चलेगा पुरुष नसबंदी पखवाड़ा




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रजौली में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण अंतरविभागीय बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक 21 नवंबर से 12 दिसंबर तक चलने वाले मिशन परिवार विकास अंतर्गत पुरुष नसबंदी पखवाड़ा को सफल बनाने और समुदाय में जागरूकता लाने के उद्देश्य से बुलाई गई थी। बैठक में उपस्थित अनुमंडलीय अस्पताल रजौली के डॉ. दिलीप कुमार ने बताया कि परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए सप्ताह में तीन दिन शुक्रवार, शनिवार और मंगलवार को उनकी उपस्थिति सुनिश्चित रहेगी। इन निर्धारित दिवसों पर महिला बंध्याकरण के साथ-साथ पुरुष नसबंदी की सेवा भी प्रदान की जाएगी। सीनियर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सौरभ कुमार निराला और प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक शांता स्वामी ने उपस्थित सभी कर्मियों से समुदाय स्तर तक सुरक्षित और कारगर परिवार नियोजन के साधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा लोगों को इन साधनों के उपयोग के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर 'पोपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया' की प्रतिनिधि शीला कुमारी ने तकनीकी पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया और बताया कि कैसे प्रत्येक महिला एवं पुरुष अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए जनसंख्या स्थिरीकरण में सहयोग दे सकते हैं। बैठक में सीडीपीओ सीता कुंजूर एवं सभी महिला पर्यवेक्षिकाएं,जीविका बीपीएम मनीष कुमार, सीसी पूजा कुमारी, बीसीएम विश्वजीत देवगन, पीएचसी के सभी एमओ के अलावे परिवार नियोजन कार्यकर्ता राकेश कुमार शशिकांत, अवधेश कुमार तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की सक्रिय सहभागिता रही। इस दौरान सभी विभागों को समन्वय स्थापित कर मिशन परिवार विकास के लक्ष्यों को पूरा करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

# विभिन्न मामलों में पांच लोग गिरफ्तार

**रजौली/नबिटा सं।** थाना क्षेत्र के कैरिखाप, कुमहरुआ एवं छतनी गांव से पुलिस बलों ने पॉक्सो एवं एसएसी-एसटी एक्ट, हत्या के प्रयास,शराब तस्करी और वारंट के पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी थानाध्यक्ष सह ऐप थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि बीते वर्ष 2024 के 8 अप्रैल को कैरिखाप गांव के एक आवेदक द्वारा पॉक्सो एवं एसएसी-एसटी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद पुलिस अनुसंधान में जुटी हुई थी एवं अभियुक्त के विरुद्ध गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी थी। इसी बीच बीते रात्रि सोमवार को गुप्त सूचना के आलोक में एसआई संगीता कुमारी ने फरार अभियुक्त कैरिखाप गांव निवासी संजय यादव के पुत्र मंटू यादव को गिरफ्तार किया गया है। वहीं कुमहरुआ गांव में कार्तिक छठ पूजा के अवसर पर दो पक्षों में हुई मारपीट को लेकर दर्ज कराई गई प्राथमिकी के आलोक में दोनों पक्षों के एक-एक अभियुक्त को एएसआई संजय यादव ने पुलिस बलों के सहयोग से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में कुमहरुआ गांव निवासी नगीना पासवान के पुत्र प्रेमन पासवान एवं मितवा यादव के पुत्र राहुल कुमार के रूप में हुई है। वहीं शराब तस्करी में फरार चल रहे अभियुक्त छतनी गांव निवासी भागीरथ यादव के पुत्र विकास कुमार को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आलोक में छतनी गांव निवासी बैजनाथ यादव के पुत्र भागीरथ यादव को भी गिरफ्तार किया गया है प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार सभी पांच अभियुक्तों का अस्पताल में स्वास्थ्य जांच करवाकर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# नगर निगम ने अतिक्रमणकारियों पर चलाया बुलडोजर और वसूला जुर्माना



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ नगर निगम द्वारा हॉस्पिटल मोड़ से भराव पर तक अतिक्रमण अभियान चलाया गया। अभियान के पूर्व संबंधित क्षेत्र मे माइकिंग कराया गया था। अतिक्रमण अभियान में अतिक्रमण कर्ता के द्वारा अनाधिकृत रूप से बनाए गए पहुंची अष्टि लगभग 25 को सफाई उपकरणों के माध्यम से हटाया गया। साथ ही अतिक्रमणकर्ताओं से कुल 17250/- रूपया का दंड शुल्क का वसूली किया गया। अतिक्रमण अभियान मे शम्स रजा उप नगर आयुक्त, नगर प्रबंधक, सहायक लोक अपशिष्ट स्वच्छता पदाधिकारी, पुलिस बल एवम सफाई शाखा की टीम उपस्थित थे। अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम का अतिक्रमण अभियान लगातार जारी रहेगा।

# छापेमारी में 499 बोतल शराब जब्त



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** मधनिषेध विभाग की टीम ने राजगीर थाना क्षेत्र के बकसू गांव स्थित बांसवारी जंगल में छापामारी कर छुपा कर रखे गए भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। बरामद की गई शराब कुल 449 बोतल बताया जा रहा है। उक्त जानकारी उत्पादक अधीक्षक नालंदा ने दी। उन्होंने बताया कि विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि राजगीर थाना क्षेत्र के बकसू गांव स्थित बांसवारी जंगल में अवैध विदेशी शराब कारोबारी छुपा कर रखा है। जिसके बाद सत्यापन हेतु एसआई निधि के नेतृत्व में एक छापामारी टीम गठित किया गया। गठित टीम में एएसआई अश्वनी कुमार पासवान, अमरेश कुमार शामिल थे। छापामारी दल द्वारा जंगल में विधिवत तलाशी ली गई । तलाशी के दौरान छुपा कर रखी गई कुल 499 बोतल विदेशी शराब बराबर किया गया। जिसमें 375 एमएल के 278 बोतल एवं 750 एमएल के 221 बोतल शामिल है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि बरामद की गई विदेशी शराब को विधि अनुसार जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है ।उन्होंने बताया कि अवैध विदेशी शराब कारोबार से जुड़े मुख्य धंधेबाज का अभी तक पता नहीं चल सका है। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बाबा धर्मदास मंदिर निर्माण को लेकर बनी रणनीति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखंडमुख्यालय स्थित डाकबंगला परिसर में मंगलवार को नंदवंशी चेतना मंच की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जितेन्द्र कुमार शर्मा ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 4 दिसंबर को बाजपुर गांव में बाबा धर्मदास मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन किया जाएगा। मंदिर निर्माण को ले रणनीति बनाई गई। सभी नंदवंशी चेतना मंच के समाज के लोगों को बढ़ चढ़कर भाग लेने को आमंत्रित किया गया है। कहा गया कि भूमि पूजन के दिन सभी पंचायत से समाज के लोगों को बुलाया जाना है। इस अवसर पर सुनील शर्मा, कृष्ण शर्मा, चंदन कुमार शर्मा, रोशन कुमार, अर्जुन शर्मा, गणेश शर्मा, गौरी ठाकुर, उकौडा ग्राम कचहरी के सरपंच देवनंदन शर्मा, नंदवंशी चेतना मंच के उपाध्यक्ष अर्जुन ठाकुर, सुधीर शर्मा, पंकज कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# महिलाओं के लिए विशेष पिंक बस सेवा शुरू




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा में पिंक बस सेवा महिलाओं के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का एक महत्वपूर्ण पहलू है। नवादा में यह बस सेवा शुरू होने से महिला में खुशी देखी जा रही है, साथ हीं राहत की सांस लिया है। बहरहाल यह सेवा नवादा से रजौली के लिए शुरू किया गया है। बता दें कि नवादा में महिलाओं के लिए पिंक बस सेवा शुरू की गई है, जिससे उन्हें सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का अनुभव हो रहा है। इस सेवा के तहत, महिलाओं को 22 आरामदायक सीटों वाली बसें उपलब्ध कराई गई हैं, जिनमें सीसीटीवी कैमरे, पैनिक बटन, जीपीएस ट्रैकर और चार्जिंग पॉइंट जैसी सुविधाएं हैं। डीटीओ नवीन कुमार पाण्डेय ने कहा पिंक बस सेवा का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित और सुलभ परिवहन प्रदान करना है, जिससे वे अपने दैनिक कार्यों को आसानी से पूरा कर सकें। इस सेवा के तहत, महिलाओं को 6 रुपये से लेकर 25 रुपये तक का किराया देना होता है, जो बहुत ही किफायती है।

पिंक बस सेवा का शुभारंभ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया था, और अब यह सेवा नवादा समेत पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, दरभंगा और पूर्णिया जैसे शहरों में उपलब्ध है। इस सेवा के तहत, महिलाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान किए जा रहे हैं, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।

# विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण मंगलवार को बीइओ दीपक सक्सेना ने किया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक विद्यालय जोराबर बिगहा और उत्क्रमित मध्य विद्यालय ननौरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत बीइओ ने बताया मंगलवार को तीन बजे अपराह्न में प्राथमिक विद्यालय जोराबर बिगहा पहुंचे। यह विद्यालय बंद पाया गया। सभी शिक्षकों से स्पष्टीकरण की मांग करते हुए वेतन बंद किया गया है। वही तीन बजकर 25 मिनट अपराह्न में उत्क्रमित मध्य विद्यालय ननौरा पहुंचे। जहां विद्यालय में बच्चों की संख्या नगण्य पाई गई। वही इस विद्यालय में तीन शिक्षक अनुपस्थित मिले। अनुपस्थित शिक्षकों में कौशल किशोर,कुमारी सरोज के अलावा नौशाद रिजवी शामिल हैं। इन सभी शिक्षकों से स्पष्टीकरण की मांग करते हुए वेतन बंद किया गया है। उन्होंने कहा शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्तापूर्ण सुधार के साथ समयानुसार विद्यालय का संचालन के लिए कार्रवाई की गई है।

# शिक्षा सेविका तालीमी मरकज के असमायिक निधन से शोक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ।** हिसुआ बीते दिनों नगर परिषद हिसुआ स्थित खनखनापुर निवासी शिक्षा सेविका आयशा प्रवीण की निधन 21 नवम्बर को तकरिबन 10 बजे दिन में हो गया। मौत की खबर सुनकर हिसुआ प्रखंड के सभी शिक्षा सेवक तालीमी मरकज के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। निधन की खबर सुनते हीं शिक्षा सेवक संघ के जिला सचिव मो0 कलाम, मो0 क्यूम, भुइयां मुसहर संघ के के प्रदेश सचिव मुकेश मांझी, संतोष मांझी सकलदेव मांझी,अनीता कुमारी,अगंधा कुमारी, सहित शिक्षा सेवक तालीमी मरकज के लोगों ने मृतक आयशा प्रवीण के परिवार लोगों से मुलाकात कर सांत्वना दिए। 25-11-2025 को मध्य विद्यालय हिसुआ में बैठक कर मृतक की आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में मो0 शमीम आलम, गुलहेना, शमद प्रवेज, मेहनाज प्रवीण अनीता रानी,बबीता चौधरी, राजेन्द्र मांझी, जगेश्वर मांझी, कृष्ण मांझी, गनौरी राम, शमसुनीशा सहित सभी शिक्षा सेवक तालीमी मरकज के लोगों शामिल थे।

# शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मियों ने किया खुशी का इजहार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** कृषक महाविद्यालय धेवधा पकरीबरावां में मंगलवार को शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने शिक्षक- शिक्षकेत्तर कर्मियों पर किए गए मुकदमा को वापस लेने पर खुशी का इजहार किया है। बिहार राज्य सम्बद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक - शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र सिंह ने कहा कि कुलपति द्वारा 15 शिक्षक - शिक्षकेत्तर कर्मचारियों पर किये गए मुकदमा को वापस ले लिया गया है। उन्हीने कहा कि इसमें महासंघ की नैतिक जीत हुई है। कृषक महाविद्यालय धेवधा के शिक्षक - शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जब तक स्नातक स्तरीय कॉपी मूल्यांकन का पूरा पारिश्रमिक टीए आदि का भुगतान नहीं होता है महासंघ का निर्णायक संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर वरीय शिक्षक प्रो. शशिभूषण प्रसाद, डॉ. अरुण कुमार वर्मा, प्रो. ओमप्रकाश सिंह, प्रो. अनिल कुमार, प्रो. सुनील कुमार, डॉ. चंद्रकांत झा, प्रो. विजय कुमार, प्रो. गोपाल शरण गुंजन, प्रो. गिरीश कुमार, डॉ. बिनोद कुमार गुप्ता, प्रो. अर्चना अंचल , सुखदेव सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# 22वें दीक्षान्त समारोह का आयोजन, कुलाधिपति ने दिए उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मान

## प्रो. शशि प्रताप शाही एवं कुलसचिव डॉ बिनोद कुमार मंगलम ने विश्वविद्यालय प्रांगण में कुलाधिपति एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** लगभग एक दशक के उपरांत मगध विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति एवं राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान द्वारा की गयी एवं समारोह के विशिष्ट अतिथि उपसभापति, राज्यसभा श्री हरिवंश रहे। इस अवसर पर कुलपति मगध विश्वविद्यालय प्रो. शशि प्रताप शाही एवं कुलसचिव डॉ बिनोद कुमार मंगलम ने विश्वविद्यालय प्रांगण में कुलाधिपति एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया। राज्यपाल सह कुलाधिपति के लिए गार्ड ऑफ हॉनर प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात उनके द्वारा सत्येंद्र नारायण सिंहा कृत्रिम बुद्धिमत्ता केंद्र का शिलान्यास किया गया। इसके उपरांत दीक्षांत कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत राज्यपाल सह कुलाधिपति की सेरेमोनियल गाउनिंग एवं अकादमिक शोभा यात्रा द्वारा की गई। राष्ट्रगान के उपरांत कुलसचिव ने राज्यपाल सह कुलाधिपति से दीक्षांत समारोह की अनुमति प्राप्त की एवं गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर समारोह की शुरुआत की। विशिष्ट अतिथि उपसभापति राज्यसभा श्री हरिवंश जी ने अपने दीक्षांत भाषण में लगभग एक दशक के उपरांत दीक्षांत समारोह के आयोजन के लिए मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शाही की एवं विश्विद्यालय के अधिकारी गणों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि डिग्री महज कागज का टुकड़ा नहीं बल्कि छात्रों के त्याग, मेहनत एवं उनके परिवार के योगदान का प्रतिफल है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के महत्व को प्रकाशित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत चतुर्थ औद्योगिक क्रांति में प्रवेश कर चुका है इस स्थिति में कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल एक चुनौती नहीं बल्कि एक अवसर है। भविष्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता 1.7 ट्रिलियन का योगदान देगी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में 10 मिलियन रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। मगध विश्वविद्यालय में जिस कृत्रिम बुद्धिमत्ता केंद्र का शिलान्यास किया गया है वह आने वाले समय में बिहार में नई रौशनी का केंद्र बनेगा। नवयुवकों को देश का डेमोग्राफिक डिविडेंड बताते हुए उन्होंने उनसे अपील की कि वे जॉब सीकर नहीं बल्कि जॉब क्रिएटर बने। दीक्षांत समारोह में विभिन्न संकायों एवं विषयों के 34 छात्र छात्राओं को गोल्ड मेडल प्रदान किए गए एवं 248 विद्यार्थियों को पी एच डी की उपाधि से सम्मानित किया गया। साथ ही इस अवसर पर मगध विश्वविद्यालय द्वारा अवधेश नारायण सिंह, सभापति, बिहार विधान सभा एवं रॉबर्ट चोंग्थियू, सचिव को डी.लिट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय द्वारा डॉ आशिक चौधरी को डी लिट एवं प्रो अखिलेश कुमार को डी एस सी की डिग्री प्रदान की गई।विद्यार्थियों को कुलपति मगध विश्वविद्यालय प्रोफ़ेसर शाही द्वारा अपनी शिक्षा का उपयोग देश एवं समाज के कल्याण हेतु करने की शपथ दिलाईं गई। राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खान ने अपने अध्यक्षीय भाषण में विद्यार्थियों एवं उनके माता पिता एवं अभिभावकों को बधाई दी। गुरुजनों को भी उन्होंने साधुवाद दिया। उन्होंने छात्रों पर भारतीय संस्कृति को बनाए रखने और उसे आगे बढ़ाने को प्रेरित किया और उनसे यह उम्मीद की कि वे अपनी शिक्षा एवं पतिभा का प्रयोग व्यावहारिक जीवन में भी करेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को पूरा करने में अपना योगदान देंगे। एकात्मकता के भारतीय दर्शन की ओर उन्होंने विद्यार्थियों का ध्यान आकर्षित किया और उनसे मानवीय संवेदना को बढ़ाने की अपील की।

### मगध विश्वविद्यालय शिक्षकेतर कर्मी संघ अध्यक्ष ने कुलाधिपति एवं उपसभापति का किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में आयोजित 22वें दीक्षांत समारोह के सुअवसर पर शिक्षकेतर कर्मी संघ के अध्यक्ष सुबोध कुमार एवं महासचिव दीपक कुमार ने राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खान तथा उपसभापति, राज्यसभा श्री हरिवंश का पुष्पगुच्छ प्रदान कर हार्दिक स्वागत एवं सम्मान किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष सुबोध कुमार ने कहा कि कुलाधिपति एवं उपसभापति की गरिमामयी उपस्थिति विश्वविद्यालय परिवार के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा की उन्नति, शैक्षणिक वातावरण के सुदृढ़ीकरण तथा विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ाने में शिक्षकेतर कर्मियों की भी महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। ऐसे अवसर सभी कर्मियों में उत्साह व नई ऊर्जा का संचार करते हैं। अध्यक्ष ने आशा व्यक्त की कि विश्वविद्यालय प्रशासन एवं कुलाधिपति सचिवालय के सहयोग से भविष्य में भी शैक्षणिक एवं प्रशासनिक सुधारों को बढ़ावा मिलेगा तथा दीक्षांत समारोह जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम विश्वविद्यालय की गौरवपूर्ण परंपरा को और मजबूत करेंगे।

# धर्म ध्वज के लिए आभार और शुभकामनाएं : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार भाजपा के वरीय नेता व पूर्व मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि यह धर्म ध्वज एक संदेश है कि सनातन सभी का सम्मान करता है। यह देश राम-कृष्ण के संदेश वालों का है। बाबर, बाबरी वालों का नहीं। धर्म ध्वज आकाश में लहरा कर मानो यह कह रहा है-अतिथि देवो भवः, वसुदेव कुटुंबकम, सर्वे भवंतु सुखीनाः सर्वे संतु निरामया, धर्म रक्षति रक्षितः, सत्यमेव जयते, नारी जस्य पूज्यंते रमंते तस्य देवता, नर ही नारायण और हर नारी में देवी का रूप है। यह संदेश पूरे दुनिया को धर्म ध्वज दे रहा है। भगवान श्री राम के मंदिर के साथ-साथ सप्त मंदिर शब्द महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त, महर्षि वाल्मीकि, देवी अहिल्या, केवट निषाद राज गुह और माता शबरी का मंदिर भी राम जन्मभूमि अयोध्या की शोभा बढ़ा रहा। देश के यशस्वी, कर्मयोगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ प्रमुख मोहन भागवत की उपस्थिति में धर्मध्वज का लहराना प्राचीन भारत की गौरव और संस्कृति को पुनर्जीवित कर गया। देश के प्रधानमंत्री को, स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत को, देश के सभी साधु-संत समाज को और देश-विदेश में बसे करोड़ भारतीयों को मेरा हार्दिक अभिनंदन स्वागत एवं आभार है।

# शेरघाटी में आयुष्मान भारत योजना पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शहर के प्रतिष्ठित डॉ. एस. समदर्शी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में मंगलवार को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक सलभ समदर्शी, डॉ. शिवांगी, डॉ. राहुल, डॉ. मुजफर इकबाल ने संयुक्त रूप से प्रेस कांफ्रेंस कर इसकी जानकारी दिया है। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टरों ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा चलाया जा रहा यह स्वास्थ्य बीमा योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों के लिए बेहद लाभदायक है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के मरीज बिना किसी आर्थिक बोझ के गंभीर बीमारियों का इलाज करा सकते हैं। इस योजना में पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार उपलब्ध है जिसका लाभ जरूरतमंद परिवार आसानी से उठा सकते हैं। डॉक्टरों ने उपस्थित लोगों को योजना का लाभ उठाने की प्रक्रिया, गोल्ड कार्ड बनवाने की सुविधा और अस्पताल में उपलब्ध मल्टी स्पेशलिटी सेवाओं की जानकारी भी दी। अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि उनका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना है, ताकि कोई भी मरीज आर्थिक तंगी के कारण उपचार से वंचित न रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, मरीज और अस्पताल कर्मी मौजूद रहे। जागरूकता अभियान के माध्यम से अस्पताल प्रशासन ने लोगों से अपील की कि वे योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों के प्रति सजग रहें।

# उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री से मिले डॉ. मनीष पंकज मिश्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात के दौरान भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने बिहार चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। डॉ. मिश्रा ने कहा कि बिहार की यह विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, राष्ट्रीय नेतृत्व की मजबूत रणनीति और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। वहीं केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यह जीत न सिर्फ एक राजनीतिक सफलता है, बल्कि बिहार की विकास यात्रा को और गति प्रदान करने का जनादेश भी है। भाजपा सरकार ष्सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासष् के मंत्र के साथ जनता के हितों को सर्वोपरि रखकर कार्य कर रही है और यह जीत उसी विश्वास का प्रतीक है।


**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर।**

**Email** ID-nkcd1975 @gmail.com

**भाड़े पर वाहन रखने हेतु अति–अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं०–02/2025–26**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण वाहन मालिक/फर्म को सूचित किया जाता हैं कि कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर कार्यालय अंतर्गत अवर प्रमण्डल पदाधिकारियों हेतु विभिन्न कार्यो के सम्पादन, योजनाओं एवं नहरों का निरीक्षण एवं उच्चाधिकारियों के बैठक में भाग लेने इत्यादि कार्यो हेतु 01 अदद् नन 3ए०सी० व्यवसायिक वाहन यथा बोलेरो दिसम्बर 2025 से 31 मार्च 2026 तक के लिए निम्नांकित शर्तो के अधीन इच्छुक वाहन मालिक/फर्म से मुहर बंद दर कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।

1. कोटेशन आमंत्रित सूचना निर्गत करने की तिथि :– दिनांक 22.11.2025
2. कोटेशन जमा करने की तिथि :– दिनांक–03.12.2025 3:00 बजे अपराह्न तक।
3. कोटेशन जमा करने का स्थान :– कार्यपाल अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर।
4. कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–03.12.2025 3:30 बजे अपराह्न में।
5. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर

(ई० रवि कांत दास)
कार्यपालक अभियन्ता,
उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल,नगर।
मो0–7004682964

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
PR- 018196 ( W R D ) 2025-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।


# टोटो-टेंपो चालकों की अवैध वसूली के खिलाफ नये संघ का गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** शहर में टोटो एवं टेंपो चालकों से की जा रही अवैध वसूली के खिलाफ आवाज अब और बुलंद हो गई है। चुनाव प्रचार के दौरान ही सैकड़ों चालकों ने डॉक्टर प्रेम कुमार से अपनी पीड़ा साझा करते हुए बताया था कि शहर में अलग-अलग नाम पर तीन प्रकार की जबरन वसूली हो रही है। विरोध करने पर चालकों के साथ मारपीट तक की घटनाएं घटती हैं जिससे चालक वर्ग भय और असुरक्षा के माहौल में रोजी-रोटी चलाने को मजबूर है। चालकों ने बताया कि पहली वसूली नगर निगम के नाम पर की जाती है। निगम द्वारा केवल दो स्टैंड–टावर चौक और जिला स्कूल के पूर्वी गेट–पर ही आधिकारिक शुल्क निर्धारित है, लेकिन वसूली पूरे शहर में करीब आठ स्थानों पर की जा रही है। राह चलते हर टेंपो एवं कमर्शियल वाहन से पैसे लिए जा रहे हैं जो पूरी तरह अवैध है। दूसरी वसूली तथाकथित संघ के नाम पर होती है जिसमें प्रतिदिन 10 रुपये दिन और 10 रुपये रात के नाम पर वसूले जाते हैं। इसके बदले चालकों को किसी प्रकार की सुविधा या सुरक्षा प्रदान नहीं की जाती। तीसरी वसूली सबसे मनमानी बताई गई जिसमें प्रति ट्रिप धमकाकर पैसे लिए जाते हैं और विरोध करने पर मारपीट की जाती है। चालकों की बढ़ती परेशानियों को देखते हुए 24 नवंबर को दर्जनों चालक अतिथि गृह में डॉक्टर प्रेम कुमार से मिले और सामूहिक निर्णय के आधार पर एक नई संगठन का गठन किया गया–गया जिला टोटो टेंपो चालक संघ, गयाजी। उद्देश्य है अवैध वसूली से मुक्त, सुरक्षित और व्यवस्थित परिवहन व्यवस्था स्थापित करना। आज रेलवे स्टेशन परिसर में संघ की ओर से एक सभा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता निखिल कुमार ने की। मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे डॉक्टर प्रेम कुमार का स्वागत चालकों द्वारा अंग-वस्त्र से किया गया। सभा का संचालन देवानंद पासवान ने किया। सभा में सर्वसम्मति से यह घोषणा की गई कि अवैध वसूली अब किसी भी कीमत पर सहन नहीं की जाएगी और इसके विरुद्ध निर्णायक कदम उठाए जाएंगे। निर्णय लिया गया कि अविलंब भाजपा नेतृत्व और टेंपो चालकों का एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिलकर विस्तृत ज्ञापन सौंपेगा। चालकों को भरोसा दिलाया गया कि उनकी सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा। आज की सभा में भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के सह संयोजक प्रेम सागर, क्षेत्रीय प्रभारी अमित लोहानी, वार्ड पार्षद राहुल शर्मा, दीपक कुमार दीपू, विकी शर्मा, राजनंदन गांधी, संजय रविदास, साकेत कुमार, ऋषि लोहनी, राधे, राकेश कुमार, अमित कुमार, गौतम कुमार, दिवाकर, अक्षय, अमित पासवान आदि शामिल रहे।

# समरसेबुल चोरी का प्रयास, चोरों ने पिकअप गाड़ी के शीशे तोड़े

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के कमल बिगहा गांव स्थित बधार में अज्ञात चोरों ने एक समरसेबुल चोरी करने का प्रयास किया। इस दौरान चोरों ने पास खड़ी एक पिकअप गाड़ी के शीशे भी तोड़ दिए। यह घटना मंगलवार सुबह लगभग 6 बजे सामने आई। पीड़ित रामानुज कुमार, जो कमल बिगहा गांव के निवासी हैं और दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति लिमिटेड का संचालन करते हैं ने बताया कि जब वे समिति परिसर पहुंचे तो देखा कि समरसेबुल निकालने के लिए पाइप को ब्लेड से काट दिया गया था।


**शपथ पत्र**

मैं हुसने आरा पति मोहम्मद अब्बास ग्राम-मोमिनपुर, पो.-देवरिया कला, थाना-ओबरा, जिला-औरंगाबाद (बिहार) शपथ पूर्वक निम्नलिखित बातों का बयान करती हूं कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूं एवं मेरा आधार कार्ड नं.- 3100 7316 2566 है। मेरा खाता बैंक ऑफ इंडिया शाखा ओबरा में खाता संख्या- 625110410000049 में मेरा नाम HUSSAIN ARA अंकित हो गया है जो मेरा नाम है।
मेरा आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में मेरा नाम HUSNE ARA अंकित है जो मेरा ही नाम है। मैं यह शपथ पत्र अपने दोनों नाम HUSSAIN ARA @ HUSNE ARA के समर्थन में यह शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूं।
मैं पुनः घोषणा करती हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 19134 दिनांक 12.9.25

शपथकर्ता
हुसने आरा



**बिहार सरकार**

**नगर विकास एवं आवास विभाग**

**कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय, नगर परिषद्, दाउदनगर**

**अल्पकालीन ई0–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–13/2025–26**

**(E-Tendering On website-eproc2.bihar.gov.in)**

1. विज्ञापन निर्गत करने की तिथि : दिनांक–21.11.2025
2. संवेदक द्वारा नि विदा अपलोड करने की तिथि एवं समय : दिनांक–08.12.2025 को समय–11.00 बजे पूर्वाह्न से (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
3. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक–14.12.2025 को समय–5.00 बजे अपराह्न तक (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक–16.12.2025 समय 3.30 बजे अपराह्न (कंडिका 3 में उल्लेखित अंतिम तिथि से दो कार्य दिवस के पश्चात् की तिथि)। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
5. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में सूचित किया जायेगा। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
6. निविदा खोलने का स्थान : सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर
7. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन
8. कार्य का विवरण–

| क्र0 सं0 | ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण – विपत्र का मूल्य (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में) | बीड प्रोसेसिंग शुल्क (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 |
| 1 | 1 | वार्ड सं0 1,2 एवं 9 में स्व0 कृष्णा चौधरी के घर से संजय सिंह के घर तक पी0सी0सी पथ एवं आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 2796500.00 | 56000.00 | 5000.00 | 590.00 | 03 माह |
| 2 | 2 | वार्ड सं0 15 में वार्ड सं0 17 एवं 18 होते हुए डॉ0 केश्व प्रसाद मोड से प्राथमिक विद्यालय बुद्धु बिगहा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 3070200.00 | 61500.00 | 5000.00 | 590.00 | 03 माह |
| 3 | 3 | वार्ड स0 16 में राकेश साव के घर से गोला रोड कब्रिस्तान के सामने तक तथा अशोक के बगल के घर से मनोज गुप्ता के घर होते हुए सुखदेव के घर तक तथा डोमा राम के घर से जगलाल के घर होते ओमप्रकाश के घर तक पी0सी0सी0 पथ तथा आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 3307400.00 | 66200.00 | 5000.00 | 590.00 | 03 माह |
| 4 | 4 | वार्ड सं0 16 में पार्क का चाहरदिवारी निर्माण कार्य। | 3381900.00 | 67700.00 | 5000.00 | 590.00 | 03 माह |
| 5 | 5 | वार्ड सं0 16 में हालिम कुरैशी के घर से इबरारा कुरैशी के घर तक पी0सी0सी0 पथ एवं आर0सी0सी0 नाला ढक्कन सहित निर्माण कार्य। | 3539200.00 | 70800.00 | 5000.00 | 590.00 | 03 माह |
| 6 | 6 | वार्ड सं0 01 में घाट के चाहदिवारी एवं पेभर ब्लॉक का निर्माण कार्य। | 8376600.00 | 168000.00 | 10000.00 | 3540.00 | 06 माह |

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, दाउदनगर

PR. No. 018031 (B&C) 2025-26

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**अगर मन में हो एच.आई.वी. अथवा यौन जनित रोग से जुड़े सवाल तो तुरन्त 1097 पर करें कॉल।**


# समाजसेवी शिवराम डालमिया की 14वीं पुण्यतिथि मनायी गयी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया जी।** सुप्रसिद्ध समाजसेवी स्व. शिवराम डालमिया की 14वीं पुण्यतिथि के अवसर पर गया जी में डालमिया निवास पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में दूर दराज से पधारे शहर के जाने माने समाजसेवी, राजनीतिज्ञ, ब्यूरोक्रेट्स, बुद्धिजीवी -साहित्यकार -पत्रकार सहित विभिन्न सांस्कृतिक संस्थाओं से जुड़े लोगों ने एकत्रित होकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि श्रद्धा सुमन अर्पित की। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व की चर्चा की। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित गया जी शहर के वरिष्ठ विधायक पूर्व मंत्री बिहार सरकार डॉ. प्रेम कुमार, रामानुज मठ के स्वामी राघवाचार्य, भाजपा के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी अनिल स्वामी, अनंत धीश अमन ने, अनिल स्वामी ने कहा कि शिव राम डालमिया का शिव वचन बाबू की तीन की जोड़ियां होती थी। बोधगया जो जगरनाथ मंदिर बना उनका बनाने का झुकाव स्व. शिवराम डालमिया को पहले से था। इस मुद्दे पर बहुत तरीके से कुणाल साहब से बात करके भूमि पूजन कराया। शिव कैलाश डालमिया सभी को बैठाकर सलटाते थे, शिव राम डालमिया के कारण जगरनाथ मंदिर का निर्माण कराया गया है। अनेकों स्मरण शिव राम डालमिया की है। शहर को बहुत कुछ दिए हैं। उनके किये गये कार्यो को स्मरण करना होगा। समाज में जागृति होनी चाहिए। वही डा रामकृष्ण परमहंस ने कहा कि शिव राम डालमिया मरवाड़ी स्कूल में भेंट हुए थे। विष्णुपद मंदिर प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शम्भू लाल विट्ठल, सचिव गजाधर लाल पाठक, गयापाल पुरोहित अमरनाथ धोकड़ी, राय मदन किशोर सेवानिवृत आई. ए. एस. भाकपा नेता मसूद मंजर आदि ने अपने विचार प्रकट किये।

# बन्द घर को चोरों को अपना निशाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** क्षेत्र में बन्द घर को चोरों को अपना निशाना बनाने का मामला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। चोरी की घटना टिकारी थाना क्षेत्र के रिकाबगंज खंचिया रोड निवासी विजय मिश्रा के यहां घटित हुई।


**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना डीटीई_जेएमपी_09/25–26, दिनांक 24.11.2025,** सहायक नगर अभियंता, पूर्व रेलवे, जमालपुर वर्कशॉप, जिला–मुंगेर, बिहार–811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम** : एटीई/जमालपुर के अधीन स्क्रैप यार्ड को शिफ्ट करने के लिए धोबीघाट की तरफ बाउंडरी का विस्तार। **विज्ञापित निविदा मूल्य :** रु.3,47,28,147/–, **बयाना राशि:** रु. 3,23,700/–, **खुलने की तिथि:** दिनांक 23.12.2025, **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह।

MISC-301/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व मध्य रेल**

**नविदा सूचना संख्या:–**
**डी.एन.आर./एस.एण्ड.टी /सिंग/2025/25**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूर संचार) पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं:– **(1) कार्य का नाम एवं स्थान :** दानापुर मंडल के अंतर्गत विभिन्न अनुभागों में टीआरआर–पी और टीआरआर–एस कार्य के संबंध में एसएंडटी कार्य। **(2) अनुमानित लागत:** रु 18995730.36/– **(3) बयाना राशि:** रु 245000.00/– **(4) निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय :** दिनांक 15/12/2025 को 15:00 बजे तक। **(5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** दिनांक 15/12/2025 को 15:30 बजे। **(6) वेबसाइट विवरण:** **www.ireps.gov.in. (7) कार्यालय का पता जहाँ से निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता कार्यालय, दानापुर, **नोट:**– विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरूरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेब साईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा। **मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर।**

पीआर/1337/डीएनआर/एसएण्डटी/टी/25–26/28

संपादकीय

# दुबई हादसा- गहन जांच जरूरी

संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित दुबई एयर शो में शुक्रवार को प्रदर्शन के दौरान भारत के बहुचर्चित स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस के क्रैश होने और उसमें सवार पायलट विंग कमांडर नमांश स्याल की दुखद मौत ने जहां देश को एक काबिल पायलट को खो दिया है, वहीं इस हादसे से तेजस की प्रतिष्ठा को भी धक्का लगा है। यह हादसा कैसे हुआ, इसको लेकर भारतीय वायुसेना ने कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दे दिए हैं। इस हादसे से पूरा देश दुखी और स्तब्ध है। विस्तृत जांच के बाद ही पता चलेगा कि इसके पीछे कारण क्या थे, कोई गंभीर तकनीकी त्रुटि थी अथवा पायलट से करतब दिखाते हुए कहीं कोई चूक हुई? दुबई एयर शो दुनिया के प्रतिष्ठित एयर शो में माना जाता है। इसमें विश्व भर की लड़ाकू विमान निर्माता कंपनियां अपने उत्पादों और उनकी खूबियों का प्रदर्शन करती हैं। इसमें दुनिया की सभी प्रमुख वायुसेनाओं के प्रतिनिधि भी भाग लेते हैं। एयर शो में अत्यंत कुशल पायलटों को ही भेजा जाता है। पायलट नमांश स्याल का चयन भी इसी आधार पर किया गया था। इस पांच दिनी शो में चार दिन तक भारत के 4.5 पीढ़ी के तेजस ने कई हैरतअंगेज करतब दिखाए। कम वजन वाले इस लड़ाकू एयरक्राफ्ट में दुनिया के कई देशों ने दिलचस्पी दिखाई है। संभव था कि दुबई शो के बाद भारत को इस विमान के खरीदार मिलते। लेकिन इस अहम मौके पर विमान का दुर्घटनाग्रस्त हो जाना और पायलट को बच निकलने का मौका भी मिल पाना कई सवाल खड़े कर गया है। क्योंकि वीडियो में विमान आकाश से सीधे नीचे आकर गिरता दिखाई पड़ रहा है। इस सिंगल इंजन वाले तेजस विमान को सरकारी कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने तैयार किया है। ये विमान दूर से ही दुश्मन के विमानों पर निशाना साध सकता है और दुश्मन के रडार को भी चकमा देने की क्षमता रखता है। विमान उतने ही हथियार और मिसाइल लेकर उड़ सकता है जितना इससे ज़्यादा वज़न वाला सुखोई विमान। तेजस में कुछ ख़ास तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है। जैसे क्रिटिकल ऑपरेशन क्षमता के लिए एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली-स्कैन्ड रडार यानी इलेक्ट्रॉनिक रूप से स्कैन रडार, बियांड विजुअल रेंज (क्क्क्र) मिसाइल, इलेक्ट्रानिक वारफेयर सुइट और एयर टू एयर रिफ्यूलिंग की व्यवस्था। इसी साल सितंबर में भारतीय रक्षा मंत्रालय ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ 97 तेजस विमान खरीदने का सौदा किया था। इनकी आपूर्ति 2027 में शुरू होने की उम्मीद है। लेकिन ताजा हादसे के बाद हाल को इस विमान की खामियों को दूर करना होगा। क्योंकि पिछले साल भी एक तेजस हादसे का शिकार हुआ है। लड़ाकू विमान ज्यादा से ज्यादा सुरक्षित हों, यह सभी की अपेक्षा रहती है। दुख की बात यह भी है कि दुबई हादसे के पहले कुछ पाक समर्थक तत्वों ने भी इस विमान और उसकी तकनीकी को बदनाम करने की कोशिश की। इस हादसे के बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि पायलट नमांश स्याल बहुत कम ऊंचाई पर करतब दिखाने की कोशिश कर रहे थे और पायलट के अपने लूप को पूरा करने और नीचे जमीन के बीच बहुत कम फासला था। जहां तक पायलट नमांश स्याल की योग्यता की बात है तो वो सुलूर एयर बेस की 45 स्क्वाड्रन फ़्लाइंग डैगर्स के अत्यंत कुशल डिस्प्ले पायलट थे। उन्होंने एयरो इंडिया और कई राष्ट्रीय एयरशोज़ में अपनी असाधारण उड़ान क्षमता से दर्शकों का दिल जीता था। अफसोस की बात यह भी है कि विंग कमांडर स्याल ने हिमाचल प्रदेश में अपने परिजनों से टीवी पर यह शो देखने का आग्रह किया था। लेकिन उन बेचारों ने कल्पना नहीं की होगी, यह रोमांचक शो नमांश की वीरगति की खबर लेकर आएगा।

# हत्यारा प्रदूषण देती व्यवस्था को बदलने का विचार नहीं

**देश में असामयिक तरीके से दो प्रकार की मौतें, जो शुरू हुई हैं वस्तुतः एक प्रकार की व्यवस्था की हत्या जैसी हैं उसमें एक है प्रदूषण और दूसरा सड़क दुर्घटनायें। प्रदूषण तो लगभग हर क्षेत्र में पहुंच चुका है, जल प्रदूषित, वायु प्रदूषित, भोजन-खाद्यान प्रदूषित और देखा जाये तो राजनीति और समाज भी अत्याधिक प्रदूषित हो चुके हैं। पर अभी हम मुख्य तौर पर वायु प्रदूषण की चर्चा करेंगे जिससे औसतन देश में प्रतिवर्ष 20 लाख लोग असमय मौत के शिकार हो रहे हैं। प्रदूषण को तो अब एक हत्यारा कहा जा रहा है और भारत की स्थिति इतनी भयावह है कि दुनिया में प्रतिवर्ष होने वाली 79 लाख मौतों में से 20 लाख यानि 25 प्रतिशत मौतें भारत में हो रही है। भारत में पीएम 2.5 का स्तर वैश्विक औसत से दो गुना है और भारत दुनिया के 5 सबसे प्रदूषित देशों में से एक है। यह भी विचित्र तथ्य है कि दुनिया के 5 सबसे प्रदूषित देशों में से तीन भारत-पाक और बांग्लादेश है, जो मूल भारत के हिस्से हैं। दुनिया में और भारत में भी हर 8 में से एक मौत का कारण प्रदूषित हवा है तथा हर 4 में से 1 हृदय रोग से मौत भी प्रदूषित हवा के कारण हो रही है।**

रघु ठाकुर

बड़े-बड़े महानगरों में, कास्मो पालिटन सिटी में प्रदूषण की स्थिति इतनी बदतर है कि छोटे-छोटे बच्चे भी अस्थमा के शिकार हो रहे हैं। जहां एक तरफ सरकार की उदासीनता है तो वहीं दूसरी तरफ भारतीय समाज का अंधविश्वास, अतार्किकता, नासमझी भी इसका एक कारण है। बाजार का नियंत्रण करने वाली शक्तियां अपने प्रचार माध्यम से इसको और बढ़ा रही है तथा सांप्रदायिक और कटटरपंथ के मानस ने कुछ कुरीतियों को और अधिक फलने-फूलने व प्रचारित करने का मौका दिया है, इस साल दीपावली पर दिल्ली का वायु प्रदूषण बढ़कर 350 पीएम पर पहुँच गया और जो कई दिनों तक ऐसा ही बना रहा। दिल्ली की भाजपा सरकार ने अपने सांस्कृतिक अपराध को याने संस्कृति के नाम पर किये जा रहे अपराध को छिपाने के लिये जोर शोर से प्रचार किया था कि मशीनों द्वारा कृत्रिम वर्षा कर प्रदूषण समाप्त किया जायेगा, पर वह भी प्रभावी सिद्ध नहीं हुआ, यह मात्र दिखावा साबित हुआ।

पिछले कई वर्षों से भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने राजधानी दिल्ली व देश में पटाखों और धुएँ वाले, बारूद से चलने वाले पटाखों पर रोक जैसी लगाई थी। हालाँकि यह रोक भी पूर्णतः प्रभावी नहीं थी। परंतु कम से कम एक वैधानिक लाचारी तो थी। परंतु इस बार सनातन और पर्व संस्कृति के जोरदार हल्ले ने सर्वोच्च न्यायालय को भी मानसिक रूप से प्रभावित कर दिया है, ऐसा लगता है। क्योकि मुश्किल से एक डेढ़ माह पूर्व खजुराहो के एक मंदिर में विष्णु प्रतिमा के क्षय होकर गिरने के बारे में, और उसकी पुनः स्थापना के बारे में, एक वकील ने याचिका दायर की थी। चूँकि पुरातत्व कानून के अनुसार पुरातत्व की प्रतिमा को दोबारा नकल कर नहीं बनाया जा सकता इसलिये मुख्य न्यायाधीश श्री गवई ने उनकी याचिका खारिज कर एक हल्की फुल्की परंतु तथ्यपरक टिप्पणी की थी कि इसमें न्यायालय कुछ नहीं कर सकता, अब आपको भगवान की शरण में जाना होगा, वही कुछ कर सकते हैं। वैसे तो एक अर्थ में उनकी यह टिप्पणी सही थी कि भगवान पत्थर में नहीं होते और स्वामी दयानंद सरस्वती (आर्य समाज), गुरुनानक (सिख), हजरत मोहम्मद (इस्लाम ) और अनेक ऐसे पंथ हैं जिन्होंने इसी आधार पर मूर्ति पूजा को नकारा है।



परंतु उसके बाद सनातन के नाम से उभरे इस नये समूह ने इतना जोर से हल्ला और प्रचार किया कि लगता है कि शायद मुख्य न्यायाधीश महोदय मानसिक दबाव में आ गये और कहा कि 'मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूँ।' उसके बाद भी सनातन के तथाकथित एक वकील ने मुख्य न्यायाधीश की पीठ पर जूता फेंका, इस घटना से भी मुख्य न्यायाधीश मानसिक दबाव में रहे होंगे ऐसा मेरा अनुमान है। उन्होंने इस बार फिर सनातनी विरोध न करें, उन्हें सनातनी विरोधी न बतायें संभवतः इसलिये उन्होंने दीपावली पर खुली छूट दे दी कि हरित पटाखे चलाये जायें। मेरी जानकारी में नहीं है कि कोई ऐसा पटाखा बना हो कि वह बारूद से चले और उसमें कार्बन डाई आक्साइड की जगह आक्सीजन निकले तथा इस निर्णय से उत्साहित होकर केंद्र व राज्य की भाजपा सरकारों और संघ व अन्य संस्थाओं ने इसे सनातन और पर्व संस्कृति की जीत बताया तथा जमकर पटाखे चलाने के लिये हिंदु समाज को प्रोत्साहित किया। धुआं व वायु के अलावा ध्वनि प्रदूषण इतना अधिक हुआ है कि दीपावली के बाद अस्पतालों में अस्थमा व श्वसन संबंधी बीमारियों, हृदय पीड़ितों, श्रवण शक्ति में कमी आने की तकलीफ को लेकर देशभर में लाखों लोग इलाज के लिये पहुँचे। रावण को हराकर भगवान राम जब अयोध्या आये तो वहाँ के लोगों ने खुशियां मनाई और संभव है कि पटाखे फोड़े हों पर तब की अयोध्या व आज के भारत में कितना फर्क है। आज 150 करोड़ की आबादी का भारत है जो पहले से ही वायु जनित प्रदूषण से जूझ रहा है। कुछ समझदार लोगों का भी कहना है कि आज अगर भगवान राम खुद होते तो वह भी इन पटाखों को चलाने से मना करते कि इन पटाखों की आवश्यकता नहीं है। अभी इस बात का अध्ययन होना बकाया है कि इस दीपावली के पर्व पर सारे देश पर इस प्रदूषण का प्रभाव कितना हुआ है? बाजार ने यह आंकड़ा जरूर दिया है कि इस दीपावली पर 6 लाख करोड़ का व्यापार हुआ है और इसका मतलब है कि बाजार के लिये 2 से 3 लाख करोड़ का लाभ हो गया। सरकार के पास यदि 5 प्रतिशत भी मानें तो 30-40 हजार करोड़ का राजस्व जमा हो गया। परंतु इन पर्व संस्कृति के मानसिक प्रभाव और एक प्रकार से मानसिक नशे से ग्रस्त समाज को क्या मिला? केवल धूल, धुआं, अस्थमा, बहरापन, हृदय रोग आदि-आदि। यह स्थिति तब है जब मैं केवल पर्व की चर्चा कर रहा हूँ। वर्ना वाहनों और उद्योगों का प्रदूषण तो सर्वकालिक है। पूरे साल होने वाले प्रदूषण में से 70 प्रतिशत याने उसमें से 51 प्रतिशत उद्योगों से और 27 प्रतिशत वाहनों का प्रदूषण है। इसके बावजूद भी वाहनों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है और एक ऐसी स्थिति का निर्माण हो रहा है कि शहर अब आदमियों से ज्यादा वाहनों के शहर बन रहे हैं। जहां एक तरफइन वाहनों की वृद्धि प्रदूषण का एक बड़ा कारण है। सड़कों पर लगने वाला जाम, दुर्घटनाओं का भी एक बड़ा कारण है। देश में एक वर्ष में लगभग 1.72 लाख से अधिक लोग सड़क दुर्घटनाओं में मौत के शिकार हो जाते हैं और इनमें से एक बड़ा हिस्सा लगभग 35 हजार लोग वे निर्दोष लोग होते हैं जो सड़क पर पैदल चलने को लाचार हैं। सरकारों ने शायद यह मान लिया है कि पैदल सड़कों पर चलने वाले लोग अधिकांशतः गरीब लोग होते हैं, उन्हें सड़क पर चलने का कोई अधिकार नहीं है तथा चार पहिया या दो पहिया वाहन चालकों को उन्हें टक्कर मारने का पूरा अधिकार है। जो फुटपाथ बनाये गये, समूचे देश में वे बाजार के अतिक्रमणकारियों छोटे या बड़े के कब्जे में हैं।

एक आम आदमी को लाचारी है कि वह सड़क पर पैदल चलें और मौत का शिकार हो। जब कभी कहीं पर सड़कों या फुटपाथ पर अतिक्रमण हटाने का प्रयत्न होता है तो मीडिया से लेकर प्रतिपक्ष तक यह चिल्लाना शुरू करता है कि गरीबों को हटाया जा रहा है और यह बात दबा दी जाती है कि फुटपाथ पर पैदल, साइकिल से चलने वाले लोग भी अधिकांशतः गरीब ही होते हैं। मीडिया के पीछे जो बाजार की आर्थिकी है वह भी इस प्रचार को जोर से फैलाती है क्योंकि माल चाहे फुटपाथ पर, सड़क पर, दुकान पर या बड़े-बड़े मॉल पर बिके, कुल मिलाकर सामान तो कारखाने और होलसेल वालों का ही बिकता है और मुनाफे का बड़ा हिस्सा वहीं जाता है। अब तो शहरों व महानगरों में तो अधिकांश फुटपाथ व सड़कों की जमीनों पर कार वालों का कब्जा है। कारों को खरीदने वालों के पास कोई पार्किंग की जगह नहीं है और वे कारों को सड़कों पर खड़ी करते हैं, सड़कों का आधा हिस्सा कार वालों के अतिक्रमण में रहता है परंतु कार वाले अधिकांशतः मध्यम वर्ग, उच्च वर्ग, नौकरीपेशा, अधिकारी, व्यापारी या बाहुबली होते हैं और उनके कारों के द्वारा अतिक्रमण को हटाने या पार्किंग की व्यवस्था अनिवार्य करने के निर्णय करने का साहस न सत्ता करती है, न प्रशासन करता है और मीडिया को तो करना ही नहीं। क्योंकि धुँये से भले लोग मरें पर कार मालिकों को फायदा होता है। इस दीपावली के एक दिन पहले धनतेरस पर 1 लाख से अधिक कारें बिकीं और इसका मतलब हुआ कि अगर एक कार को औसतन 10 लाख प्रति मान लिया जाए तो केवल एक दिन का धंधा 10 हजार करोड़ का हो गया और पूरे साल का धंधा लाखों करोड़ों का होगा। बैंक भी आजकल कारों के लिये सुलभ ऋण उपलब्ध करा रहे हैं और संपन्न तथा श्रेष्ठ दिखावे की भूख कारों की खरीद को गति दे रही है। कारें भी अब आम आदमी के लिये दो प्रकार से हत्यारी बन गई हैं। एक दुर्घटना के द्वारा और दूसरी प्रदूषण के द्वारा। मैं तो पिछले कई दशकों से कारों की सीमा बंदी की मांग करता रहा हूँ और एक सैद्धांतिक बात उठाता रहा हूँ कि कम से कम इतना किया जाये कि एक परिवार में एक कार से काम चलाया जाये। परंतु मेरी आवाज 'नक्कार खाने में तूती' की रही है। जिसे व्यवस्था व व्यापारी तो छोड़ो, जिनका स्वार्थ है सड़कों पर चलने वाले निर्दोषों मौतों के शिकार परिजन भी इसके पक्ष में खड़े नहीं होते।

अध्यात्म

## अच्छे को अच्छे एवं बुरे को बुरे लोग मिलते हैं



बहुत समय पहले की बात है। एक बार एक गुरु जी गंगा किनारे स्थित किसी गाँव में अपने शिष्यों के साथ स्नान कर रहे थे । तभी एक राहगीर आया और उनसे पूछाः महाराज! इस गाँव में कैसे लोग रहते हैं, दरअसल मैं अपने मौजूदा निवास स्थान से कहीं और जाना चाहता हूँ?

गुरु जी बोलेः जहाँ तुम अभी रहते हो वहां किस प्रकार के लोग रहते हैं ?

राहगीर बोलाः मत पूछिए महाराज, वहां तो एक से एक कपटी, दुष्ट और बुरे लोग बसे हुए हैं। गुरु जी बोलेः इस गाँव में भी बिल्कुल उसी तरह के लोग रहते हैं... कपटी, दुष्ट, बुरे... और इतना सुनकर राहगीर आगे बढ़ गया।

कुछ समय बाद एक दूसरा राहगीर वहां से गुजरा।

उसने भी गुरु जी से वही प्रश्न पूछाः मुझे किसी नयी जगह जाना है, क्या आप बता सकते हैं कि इस गाँव में कैसे लोग रहते हैं?

गुरु जी ने इस राहगीर से भी वही प्रश्न पूछाः जहाँ तुम अभी निवास करते हो वहां किस प्रकार के लोग रहते हैं?

राहगीर बोलाः जी वहां तो बड़े सभ्य, सुलझे और अच्छे लोग रहते हैं।

तुम्हे बिल्कुल उसी प्रकार के लोग यहाँ भी मिलेंगे...सभ्य, सुलझे और अच्छे..., गुरु जी ने अपनी बात पूर्ण की और दैनिक कार्यों में लग गए। पर उनके शिष्य ये सब देख रहे थे और राहगीर के जाते ही उन्होंने पूछाः क्षमा कीजियेगा गुरु जी पर आपने दोनों राहगीरों को एक ही स्थान के बारे में अलग-अलग बातें क्यों बतायी। गुरु जी गंभीरता से बोलेः शिष्यों आमतौर पर हम चीजों को वैसे नहीं दखते जैसी वे हैं, बल्कि उन्हें हम ऐसे देखते हैं जैसे कि हम खुद हैं। हर जगह हर प्रकार के लोग होते हैं यह हम पर निर्भर करता है कि हम किस तरह के लोगों को देखना चाहते हैं। शिष्य उनके बात समझ चुके थे और आगे से उन्होंने जीवन में सिर्फ अच्छाइयों पर ही ध्यान केन्द्रित करने का निश्चय किया।

# आधुनिक अनुसंधान के लिए एआई

**जब कैलकुलेटर का आविष्कार हुआ था, तब अधिकांश वैज्ञानिकों ने सोचा था कि समय के साथ कैलकुलेटर का उपयोग मानव मस्तिष्क की गणना कौशल पर बुरा प्रभाव डालेगा। लेकिन बाद में, यह पता चला कि वैज्ञानिकों ने इसका उपयोग विशाल गणनाओं के लिए करना सीख लिया और एक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित हो गया। इसी तरह की तुलना कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और आधुनिक अनुसंधान के विकास में इसके उपयोग से की जा सकती है। यह कहना कोई अपवाद नहीं है कि एआई सभी विषयों में क्रांतिकारी प्रभाव डाल रहा है और आधुनिक अनुसंधान में एआई प्रथाओं को शामिल करने के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र मौजूद है। एक ओर, एआई उपकरण डेटा संग्रह, डेटा विश्लेषण और प्रीप्रोसेसिंग के लिए लाभदायक हैं, वहीं दूसरी ओर, ये मैन्युअल कार्यभार को कम करते हैं और एकत्रित डेटा के निर्णायक मूल्यांकन के लिए समय बचाते हैं। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि वास्तविक प्रणालियाँ मापनीय हैं और इन प्रणालियों पर अनुसंधान विकसित करने के लिए, एआई सक्षम उपकरणों का उपयोग किया जाना चाहिए।**

डॉ. आकाश सक्सेना

मशीन लर्निंग एल्गोरिदम वास्तविक जीवन की समस्याओं जैसे भीड़भाड़ प्रबंधन, यातायात निगरानी आदि से संबंधित चुनौतियों का समाधान करने के लिए पैटर्न पहचान को तेज़ गति से सक्षम बनाता है। अंतः विषयक अनुसंधान में सहयोग की आवश्यकता होती है, और सहयोगी विभिन्न मौसम संबंधी निर्देशांकों से संबंधित होते हैं। इसके लिए एक ऐसे प्लेटफ़ॉर्म की आवश्यकता होती है जो ढ्ढ से सक्षम हो और विभिन्न समय क्षेत्रों के उपयोगकर्ताओं के लिए 2437 उपलब्ध हो। (ओवरलीफ़) जैसे लेखन प्लेटफ़ॉर्म ऐसी सुविधाओं से युक्त हैं। प्लेटफ़ॉर्म प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (हृक्क) इकाई से भी युक्त है। इसमें स्वतः सुधार एल्गोरिथ्म, विभिन्न भाषाओं में पाठ का अनुवाद और पाठ की समझ शामिल है। इससे शोधकर्ताओं को संचार को बेहतर बनाने और बेहतर रिपोर्ट/दस्तावेज़ लिखने में मदद मिलती है। ढ्ढ संचालित प्लेटफ़ॉर्म साझा आभासी कार्यक्षेत्र प्रदान करते हैं और बेहतर स्वचालन के लिए अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। ढ्ढ संचालित सिमुलेशन और मॉडलिंग अभ्यास स्वास्थ्य सेवा, जैव रसायन, पर्यावरण इंजीनियरिंग आदि से संबंधित ढाँचे के विकास में सहायक हो सकते हैं।

साहित्य की आलोचनात्मक समीक्षा के आधार पर शोध में कमियों की पहचान के लिए ढ्ढ उपकरणों का उपयोग किया जा सकता है। यह अभ्यास अनुसंधान के वांछित क्षेत्र से संबंधित उपयुक्त लेखों के चयन के लिए हृक्क ढाँचे का उपयोग करता है। इसके अलावा, इसके लिए क्लस्टरिंग एल्गोरिदम की आवश्यकता होती है जो सभी संबंधित कीवर्ड को एक ही स्थान पर एकत्रित कर सके और क्लस्टर प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए अनुकूलन कर सके। सैद्धांतिक विश्लेषण और पूर्वानुमानात्मक विश्लेषण के आधार पर, एआई आधारित एल्गोरिदम की मदद से वित्त पोषण के संभावित क्षेत्रों को लक्षित किया जा सकता है। हर गुजरते साल के साथ, शिक्षा प्रौद्योगिकी में एआई के नैतिक उपयोग पर ज़ोर दिया जा रहा है। यह शोध के एक अलग क्षेत्र की शुरुआत करता है जो यह बता रहा है कि बुनियादी ढाँचे की सीमाओं और विशेषज्ञों की उपलब्धता व जागरूकता से जुड़ी अन्य बाधाओं के बावजूद, इस एआई आधारित ढाँचे से संबंधित पारिस्थितिकी तंत्र कैसे विकसित किया जा सकता है। इस युग में, नैतिक चिंताएँ सर्वोपरि हैं। पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए, हमें खतरे की पहचान और सक्रिय उपाय करने हेतु मज़बूत सुरक्षा प्रोटोकॉल की आवश्यकता है। हालाँकि, इस क्षेत्र में भी एआई आधारित ढाँचा ऐतिहासिक आँकड़ों से सीख सकता है और उपयोगिताओं के लिए एक सौहार्दपूर्ण समाधान प्रदान कर सकता है। शोधकर्ताओं के लिए, इन कार्यान्वयनों को एआई सुरक्षा प्रोटोकॉल पर आधारित शोध केस स्टडी के रूप में माना जा सकता है।

आधुनिक एआई उपकरणों के युग में, इसके ढाँचे को समझना और एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना अत्यंत आवश्यक है जहाँ एआई का उपयोग मानव द्वारा अनुसंधान के लिए एक उपकरण के रूप में किया जा सके। इस पारिस्थितिकी तंत्र में ऐसा बुनियादी ढांचा शामिल होगा जो अंतिम उपयोगकर्ता की आवश्यकताओं को समझे, उपयोगकर्ता की गोपनीयता बनाए रखे, स्केलेबल एआई एल्गोरिदम के लिए एक मंच प्रदान करे, एक ऐसा मंच जो सुरक्षा उल्लंघन की स्मार्ट भविष्यवाणी करने में सक्षम हो और जिसमें उपयोगकर्ता के अनुकूल इंटरफ़ेस भी हो।




सह-अस्तित्व के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र के विकास की आवश्यकता के साथ, साइबर हमलों के लिए एआई सक्षम प्रणालियों की भेद्यता को समझना भी एक जरूरी आवश्यकता है। चूंकि ये प्रणालियाँ निर्णय लेने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और विभिन्न कार्यों का महत्वपूर्ण डेटा रखती हैं, इसलिए इन प्रणालियों की सुरक्षा एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है। साइबर स्पेस के अपराधी आधुनिक एआई सक्षम तकनीकों से अच्छी तरह लैस हैं और पहचान और पासवर्ड से संबंधित खतरे हर गुजरते साल के साथ बढ़ रहे हैं। तत्काल आवश्यकता सुरक्षा के मुख्य क्षेत्रों और परतों की पहचान करने और उन्हें कर्मचारियों तक पहुँचाने की है। इस युग में, सुरक्षा प्रोटोकॉल केवल तकनीक का मुद्दा नहीं है, बल्कि इसमें प्रबंधन भी शामिल है क्योंकि भारत में कार्यबल एआई का उपयोग करता है। एआई का उपयोग करने वाले कार्यबल का प्रतिशत वैश्विक कार्यबल से अधिक है। इसलिए, दिन-प्रतिदिन के जीवन में सुरक्षा प्रोटोकॉल का अनुप्रयोग अपरिहार्य हो जाता है।

भारत सरकार ने पहले ही त्नक्क के आकार को बढ़ाने का निर्णय ले लिया है। इन इकाइयों के विकास और तैनाती का केंद्र टियर 2-3 शहर होंगे। इस निर्णय को पारिस्थितिकी तंत्र की मापनीयता के लिए सरकार की नीति के संदर्भ में देखा जा सकता है। एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र जो सूचना के प्रसंस्करण और आधारभूत मॉडलों के विकास के लिए एआई-तैयार डेटा सेट को समाहित कर सके। इसलिए, सभी विभागों को एआई-अनुकूल बनाने के लिए एक सुविचारित प्रयास की आवश्यकता है।

एआई-सक्षम अनुसंधान को निम्न कार्बन अर्थव्यवस्था के लिए स्थायी समाधान खोजने की दिशा में बढ़ाया जा सकता है। कुशल भवन डिज़ाइन, अन्य संबंधित बुनियादी ढाँचे की आवश्यकताओं को एआई के कार्यान्वयन से जोड़ा जा सकता है। एआई-आधारित अनुसंधान को नीतियाँ बनाकर और प्रणाली को प्रासंगिक निर्णय लेने में सक्षम बनाकर सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने में भी एकीकृत किया जा सकता है। यहाँ, रूपरेखा तैयार की जा सकती है और निर्णयों के प्रभाव का पूर्वानुमान लगाया जा सकता है। बुद्धिमान प्रणालियों का नैतिक परिनियोजन और फीडबैक लूप का समावेश भी एआई-आधारित रूपरेखा के लिए आधुनिक अनुसंधान दिशाएँ हैं।

यह एक सर्वविदित तथ्य है कि यह एआई का युग है, जहाँ हमें यह देखने की आवश्यकता है कि हम संज्ञानात्मक ज्ञान विकास के लिए ढाँचे का नैतिक रूप से उपयोग कैसे कर सकते हैं और समाज की बेहतरी के लिए ढाँचे का परिनियोजन कैसे कर सकते हैं। आधुनिक अनुसंधान में एआई का उपयोग बेहतर पहुँच, प्रभावी कार्यान्वयन, प्रभावी निर्णय लेने, विभिन्न रणनीतियों के तुलनात्मक विश्लेषण और सबसे बढ़कर, एक निश्चित समयावधि में सतत विकास के लिए है। इसलिए, एआई पर आधारित आधुनिक अनुसंधान के लिए पारिस्थितिकी तंत्र विकास पर चर्चा और कार्यान्वयन आवश्यक है।

एआई आधारित पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के साथ, एआई सशक्तिकरण और संसाधन अनुकूलन के साथ अनुसंधान उपकरणों का पूर्ण उपयोग किया जा सकेगा।

## आज का कार्टून

मुसलमान लंदन का मेयर बन सकता है पर भारत में VC भी नहीं बन सकताः मौलाना अरशद मदनी




## राशिफल

**मेष**

कार्यक्षेत्र को लेकर थोड़े तनाव में हो सकते हैं। आज अपनी बातों को अच्छी तरह रख नहीं पायेंगे। व्यर्थ के कार्यों में धन खर्च हो सकता है।

**वृषभ**

पैतृक कारोबार में विस्तार हो सकता है। घर में किसी प्रकार के मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। रूठे मित्रों को मनाने के लिये दिन अनुकूल है।

**मिथुन**

कार्यक्षेत्र में किसी महिला सहकर्मी से झगड़ा हो सकता है। आयात-निर्यात सम्बन्धी कारोबार में वृद्धि होगी। अधिकारी आपसे अप्रसन्न हो सकते हैं।

**कर्क**

उच्च शिक्षा में उत्तम परिणाम मिलने से मन उत्साहित रहेगा। आयात-निर्यात से जुड़े व्यवसाय में बड़ा धन लाभ होगा। बच्चे अपनी गलतियों में सुधार करेंगे।

**सिंह**

दाम्पत्य सम्बन्ध काफी रोमान्टिक हो सकते हैं। अनजाने लोगों से ऑनलाइन लेनदेन सावधानी पूर्वक करें। गूढ़ आध्यात्मिक चर्चाओं में सम्मिलित हो सकते हैं।

**कन्या**

बुजुर्ग लोग आज पुराने अनुभवों का स्मरण कर प्रसन्न रहेंगे। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। प्रेम विवाह के लिये परिजनों को मनाने में आसानी होगी।

**तुला**

कारोबार को स्थिर रखने के लिये उधार लेना पड़ सकता है। आपकी सामाजिक छवि काफी अच्छी रहेगी। डायबिटीज रोगियों की सेहत अच्छी नहीं रहेगी।

**वृश्चिक**

वित्तीय स्थिति मजबूत रहेगी। परिजनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। कला जगत से जुड़े लोगों के लिये आज का दिन विशेष है।

**धनु**

कार्यक्षेत्र में आपको गलत लोगों के कारण परेशानी उठानी पड़ेगी। स्वभाव में विनम्रता का भाव बनाकर रखें। कमर से निचले भाग में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**मकर**

नौकरी को लेकर इन्टरव्यू में सफलता मिल सकती है। लोग आपकी विचारधारा से बहुत जल्दी प्रभावित हो जायेंगे। बड़े भाई-बहनों के जीवन में कुछ सकारात्मक परिवर्तन आ सकते हैं।

**कुंभ**

अधीनस्थ कर्मचारियों पर अधिक विश्वास न करें। स्वादिष्ट भोजन का आनन्द उठायेंगे। व्यवसाय में सहयोगियों से सहायता ले सकते हैं।

**मीन**

अपनी योग्यता को सिद्ध करने का अवसर मिलेगा। आज भाग्य आपका साथ देगा। महिलाओं को आज अत्यधिक प्रशंसा मिलेगी। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### इकलौते पुत्र के गायब होने से परेशान, पुलिस से लगायी गुहार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनटीपीसी थाना क्षेत्र के रामनगर गांव निवासी निर्मला देवी पति स्वर्गीय सुनील साव के द्वारा एनटीपीसी थाना में अपने बेटे के अचानक गायब हो जाने के बाद खोजबीन करने के दौरान रो रो कर बुरा हाल है। दिए गए आवेदन में मां का कहना है कि उनका इकलौता पुत्र टुन्नू कुमार 22 नवंबर को अचानक सुबह 9:00 घर से निकला था और अभी तक वापस नहीं आया है पूरे रिश्ते नाते और परिवार के यहां खोजबीन करके थक गई हूं । अब अनहोनी का डर भय सताने लगा है, थक हारकर आखिरकार पुलिस से गुहार लगाई हूं लेकिन अभी तक मेरे इकलौते पुत्र का कोई अता पता नहीं चला है ।वहीं पुलिस मामले पर छानबीन करने की बात कह रही है।

### ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना के भटगांव पंचायत अंतर्गत अकबरपुर गांव के पास की रहने वाली एक महिला मंगलवार की सुबह जलावन के लिए रेलवे लाइन के किनारे लकड़ी बिन रही थी तभी अचानक एक मालगाड़ी की चपेट में आ जाने से महिला गंभीर रूप से जख्मी होकर रेलवे पटरी के किनारे गिर गई। स्थानीय लोगों के द्वारा जब महिला को लहूलुहान हालत में देखा तो जल्दबाजी में उसे बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला को बेहतर इलाज के लिए एंबुलेंस के माध्यम से पटना भेज दिया गया। परिजनों ने बताया कि महिला नित्य दिन रात का भोजन बनाने के लिए सुबह से शाम तक जलावन चुनती थी इसी दौरान हादसे की शिकार हो गई है। महिला की हालत चिंताजनक बताई गई है। महिला की पहचान सरस्वती देवी पति संतोष मांझी के रूप में हुई है।

### दो पक्षों में मारपीट, दो घायल

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनटीपीसी थाना क्षेत्र के परसामा पंचायत अंतर्गत पेंदाचक गांव में मंगलवार की रात्रि गांव की एक शादी समारोह में सजावट के समान को नशे की हालत में तोड़फोड़ करने से जब एक युवक को मना किया गया तो रात में उसने कहा सुनी होने के बाद चुपचाप घर चला गया। सुबह जब मना करने वाला व्यक्ति अपने खेत में काम करने के लिए जाने लगा तो खेत के पास अपने परिजनों के साथ मना करने वाले ज्ञान प्रकाश और बालवीर नामक व्यक्ति को खेत में जमकर मारपीट करना शुरू कर दिया। रड और लाठी डंडे से दो लोगों की जमकर पिटाई कर दी गई। बाद में बीच बचाव के बाद घायल को इलाज के लिए बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस मामले की छानबीन करने में लग गई है लेकिन घटना के बाद दो पक्षों में आक्रोश की स्थिति बनी हुई है।

### धोखाधड़ी मामले में पंजाब निवासी चार आरोपितों को 3 वर्ष की कैद

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम राम मनोहर चौधरी ने ठगी के आरोप में पंजाब निवासी चार आरोपियों को दोषी करार देते हुए उन्हें 3 वर्ष की कैद और 5000 रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। आरोपी लुधियाना के शक्तिनगर निवासी पवन सायाल, उनकी पत्नी अनीता सायाल, पुत्र सुमित सायाल और जालंधर के बाटला चौक निवासी नवनीत कक्कर को कसूरवार ठहराते हुए अदालत ने सजा सुनाई। इस संबंध में पंडारक थाने के बिहारीबीघा निवासी शंभू कुमार सिंह ने कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई थी जिसके आधार पर पंडारक थाने में 10 अगस्त 2014 को उपरोक्त व्यक्तियों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया था जिसमें आपसी मित्रता के विश्वास का हनन करते हुए रुपए ठगी करने का आरोप लगाया गया था। कोर्ट ने इस संबंध में सोमवार को विचारण के बाद सजा सुनाई।

### बाढ़ की महिला यात्रियों में आक्रोश

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन राजस्व के हिसाब से कई रेलवे स्टेशन को दानापुर मंडल अंतर्गत बहुत आगे है। इसके बावजूद भी रेलवे स्टेशन पर महिला रेल यात्रियों को टिकट पुरुष के साथ ही धक्का मुक्की कर के टिकट कटाना पड़ता है। मंगलवार के दिन भी महिला रेल यात्रियों को पुरुष के बीच टिकट काटने के दौरान भीड़ का सामना करना पड़ा। जिसको लेकर महिला चिल्लाना भी शुरू कर दिया। बताते चलें कि कई बार दानापुर रेल मंडल के पदाधिकारी जांच पड़ताल करने के लिए आते हैं लेकिन आने की जानकारी होते ही स्टेशन की साफ सफाई विधि व्यवस्था और सारे सिस्टम अपडेट हो जाते हैं लेकिन अधिकारी के जाते ही सारा सिस्टम फेल नजर आने लगता है। इतना ही नहीं प्लेटफार्म पर फिर से टिकट काटने वाले दलालों का भीड़ जमा हो जाती है । जिसके चलते आम यात्रियों को आरक्षण टिकट लेना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन सा साबित हो जाता है और दलाल रेल स्टाफ के सहयोग से मोटी रकम कमाने में सफल हो जाते हैं। जिसका हिस्सा कई लोगों के बीच वितरण होता है।

### महिला के खाते से साइबर जालसाज ने की 5 लाख की निकासी

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनेर थाना क्षेत्र के हल्दी छपरा बदल टोला गांव की रहने वाली एक महिला के खाते से साइबर जलसाज ने फिंगर के माध्यम से पांच बार में 10-10 हजार रुपए कर 50 हजार रुपए बैंक के अकाउंट से कर ली है। इस मामले में महिला के पति ने थाने में लिखित शिकायत करते हुए पुलिस से गुहार लगाई है। बताया जाता है कि हल्दी छपरा गांव के रहने वाले मनोज कुमार की पत्नी सरोज देवी का बैंक खाता बैंक ऑफ बड़ौदा में है। इस बीच साइबर अपराधी महिला के फिंगर किसी तरह चोरी करते हुए उसके खाते से पांच बार में 50 हजार रुपए की निकासी ली। जब महिला बैंक के ब्रांच में पहुंचकर अपने बैंक पासबुक को अपडेट कराया तो तो इसकी जानकारी हुई। जानकारी होने के बाद महिला और उनके परिवार वाले काफी परेशान हो गए। इसके बाद महिला के पति मनोज कुमार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

# बस संचालक की हत्या और दो शूटरों की मौत के बाद पुलिस ने 50 अज्ञात पर दर्ज किया मामला

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गोपालपुर थाना क्षेत्र के डोमनाचक गांव में सोमवार शाम हुई बस संचालक की हत्या और उसके बाद भीड़ द्वारा दो शूटरों की पिटाई से मौत के मामले में पुलिस ने दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की हैं. एक प्राथमिकी पुलिस के बयान पर अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज की गई है, जबकि दूसरी मृतक अर्शफी सिंह के परिजनों द्वारा देर शाम दर्ज कराई गई है. मामले की जांच जारी है. जानकारी के अनुसार बस संचालक अर्शफी सिंह को सोमवार शाम उनके घर पर ही मोटरसाइकिल सवार दो अपराधियों ने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था. वारदात के बाद भाग रहे दोनों शूटरों को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया और पीट-पीटकर मार डाला. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एक हथियार बरामद किया था, जबकि शव उठाते समय एक शूटर की पैंट से लोडेड रिवॉल्वर भी मिली. मृत शूटरों की पहचान राहुल उर्फ प्रवीण, निवासी कुम्हार टोली कंकड़बाग, और विजय कुमार, निवासी सरिस्ताबाद, के रूप में हुई है. पुलिस को दोनों के आपराधिक इतिहास का कोई रिकॉर्ड नहीं मिला है. पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर उन्हें परिजनों को सौंप दिया. पुलिस ने इस घटना को मॉब लिंचिंग मानते हुए अपने बयान पर करीब 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. डीएसपी सदर-2 के अनुसार प्राप्त वीडियो फुटेज के आधार पर दोषियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी. वहीं दूसरी ओर मृतक अर्शफी सिंह के परिजनों ने भी एक लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है. अर्शफी सिंह का अंतिम संस्कार फतुहा घाट पर कर दिया गया. घटना के बाद पूरे मोहल्ले में पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई है.

## जांच में पिटाई से पहले अपराधियों को मारी गई गोली

**दोनों बदमाशों के पिस्टल पुलिस ने किया बरामद**

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के रामकृष्ण नगर और गोपालपुर थाना क्षेत्र की सीमा पर स्थित डोमनाचक गांव में सोमवार की देर शाम हुए दोहरे हत्याकांड को लेकर नया खुलासा हुआ है. घटना के बाद जब एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और वैज्ञानिक जांच शुरू की, तब टीम ने देखा कि दोनों अपराधियों के सिर में गोली लगने के निशान मौजूद हैं. स्थानीय लोगों के अनुसार, बस संचालक-जमीन कारोबारी अशफीर्लाल उर्फ अशर्फी राय की हत्या कर अपराधी जब भाग रहे थे, तभी उनकी मोटरसाइकिल गांव के पास कीचड़ में फंसकर बंद हो गई. बाइक रुकते ही ग्रामीणों ने दोनों को घेर लिया. भीड़ ने दोनों अपराधियों के पास से दो पिस्तौल छीन ली और उसी पिस्तौल से पहले उनके सिर में गोली मार दी. इसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने उन्हें लाठी-डंडों से पीट-पीटकर मार डाला और पत्थरों से चेहरा भी क्षत-विक्षत कर दिया. घटना स्थल से दो पिस्टल बरामद की गई हैं जिन्हें एफएसएल ने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है. पुलिस दोनों मृत अपराधियों की पहचान, हत्या की वजह और इनके आपराधिक नेटवर्क की पुष्टि में जुटी है. देर रात तक बदमाशों की पहचान नहीं हो पाई थी.



## बस संचालक की हत्या के पीछे जमीन माफियाओं का हाथ, सुपारी देने वाला अब तक फरार

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामकृष्ण नगर के डोमनाचक में बस संचालक अर्शफी सिंह की हत्या भूमि विवाद का नतीजा बताई जा रही है और पुलिस भी इस एंगल को स्वीकार कर चुकी है. हत्या के पीछे किसने सुपारी दी, यह पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है. दोनों शूटरों की पहचान के बाद पुलिस मौके से मिले सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल डेटा और कॉल डिटेल की छानबीन में जुटी है. जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि अर्शफी सिंह खुद बस संचालन के धंधे में थे, लेकिन उनके पुत्र भूमि कारोबार से जुड़े थे और कई जमीन विवाद चल रहे थे. डोमनाचक गांव में अर्शफी सिंह का परिवार काफी प्रभावशाली माना जाता था. पुलिस को मौके पर मिले आधे दर्जन से अधिक खोखे, धारदार हथियार और दो बरामद हथियार इस बात की पुष्टि करते हैं कि हत्या की योजना सुनियोजित थी. मारे गए दोनों शूटरों की मोटरसाइकिल की जांच में रजिस्ट्रेशन नंबर और इंजन नंबर अलग-अलग पाए गए, जिससे स्पष्ट है कि वाहन फर्जी दस्तावेजों पर चल रहा था. पुलिस ने मौके से सीसीटीवी, मोबाइल डेटा और कॉल रिकॉर्ड अपने कब्जे में लेकर जांच तेज कर दी है. ग्रामीणों ने भी पुलिस को बताया कि यह हत्या जमीन कारोबार में सक्रिय दबंगों द्वारा कराई गई है. रामकृष्ण नगर इलाके में भू-माफियाओं का बड़ा नेटवर्क सक्रिय है और पहले भी कई बार जमीन कब्जे को लेकर गोलीबारी और हत्या की घटनाएं हो चुकी हैं. पुलिस ने इस केस में कई जमीन कारोबारियों को रडार पर रखा है और सुपारी देने वाले तक पहुँचने के लिए सैकड़ों मोबाइल नंबरों का विश्लेषण किया जा रहा है.

## बीच गंगा में नाव से गिरे युवक की डूबकर मौत, देर शाम तक शव बरामद नहीं

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार को देर शाम नासरीगंज घाट से नाव पर सवार होकर गंगा नदी पार अपने घर जाने के दौरान नाव से बीच गंगा नदी में गिरने से एक युवक डूबा गया है. मृतक का पहचान अकिलपुर थाने के कासीमचक पंचायत के बिशुनपुर निवासी लालता साव के 35 वर्षीय पुत्र संजय कुमार के रूप में किया गया है. गंगा नदी में डूबने की सूचना पर परिजनों चित्कार कर उठे है. गांव में मातम पसरा गया है. मंगलवार को सुबह एसडीआरएफ टीम गंगा नदी में शव को खोजबीन शुरू किया गया है. देर शाम तक शव बरामद नहीं किया गया है. मृतक परिजनों ने बताया कि सोमवार को देर शाम दानापुर के नासरीगंज घाट से नाव पर सवार गंगा नदी उस पार अपने घर बिशुनपुर जा रहा था. इसी दौरान बीच गंगा नदी में नाव पर बैठकर मोबाइल देखा रहा था. इसी दौरान अचानक संजय बीच गंगा के तेज धारा में गिर बह कर डूब गया है. शाम होने के कारण खोजबीन नही किया गया. दियारा के लोगों ने बताया कि पीपा पुल को 15 अक्टूबर के बाद चालू करने का प्रावधान है. इसके बाद भी संवेदक ने अक्टूबर माह से गंगा नदी में पीपा पुल जोड़ने का कार्य शुरू कर दिया गया था. पुल चालू होता तो संजय नाव से गिरकर नही डूबता .पानापुर घाट पर मृतक के पत्नी पुष्पा देवी, पुत्र, तीन पुत्री समेत परिजनों रोते-बिलखते देखकर सभी के आंखे नम हो गई.

## अचानक फुलवारीशरीफ थाना पहुंची सिटी एसपी ममता कल्याणी

**पुलिसकर्मियों में मचा हड़कंप**

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार देर रात फुलवारी शरीफ थाना का माहौल उस समय एकदम बदल गया जब बिना किसी पूर्व सूचना के नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) ममता कल्याणी अचानक थाना परिसर पहुंच गईं. उनके आते ही थाना में ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों में हलचल मच गई और कुछ ही मिनटों में पूरा स्टाफ एकदम सतर्क मुद्रा में दिखने लगा. सिटी एसपी ने पहुंचते ही पूरे थाना परिसर का निरीक्षण शुरू कर दिया. उन्होंने सबसे पहले रात्रि गश्ती की अनिवार्यता, फोर्स की तैनाती और रात में होने वाली आपराधिक गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने को लेकर अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली. उन्होंने कहा कि "रात की पुलिसिंग कमजोर पड़ते ही अपराधी सक्रिय हो जाते हैं, इसलिए पेट्रोलिंग में ढिलाई कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी.



**निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना की कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की**

दैनिकी रजिस्टर, हाजत व्यवस्था, मालखाना, अपडेट, वायरलेस कंट्रोल की स्थिति, सिरेस्ता का काम और लंबित मामलों की प्रगति—सभी को बारीकी से देखा. उन्होंने विशेष रूप से केस डायरी की अद्यतनता और लंबित कांडों में अनुसंधान की गति पर कड़ा रुख अपनाते हुए निर्देश दिया कि हर मामले को तय समय सीमा के भीतर निष्पादित किया जाए. सिटी एसपी ने कहा कि "हर शिकायतकर्ता को न्याय मिले, इसके लिए प्रोफेशनल और वैज्ञानिक ढंग से विवेचना करना अनिवार्य है. किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई तय है." जनता से जुड़े मामलों को प्राथमिकता देने और शिकायतों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करने को लेकर भी उन्होंने थाना प्रभारी को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया. उन्होंने कहा कि "पुलिस और जनता के बीच विश्वास मजबूत होना चाहिए. इसके लिए थाना स्तर पर संवेदनशीलता और तत्परता बेहद जरूरी है." औचक निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में मौजूद पुलिसकर्मियों में साफ तौर पर सतर्कता बढ़ती नजर आई. अचानक हुए इस निरीक्षण को पुलिसिंग में सुधार की बड़ी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है. उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में थाना की कार्यकुशलता, अनुशासन और जनसंपर्क में और सुधार देखने को मिलेगा.

## बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेल की महत्वपूर्ण भूमिका : निदेशक विजय





**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनेर के महादेव स्थान स्थित बीडीएम स्कूल के प्रांगण में स्थित खेल मैदान में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उदघाटन मुख्य अतिथि वार्ड संख्या 6 के पार्षद उदय कुमार शर्मा के द्वारा फीता काटकर किया गया।खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने अपना प्रतिभा दिखाए।खरगोश दौड़ में प्रथम स्थान अक्षत कुमार द्वितीय स्थान मनी एवं तृतीय स्थान अथर्व तथा बैलून दौर में प्रथम स्थान रोमीका प्रिया द्वितीय स्थान आयांश तृतीय स्थान खुशबू सभी बच्चों को मुख्य अतिथि के द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।इस अवसर पर पार्षद उदय शंकर शर्मा ने कहा कि उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं और प्रतिभाशाली छात्र भविष्य में प्रखंड क्षेत्र से राज्यस्तर पर पदक जीतने में भी सफल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में स्वस्थ मानसिकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं। इससे स्कूल के वातावरण में प्रेम, भाईचारे और सहयोग की भावना को मजबूती मिलती है। वहीं स्कूल के निदेशक बिजय शंकर ने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।मौके पर विद्यालय के प्रशासक रविशंकर, प्रबंध निदेशक आदित्य विजय शंकर प्रशिक्षक रितेश कुमार, रफत गायत्री अमित कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## कहाँ गया फल विक्रेता वकील प्रसाद? एक माह बाद भी नहीं मिला सुराग

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना जंक्शन पर फल बेचने वाले 41 वर्षीय वकील प्रसाद 1 अक्टूबर की शाम से रहस्यमय तरीके से गायब हैं और अब तक उनका पता नहीं चल पाया है.पति के लापता होने के एक माह बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने से पत्नी प्रेमलता देवी और तीन छोटे बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है.वकील प्रसाद करबिगहिया में किराए के कमरे में रहते थे और पटना जंक्शन के दक्षिणी छोर पर फल बेचकर परिवार चलाते थे. पत्नी प्रेमलता बच्चों के साथ अपनी मां के घर भोगीपुर में रहती हैं और पति के अचानक लापता होने से मानसिक रूप से टूट चुकी हैं. खोजबीन के बाद भी जब कहीं जानकारी नहीं मिली तो अगले दिन जक्कनपुर थाना में गुमशुदगी दर्ज कराई गई.

## अंडरपास की सफाई में आई तेजी, अखबार में खबर छपते ही जागे नगर निगम और जनप्रतिनिधि

**देर शाम तक दोनों लेन खोल दिए गए, स्थानीय लोगों ने अखबार का आभार जताया**

**खबर का असर**

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना बाइपास स्थित रामकृष्ण नगर के राम लखन पथ के सामने बने अंडरपास में लंबे समय से भरे गंदे पानी और कचरे की समस्या अखबार में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद आखिरकार नगर निगम और जनप्रतिनिधियों की नींद टूट गई. सोमवार दोपहर खबर प्रकाशित होने के कुछ ही घंटों बाद नगर निगम की सफाई टीम मौके पर पहुंची और अंडरपास की दोनों लेनों से कचरा और जमा गंदा पानी हटाने का कार्य शुरू कर दिया.स्थानीय लोगों ने नगर निगम से यह भी अपील की है कि सिर्फ सफाई ही नहीं, बल्कि स्थायी समाधान के लिए जलनिकासी प्रणाली को दुरुस्त किया जाए, ताकि भविष्य में अंडरपास फिर से पानी और कचरे का अड्डा न बने. स्थानीय लोगों ने बताया कि महीनों से अंडरपास की एक लेन पूरी तरह गंदगी और नल के रिसाव वाले पानी में डूबा था, जिससे एक लेन बंद हो गई थी और दूसरी लेन पर भारी दबाव के कारण रोजाना जाम की स्थिति बन रही थी. राहगीरों का चलना मुश्किल था और कई दोपहिया चालक फिसलकर घायल भी हो चुके थे. अखबार में समस्या उठाए जाने के बाद नगर निगम सक्रिय हुआ.

## औकाफ की हिफाजत मुसलमानों की धार्मिक ज़िम्मेदारी: अमीर शरीयत अहमद वली फैसल रहमानी



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सुप्रीम इंस्टीट्यूट फॉर ट्रेनिंग इन इफ़्ता एंड ज्यूडिशियरी के कॉन्फ्रेंस हॉल में मंगलवार को बिहार के वक्फ (औकाफ) ट्रस्टियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें राज्यभर की मस्जिदों, कब्रिस्तानों, मदरसों और स्कूलों के पाँच सौ से अधिक ट्रस्टियों ने भाग लिया. इस बैठक की अध्यक्षता बिहार, ओडिशा, झारखंड और पश्चिम बंगाल के अमीर शरीयत हजरत मौलाना सैयद अहमद वली फैसल रहमानी ने की. सभा को संबोधित करते हुए अमीर शरीयत ने कहा कि वक्फ संपत्तियाँ अल्लाह की अमानत हैं और उनकी सुरक्षा हर मुसलमान की धार्मिक ज़िम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि नया वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 संविधान, मानवाधिकार और सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों के खिलाफ है. इसलिए इस कानून की वापसी तक शांतिपूर्ण आंदोलन जारी रहेगा. अमीर शरीयत ने बताया कि पहले वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा बेहतर थी, लेकिन नए कानून में अनिवार्य पंजीकरण और कई शर्तों ने लोगों को उलझन में डाल दिया है. उन्होंने कहा कि जो संपत्तियाँ पहले से वक्फ बोर्ड में पंजीकृत हैं, उन्हें सरकार के उमिद पोर्टल पर अपलोड करना पड़े तो ट्रस्टी अपनी असहमति दर्ज कराते हुए विरोध-पत्र भी संलग्न करें. उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो मस्जिद, मदरसा, कब्रिस्तान या अन्य संपत्तियां वक्फ बोर्ड में पंजीकृत नहीं हैं, उन्हें अभी अपलोड करने की कोई बाध्यता नहीं है.

## एक दर्जन घरों से की चोरी, चोर को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र द्रवी लेन में चोरी की लगातार घटनाएं घट रही थी. जिससे मोहल्ले के लोग के बीच दहशत हो गया. सोमवार की देर रात द्रवी लेन निवासी मनोज दास के पत्नी पूनम देवी के घर में सोते समय चोर गोदरेज में रखे 10 हजार नगद रुपए और एक आईफोन चोरी कर फरार हो गया. गृहस्वामी पूनम देवी ने बताया कि रात करीब साढ़े 12 बजे अचानक आवाज सुनकर जब उन्होंने टॉर्च जलाई तो मोहल्ले के संतोष पासवान के पुत्र आर्यन उर्फ राजा भागते हुए दिखाई दिया. घटना की सूचना डायल 112 टीम को दी. सूचना मिलने पर 112 की टीम मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दिया. मंगलवार की सुबह पीड़िता को थाने पर बुलाया गया. घटना का खुलासा होते ही मोहल्ले में सनसनी फैल गई. मोहल्ले के मोहम्मद रियाज ने आरोप लगाया कि चोरी की नियत से उनका सीसीटीवी कैमरा भी तोड़कर अपने साथ लेकर चला गया. मुहल्ले में कई घरों का सीसीटीवी कैमरा कुछ दिनों से लगातार चोरी हो रहा था. वहीं स्व राजेंद्र शर्मा की पत्नी सबीता देवी के घर से भी आईफोन, रेडमी फोन समेत कीमती अन्य सामान गायब हो गया था. सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया तो आर्यन उर्फ राजा को चोरी करते हुए तस्वीर कैद था. चोरी की पुष्टि होने पर मोहल्ले के लोगों और पीड़ितों आरोपी के घर पहुचे तो वह उल्टा उन पर ही भड़का गये. जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी की जमकर पिटाई कर दी और लोगों ने इसकी सूचना डायल 112 के टीम को दी. सूचना पाकर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंच आरोपी आर्यन को हिरासत में लेकर थाने ले आई. सभी पीड़ितों ने स्थानीय थाने में आर्यन उर्फ राजा के विरूद्ध लिखित आवेदन दिया है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है.

## नवनियुक्त मंत्री सुरेन्द्र मेहता का बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में पहला दौरा





**नई योजनाओं और उपलब्धियों की ली विस्तृत जानकारी**

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के नव-नियुक्त पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने मंगलवार को बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना का दौरा किया और विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, शोध एवं प्रशासनिक गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की. इस दौरान विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉ. एन. विजयलक्ष्मी, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इन्द्रजीत सिंह, अपर सचिव स्मिता सिन्हा, उप सचिव मुकेश कुमार मुकुल, डीन डॉ. जे.के. प्रसाद, छात्र कल्याण पदाधिकारी डॉ. ए.के. शर्मा, निदेशक (कार्य व संयंत्र) बी.के. झा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और शिक्षक मौजूद रहे. कुलपति डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने मंत्री को बताया कि पशुपालन और मत्स्य क्षेत्र आज पोषण-सुरक्षा और आर्थिक विकास के मजबूत स्तंभ हैं. उन्होंने कहा कि मीट, अंडा, दूध और मछली जैसे सुपर फूड की बढ़ती मांग को देखते हुए इस क्षेत्र में रोजगार और उद्यमिता की अपार संभावनाएँ हैं. उन्होंने विश्वविद्यालय के चारों अंगीभूत महाविद्यालयों, नए कोर्स, चल रहे शोध कार्य, आईवीएफ व ईटीटी तकनीक में मिली उपलब्धियों और छात्रों के शत-प्रतिशत प्लेसमेंट की जानकारी भी दी. कुलपति ने संजय गांधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान में प्रस्तावित इन्क्यूबेशन सेंटर की योजना भी प्रस्तुत की, जिसके माध्यम से दुग्ध उत्पादन और प्रसंस्करण आधारित स्टार्टअप एवं उद्यमिता को बढ़ावा दिया जाएगा. मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि विकास योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान तक पहुँचे. उन्होंने कहा कि ग्रामीण और कृषक समुदाय की समृद्धि तथा पशु-संसाधन आधारित आजीविका को सशक्त बनाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है.

## खुला मैनहोल बना हादसों का गड्ढा: वार्ड 30 में नगर निगम की लापरवाही से दहशत में लोग



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना नगर निगम के वार्ड नंबर 30, रोड नंबर 2 संजय नगर सहित आसपास की कई गलियों में दर्जनों मैनहोल लंबे समय से खुले पड़े हैं. रामलखन पथ से कंकड़बाग और रामकृष्ण नगर जाने वाली मुख्य सड़क पर भी कई मैनहोल के ढक्कन गायब हैं, जो आए दिन दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे हैं. खुले मैनहोल की वजह से कई लोग पहले भी हादसे का शिकार हो चुके हैं. सबसे ज्यादा छोटे-छोटे बच्चों को परेशानी हो रही है जो स्कूल जाने के दौरान आने-जाने में खुले मैनहोल के ढक्कन में गिरकर दुर्घटना का शिकार हो जा रहा है. स्थानीय लोगों-संतोष कुमार, बिनु, अशोक साहू, कर्ण राज, सनी कुमार, मनोज चौधरी, रंजीत यादव, भोजपुरी सिंगर विजय राजे यादव, शाहिद और अन्य-ने बताया कि इन मैनहोल का ढक्कन लगाए एक साल से ज्यादा समय बीत चुका है, लेकिन अब तक नगर निगम की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है. बरसात के दिनों में सड़क पर पानी भर जाने के बाद स्थिति और खतरनाक हो जाती है. पानी में मैनहोल दिखाई नहीं देता और कई बार पैदल चलने वाले लोग, साइकिल सवार व बाइक सवार इसमें गिरकर बुरी तरह घायल हो चुके हैं. स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि जनप्रतिनिधियों और नगर निगम के अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन केवल आश्वासन मिलता रहा. सफाई कर्मी रोजाना खुले मैनहोल के पास से गुजरते हैं, फिर भी ढक्कन लगाने या किसी तरह की सुरक्षा व्यवस्था करने की चिंता किसी को नहीं है. लोगों का कहना है कि नगर निगम की यह लापरवाही गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है. इलाके के निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सभी खुले मैनहोल पर ढक्कन नहीं लगाए गए, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे.

## संक्षिप्त समाचार

### अधिसूचित क्षेत्र समिति के प्रथम उपाध्यक्ष की पुण्यतिथि मनी

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनेर अधिसूचित क्षेत्र समिति के प्रथम उपाध्यक्ष स्व.राजनीति प्रसाद की पांचवी पुण्यतिथि मनाई गई। मनेर नगर पंचायत बनने से पूर्व मनेर अधिसूचित क्षेत्र समिति था। जिसके स्व.राजनीति प्रसाद प्रथम उपाध्यक्ष तो थे ही वे राजकीय बालिका उच्च विद्यालय के संस्थापक व सचिव भी थे। पुण्यतिथि पर उन्हें उनके पुत्र सत्यजीत राज समेत अन्य समाजसेवियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनके द्वारा किए गए कार्य को सराहना की एवं उनके द्वारा दिखाए गए नक्शे कदम पर चलने का संकल्प लिया।

### राम जनकी विवाह पर निकली शोभायात्रा

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को बालूपर स्थित रामजानकी ठाकुर बाड़ी मंदिर परिसर से विवाह पंचमी के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा मे डीजे, गाजे बाजे, ऊंट हाथी के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। श्रीराम विवाह उत्सव पर डोली में भगवान की निकली यात्रा रामजानकी ठाकुर बाड़ी से निकलकर मनेर नगर परिषद के विभिन्न स्थानों से होते हुए वापस ठाकुर बाड़ी पहुची। गाजे-बाजे के साथ निकली शोभा यात्रा में भक्ति गीतों व जय श्री राम के नारे से आस पास का माहौल भक्तिमय बना रहा। लोगों ने अपने अपने घरों से निकलकर डोली में रखे भगवान की पूजा अर्चना की।

### लावारिस खड़े मिनी ट्रक से 408 पीस बोतल शराब बरामद

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के परसा बाजार थाना पुलिस ने खैराटोली गांव के पास सड़क किनारे खड़े एक लावारिस मिनी ट्रक से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की. बरामद शराब विभिन्न ब्रांड की है और कई कार्टून में भारी पड़े हुए है.पुलिस ने मिनी ट्रक को जप्त कर लिया है और यह पता लगाने में जुटी है कि शराब कौन लोग लेकर आए थे, किसे डिलीवरी देनी थी और गिरोह में कौन-कौन शामिल हैं.



पुलिस का कहना है कि जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा. थाना अध्यक्ष मेनका रानी ने बताया कि नियमित गश्ती के दौरान संदिग्ध वाहन दिखने पर पुलिस टीम ने उसे चेक किया. तलाशी लेने पर ट्रक में विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब की बोतलें भरी मिलीं, जिनकी कुल मात्रा 408 पीस बोतल यानि 305 लीटर है.

### खेत जोतने से किया मना तो युवक पर चढ़ाया ट्रैक्टर

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के खोड़ा बसवरिया गांव में विवादित भूमि को जोतने से मना करने पर ट्रैक्टर चालक ने हत्या की नीयत से एक युवक को ट्रैक्टर चढ़ा दिया। घटना मंगलवार की दोपहर घटी है। सूचना मिलते ही चिरैया पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से घायल युवक को चिरैया सीएचसी में भर्ती कराया है। लेकिन उसकी गम्भीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने मोतिहारी रेफर कर दिया है। जहां एक निजी नर्सिंग होम में उसका इलाज हो रहा है। घायल युवक गौरव कुमार (16) उक्त गांव निवासी दिवाकर राय का पुत्र है। जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि पुश्तैनी जमीन के बंटवारे को लेकर उनके पट्टीदार राजदेव राय से विवाद चल रहा है। घटना के समय राजदेव राय का पुत्र राजेश राय ट्रैक्टर लेकर उक्त विवादित भूमि को जोतने चला गया। जिसकी जानकारी मिलते ही घायल गौरव कुमार खेत पर पहुंच कर जोतने से मना करने लगा। जिससे आक्रोशित होकर राजेश राय ने उसकी हत्या करने की नीयत से शरीर पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। जिसके कारण वह बुरी तरह घायल हो गया। घटना को लेकर त्वरित कार्रवाई करते हुए चिरैया पुलिस ने ट्रैक्टर को जप्त कर लिया है। जबकि ट्रैक्टर चालक भागने में सफल रहा है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि घायल युवक के परिजनों द्वारा अभी तक आवेदन पत्र नहीं दिया गया है। आवेदन पत्र मिलते ही प्राथमिकी दर्ज कर कारवाई की जायेगी।

### शिक्षकों की सराहनीय पहल, अपने वेतन के पैसे से बच्चों के बीच स्वेटर वितरण

मीरचक प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों की सराहनीय पहल

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बढ़ते ठंड को देखते हुए मसौढी प्रखंड के मीरचक प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों की सराहनीय पहल देखी गई है। जहां सभी शिक्षकों ने मिलकर अपने निजी फंड को जमा करते हुए बच्चों के बीच स्वेटर वितरण का कार्य किए हैं।जहाँ स्वेटर पा कर सभी



बच्चों में खुशी का माहौल है।वहीं शिक्षकों की इस पहल पर अभिभावकों ने काफी सराहा है।ठंठ के मौसम को देखते हुए विद्यालय प्रशासन द्वारा 60 बच्चों को स्वेटर उपलब्ध कराया गया, जिससे वे आगामी सर्दी से सुरक्षित रह सकें. गर्म कपड़ों का वितरण विध्यालय के प्रभारी शिक्षक की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ. स्वेटर वितरण कार्यक्रम के दौरान शिक्षक दिपक शर्मा ने बच्चों को उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ स्वास्थ्य व सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी।।प्रधान शिक्षका सोनी कुमारी ने बताया की बच्चे सुबह 9:30 बजे स्कूल आते है और सुबह मे ठंडक के कारण काफी दिक्कत होता था।अतः हम सभी शिक्षकों ने अपने निजी मद से स्वेटर वितरण का निर्णय लिया।शिक्षक दीपक कुमार ने कहा की सभी बच्चे काफी खुश है और शिक्षक के लिए बच्चे ही सब कुछ है।इस अवसर पर शिक्षिका शोभा कुमारी, कुमारी प्रतिमा वर्मा,राखी कुमारी एवं मादरा प्रवीण उपस्थित रही। प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन समय-समय पर छात्राओं के हित में उपयोगी सामग्रियों का वितरण करता रहता है, ताकि बच्चे बिना किसी कठिनाई के अपनी शिक्षा जारी रख सकें।

# आधुनिक भूमि एवं जल प्रबंधन हेतु रिमोट सेंसिंग, जीआइएस और मशीन लर्निंग पर कार्यशाला आयोजित







**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में दिनांक 25 नवंबर 2025 को आधुनिक भूमि एवं जल प्रबंधन हेतु रिमोट सेंसिंग, जीआईएस एवं मशीन लर्निंग का उपयोग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला बामेती, पटना द्वारा प्रायोजित थी। कार्यशाला में पटना, गया जी, सारण, वैशाली और जहानाबाद जिलों से आए बिहार सरकार के विभिन्न विभागों के कुल 24 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। इनमें 12 एटीएम/ बीटीएम, 6 कृषि समन्वयक, 4 प्रखंड कृषि/ उद्यान पदाधिकारी तथा आत्मा के 2 उप परियोजना निदेशक, आत्मा सम्मिलित थे। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता संस्थान के कार्यकारी निदेशक डॉ. आशुतोष उपाध्याय द्वारा की गई। उन्होंने आधुनिक कृषि में डिजिटल तकनीकों की परिवर्तनशील भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, रिमोट सेंसिंग और जीआईएस जैसी तकनीकें संसाधन दक्षता बढ़ाने, जलवायु-सहिष्णु कृषि एवं टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने तथा भूमि एवं जल प्रबंधन में विज्ञान-सम्मत निर्णय को सुदृढ़ करने में अत्यंत सहायक सिद्ध हो रही हैं।

इस कार्यक्रम में डॉ. उज्ज्वल कुमार, प्रमुख, सामाजिक-आर्थिक एवं प्रसार प्रभाग; डॉ. संजीव कुमार, प्रमुख, फसल अनुसंधान प्रभाग एवं डॉ. कमल शर्मा, प्रमुख, पशुधन एवं मात्स्यिकी प्रबंधन प्रभाग ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने क्लासिफिकेशन एल्गोरिद्म, रिग्रेशन मॉडल एवं पूर्वानुमान प्रणालियाँ जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग उपकरणों की बढ़ती उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की। वैज्ञानिकों ने इस बात पर बल दिया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता-आधारित विश्लेषण क्षेत्र में जलवायु-सहिष्णु एवं टिकाऊ कृषि प्रणालियों के विकास के लिए अत्यंत संभावनाएँ प्रदान करता है। कार्यशाला के दौरान वैज्ञानिकों द्वारा आधुनिक स्मार्ट उपकरणों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग अनुप्रयोगों, रिमोट सेंसिंग-जीआईएस तकनीकों, मशीन एवं डीप लर्निंग दृष्टिकोणों तथा भूमि एवं जल उत्पादकता बढ़ाने हेतु स्मार्ट तकनीकों पर केंद्रित विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। अंत में, सहभागी समूह चर्चा एवं विशेषज्ञ पैनल सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों और वैज्ञानिकों ने अपने विचार साझा किए, खेती संबंधित चुनौतियों की पहचान की और भूमि तथा जल संसाधन प्रबंधन में आधुनिक तकनीकों के एकीकरण के लिए संभावित सहयोगी अवसरों पर विचार-विमर्श किया। डॉ. रोहन कुमार रमण, वरिष्ठ वैज्ञानिक, कार्यक्रम के आयोजन सचिव रहे, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. धीरज कुमार सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक द्वारा प्रस्तुत किया गया।

## रक्सौल अनुमंडलीय अस्पताल का विधायक प्रमोद सिन्हा ने किया निरीक्षण

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा ने मंगलवार को रक्सौल अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से बातचीत कर इलाज, दवा, सफाई व अन्य सुविधाओं की जानकारी ली तथा उनकी समस्याएं सुनीं।



निरीक्षण के क्रम में विधायक ने अस्पताल की सफाई व्यवस्था, दवाइयों की उपलब्धता, बेड की स्थिति, डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति तथा इमरजेंसी सेवा की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा मरीजों को समय पर दवाइयां उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। इस मौके पर उन्होंने अनुमंडल उपाधीक्षक डॉ. स्वाति सपन को जनसेवा से जुड़े कार्यों को और अधिक संवेदनशील व प्रभावी ढंग से करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि अस्पताल की सेवाएं आम जनता से जुड़ी होती हैं, इसलिए इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के कई चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## एसपी ने किया मैनाटांड थाना का निरीक्षण

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विधि व्यवस्था की जानकारी को लेकर मंगलवार को एसपी डॉक्टर शौर्य सुमन ने मैनाटांड थाना का निरीक्षण किए। सबसे पहले एसपी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान थाना के विभिन्न पंजियों का निरीक्षण किया।निरीक्षण में उन्होंने थाना में संधारित पंजियों, संचिकाओं, गुंडा पंजी, पासपोर्ट पंजी, आरटीआई पंजी, आगंतुक पंजी,मालखाना पंजी महिला हेल्प डेस्क पंजी, लोक शिकायत पंजी,हाजत पंजी, वारंट इश्तिहार, कुर्की पंजियों का अवलोकन किया। साथ ही साथ उसे अद्यतन रखने का निर्देश भी दिया गया। थाना में लंबित कांडों की समीक्षा कर संबंधित अनुसंधानकर्ता को त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। वही थाना में नियमित रूप से सभी दागियों को सत्यापित करने एवं उनके गतिविधियों पर नजर रखने का निर्देश दिया गया।

## मुंशी सिंह महाविधालय में 'लैंगिक समानता' विषयक संवाद और 'लापता लेडीज' फिल्म की स्क्रीनिंग का हुआ आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंशी सिंह महाविद्यालय, की एन. एस. एस. इकाई के तत्वावधान में आज 'नयी चेतना : पहल बदलाव की' अभियान के अंतर्गत 'लैंगिक समानता' विषय पर एक सारगर्भित संवाद एवं चर्चात्मक कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में लैंगिक संवेदनशीलता, समान अधिकारों की समझ तथा सामाजिक रूढ़ियों को चुनौती देने की जागरूकता को बढ़ाना था। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में 'लैंगिक समानता' पर खुला संवाद आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने समकालीन समाज में लैंगिक असमानताओं, महिला सुरक्षा, समान अवसर, शिक्षा और रोजगार से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखे। इसके उपरांत किरण राव द्वारा निर्देशित 'लापता लेडीज' फि ल्म की विशेष स्क्रीनिंग रखी गई। फि ल्म ने



उपस्थित विद्यार्थियों को गहराई से प्रभावित किया और महिलाओं की पहचान, स्वतंत्रता तथा सामाजिक अपेक्षाओं पर एक सार्थक विमर्श को जन्म दिया। फि ल्म के माध्यम से यह संदेश उभर कर आया कि प्रत्येक महिला अपने सपनों और अस्तित्व के साथ एक स्वतंत्र व्यक्तित्व है, जिसे सम्मान और समान अधिकार मिलना चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एम.एन.हक. ने मौके पर इस रचनात्मक पहल की प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों में लैंगिक समानता की भावना और जागरूकता को महत्त्वपूर्ण बताया। उन्होंने एन.एस.एस. कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. गौरव भारती की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्र-छात्राओं में सामाजिक चेतना विकसित करने के साथ-साथ उन्हें सकारात्मक बदलाव का वाहक बनाते हैं। इस अवसर पर डॉ. मनोहर कुमार श्रीवास्तव, डॉ. पवन कुमार, डॉ. खानम आफरीन, डॉ. शशिकांत यादव, डॉ. कौसर नाज, डॉ. रूपकथा घोष डॉ. नितीश कुमार आदि सहित एन.एस.एस स्वयंसेवियों, शिक्षकेतर कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही।

## मसौढी के राम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर में विवाह पंचमी पर निकली श्री राम की बारात,मनाया गया भव्य विवाहोत्सव

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विवाह पंचमी के अवसर पर ठाकुरबाड़ी मंदिर मसौढी में भव्य सीता राम विवाह का आयोजन किया गया। जिसमें पारंपरिक रीति-रिवाजों और उत्साह के साथ भगवान राम और माता सीता के विवाह का उत्सव मनाया गया। जहाँ जय श्री राम, जय जानकी मैया, जय सीता -राम के जयघोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया।कार्यक्रम के अध्यक्ष मनोज गोस्वामी ने बताया कि विवाह पंचमी के अवसर पर भगवान श्रीराम व जानकी माता की दिव्य झांकी बैंड-बाजे के साथ निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने नगर भ्रमण किया। श्रीराम की बरात ठाकुरवाडी मंदिर परिसर से निकली जो मसौढी मेन रोड से सब्जी मंडी होते हुए मुख्य मार्ग होते हुए पूजन के बाद पुनः परिसर में पहुंची। इस दौरान जगह-जगह पुष्प की वर्षा मंगल गीत गाकर लोगों ने स्वागत किया। वहीं श्री राम जानकी ठाकुरवाडी मंदिर के मुख्य पुजारी गोपाल पांडे ने श्री राम चरित मानस की चौपाइयों से भगवान का विवाह प्रसंग सुनाया, जिसे सुन श्रद्धालु भाव -विभोर हो गए। वहीं विवाह गित गाये जिसमे आज मिथिला नगरिया निहाल सखिया, चारों दूल्हा में बड़का कमाल सखिया ... आदि भजनों को सुनकर भक्त झूमने लगे। वहीं सखी हे आरती उतारू रघुनंदन दूल्हा के साथ आरती संपन्न हुई। उन्होंने कहा श्री सीताराम विवाह भक्त और भगवान का जीव और शिव का नर और नारायण का मिलन कार्यक्रम है। सीता राम दरबार के विग्रह पुष्प से सिंगार हुआ।



## पुरुष नसबंदी पखवाड़ा में पुरुषों की सक्रिय भागीदारी को लेकर आशा फेसिलेटरों के साथ बैठक

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढी में इन दिनों चल रहे पुरुष नसबंदी पखवाड़ा को लेकर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रामानुज की अध्यक्षता में बैठक की गयी.



बैठक में आशा फैसिलिटेटर मौजूद रहे. बैठक में चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से 21 नवंबर से 12 दिसंबर तक पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन चल रहा है। आप सभी अपने-अपने क्षेत्र में जा जाकर उन पुरुषों के बीच जागरूक करें और उन्हें अस्पताल लाकर पखवाड़ा में कार्यक्रम में शामिल करें।इसका मुख्य उद्देश्य पुरुषों में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और पुरुष नसबंदी को सुरक्षित, सरल और प्रभावी विधि के रूप में प्रोत्साहित करना है। इसके साथी उन्होंने मसौढी वासियों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक पुरुष पखवाड़े का लाभ उठाएं और सुरक्षित एवं स्थायी परिवार नियोजन विधियां अपनाएं। परिवार नियोजन केवल महिलाओं की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि पुरुषों की सक्रिय भागीदारी से ही परिवार स्वस्थ, खुशहाल और आर्थिक रूप से मजबूत बन सकता है। चंद्रभूषण प्रसाद ने बताया की पुरुष नसबंदी के साथ-साथ महिला बंध्याकरण, पीपीआइयूसीडी, इंटरवल आइयूसीडी, गर्भनिरोधक इंजेक्शन, कंडोम और गर्भनिरोधक गोलियों के बारे में भी समुदाय को जागरूक किया जा रहा है.

## शादी के नीयत से अलग-अलग जगहों से दो किशोरियों का अपहरण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** योगापट्टी व गोपालपुर थाना क्षेत्र के अलग अलग गांव से शादी के नीयत से दो किशोरियों का अपहरण कर लिया गया है। मामले में दोनों के परिजनों ने संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। पुलिस दोनों मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। मझौलिया थाना क्षेत्र के एक गांव से 17 वर्षीय किशोरी के अपहरण के मामले में उसकी दादी प्राथमिकी दर्ज कराई है। किशोरी 22 नवंबर को घर से शौच के लिए निकली थी, तभी उसके गांव का ही एक युवक उसे भगा ले गया। किशोरी की दादी ने हसबुद्दीन अंसारी, उसके पिता इद्रीस अंसारी, मां कमरुल नेशा के खिलाफ योगापट्टी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। किशोरी की दादी ने पुलिस से बताया है कि उसकी पोती घर से शौच के लिए निकली थी। तभी हसमुद्दीन अंसारी उसे बहला फुसलाकर शादी करने के नीयत से भगा ले गया। वह हसमुद्दीन अंसारी के घर पूछताछ करने गई तो अन्य आरोपित गंदी गंदी बात बोलने लगे। मना करने पर मारपीट करने पर उतारू हो गए। वही किशोरी के अपहरण का दूसरा मामला गोपालपुर थाना क्षेत्र का है। गोपालपुर थाना में दर्ज कराए गए प्राथमिकी में 13 वर्षीय किशोरी के पिता ने बताया है कि 20 नवंबर को उसकी पुत्री घर से शौच के लिए निकली थी। वापस नहीं आने पर खोजबीन शुरू हुई तो पता चला कि मोहछी निवासी अजय कुमार शादी की नीयत से उनकी पुत्री का अपहरण किया है।

## सड़क हादसे में दूल्हे के चचेरे भाई की हुई मौत, चार जख्मी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवानगंज के गडेरिया टोला में शादी की खुशी माता में तब्दील हो गई है। जहां शव आते ही परिजनों में हाहाकार मच गया है। दरअसल 24 नवंबर को भगवानगंज से गया बराती गई हुई थी, जो सुबह में लौटने दौरान कडौना के पास में सड़क हादसे में दूल्हे के चचेरे भाई नीरज कुमार पिता गणेश भगत गडेरिया टोला भगवानगंज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार चार लोग गंभीर रूप में घायल हो गए हैं। जिसका इलाज पीएमसीएच में चल रहा है। घायलों में रंजीत कुमार, रंजन कुमार, गुड्डू अंसारी और सोनू कुमार है।एक की हालत चिंताजनक बताई जाती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक नीरज कुमार दूल्हे का चचेरा भाई है जो बराती से लौट के दरमियान सड़क हादसे में घटना घट गई है। घटना के बाद जब पार्थिव शरीर भगवानगंज की गडेरिया टोला गांव में पहुंचा तो हर तरफ रोते बिलखते चीत्कार मच गया शादी की खुशी माता में तब्दील हो गई। ऐसे में इस घटना के बाद दूल्हा दुल्हन की गाड़ी गया से बाराती भगवानगंज आने के बजाय दूल्हे के नानी के घर दुल्हन को लेकर जाना पड़ा और सभी वैवाहिक कार्यक्रम को रोक दिया गया है हर तरफ शादी की खुशी आंसू में तब्दील हो गई है।



## बाइक के ठोकर से बच्ची के पैर की हड्डी टूटी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के नदौल बाजार के पास एक बाइक के ठोकर से एक 7 साल की बच्ची सलोनी कुमारी गंभीर रूप में जख्मी हो गई है। जिसके दाहिने पैर का हड्डी टूट गई है और वह बेहोश हो गई है। इस मामले में जख्मी बच्ची की मां संजु देवी पति सुधीर दास मटौढा निवासी ने बाइक सवार व्यक्ति के खिलाफ मसौढी थाने में लेकर आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। दिये गये आवेदन में लिखा है कि हमारी बच्ची सलोनी कुमारी उम्र 7 वर्ष अपनी भाभी के साथ बाजार गई थी वह घर लौट रही थी उसी समय नदौल गुमटी के पास में लापरवाही के साथ बाइक से ठोकर मार दिया जहां हमारी बच्ची की दाहिने पैर की हड्डी टूट गई और वह बेहोश हो गई है जिसे इलाज के लिए स्थानीय निजी नर्सिंग होम में भर्ती कारण हैं जहां उसे अब रॉड लगाना पड़ेगा। वहीं आसपास के लोगों ने उसकी बाइक पकड़ लिया है जिसे छुड़ाने के लिए जान से मारने की धमकी दे रहा है। आरोपी का नाम सुकेश कुमार पिता गणेश यादव सकरपुरा का रहने वाला है पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

## भारतमाला प्रोजेक्ट योजना का लोहे का सामान चुराकर भाग रहे चोर को टैंपू के साथ पुलिस ने दबोचा

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के वीर गांव के समीप चल रहे भारत माला प्रोजेक्ट के तहत निर्माण कार्य में लोहे के सेटिंग का कई सामान को चोरी करें टेंपो पर लाद कर भाग रहे एक चोर को गस्ती पार्टी पुलिस ने उसे खदेड कर पकड़ा है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया की एक नाबालिक टेंपो पर लादकर कुछ लोहे का सामान लेकर जा रहा था गस्ती पार्टी पुलिस जब उसे देखा तो टेंपो छोड़कर वह भागने लगा जिसे पुलिस ने उसे खदेड कर पकडा है। जहां टेंपो पर लदा हुआ लोहे के कई सामान को जप्त किया गया है। जो भारतमाला प्रोजेक्ट योजना के निर्माण कार्य में चल रहे लोहे के सभी समान थे। पकड़े गए चोर नाबालिक है जो हिलसा का रहने वाला है पुलिस ने उसे डिमांड होम में भेजा है। वही भारतमाला प्रोजेक्ट योजना के तहत काम कर रहे कर्मचारियों ने कहा कि लगातार इस तरह की घटनाएं कई बार हो चुकी है हमारे प्रोजेक्ट में लगे हुए कई तरह के सामान की चोरियां हो जाती हैं। पिछले बार भी इस तरह से घटना घट चुकी है।

# चक्रपाणि रेजिडेंशियल स्कूल ने की सत्र 2026-2027 के लिए विशेष छात्रवृत्ति योजना की घोषणा

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चक्रपाणि रेजिडेंशियल स्कूल ने शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सत्र 2026-2027 के लिए विशेष छात्रवृत्ति योजना की घोषणा की है। स्कूल प्रशासन के अनुसार, इस योजना के तहत प्रतिभाशाली एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को बड़ी संख्या में लाभ प्रदान किए जाएंगे, ताकि वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य को सशक्त बना सकें। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि एक छात्र और एक छात्रा को कक्षा 6 से 12 तक छात्रावास का कुल खर्च लगभग 22,50,000 रुपये तक वहन किया जाएगा। वहीं छात्रावास में रहने वाले 100 छात्रों को मेरिट और आर्थिक स्थिति के आधार पर प्रति वर्ष 50,000 से 1,00,000 रुपये तक की सहायता दी जाएगी। डे-स्कॉलर विद्यार्थियों के लिए भी 40,000 से 50,000 रुपये तक वार्षिक शैक्षणिक शुल्क सहयोग की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, 30 चयनित विद्यार्थियों को 20,000 से 30,000 रुपये तक की शैक्षणिक सहायता मिलेगी। खेल-कूद में राज्य स्तर पर प्रथम आने वाले छात्रों को प्रति खेल 5,000 रुपये और 10,000 रुपये तक की वार्षिक प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। विद्यालय में विशेष रूप से कक्षा 4 एवं 6 के विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा में अंग्रेजी, हिंदी, गणित, एसएसटी-सामान्य ज्ञान एवं मौखिक परीक्षा शामिल होगी, जिसकी लिखित परीक्षा 4 जनवरी 2026 तथा मौखिक परीक्षा 1 फरवरी 2026 को होगी।



**चक्रपाणि रेजिडेंशियल स्कूल क्यों?**

विद्यालय का कहना है कि कक्षा 6 से 12 तक का समय किसी भी बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है। इसी आधार पर विद्यालय योग्यता आधारित शिक्षण, अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणाम उन्मुख कोचिंग, स्मार्ट क्लास, बेसिक अकनॉलेज, ऑल इंडिया लेवल प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी जैसी श्रेष्ठ सुविधाएँ उपलब्ध करा रहा है। कई छात्रों ने राज्य स्तर पर पुरस्कार भी जीते हैं।

**श्रेष्ठ छात्रावास व्यवस्था**

विद्यालय में छात्रों और छात्राओं के लिए अलग-अलग आधुनिक छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है, जहाँ बेहतर खान-पान, पढ़ाई, अनुशासित दिनचर्या और सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जाता है। मोबाइल और गेम की लत से बचाव, सांस्कृतिक गतिविधियां, पी.टी., खेल, योग आदि की नियमित व्यवस्था भी की गई है। विद्यालय के छात्रों ने कई शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। हाल ही में राज्यपाल और विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति ने भी विद्यालय का भ्रमण कर इसकी प्रशंसा की। चक्रपाणि रेजिडेंशियल स्कूल की यह छात्रवृत्ति योजना निश्चय ही आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभावान छात्रों के लिए एक बड़ा अवसर साबित होगी। विशेष जानकारी के लिए विद्यालय, राजगीर, नालंदा, बिहार बिहार पुलिस अकादमी के बगल में, इंटरनेशनल न्यू नालंदा यूनिवर्सिटी, इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, आईटी पार्क, छबीलापुर, बिहार में संपर्क कर सकते हैं या फोन : 9031650071, 9905252725 पर कॉल कर सकते हैं या वेबसाइट : www.chakrapaniresidentialschool.co.in पर लॉग इन करें।

## किसान संघ की बैठक संपन्न

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के झझरी गांव में किसान एकत्रीकरण अभियान के तहत एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नागेंद्र प्रसाद ने की। बैठक में संघ की मजबूती पर बल दिया गया। बैठक में किसानों ने अपनी प्रमुख मांगों में गन्ना, धान, बाजरा और गेहूं जैसी फसलों के लिए उचित न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने की बात कही।

**Affidavit**

I, SHAHJAHAN ALAM holder of Indian Passport No:Z4651194 issued at PATNA on 08/05/2018 and Permanent Resident of FLAT NO 204 SAFA MANSION INDRAPURI SAMANPURA PO B V COLLEGE PS SHASTRI NAGAR PATNA PIN 800014 BIHAR INDIA and presently residing at DUBAI UAE do hereby change the name of my minor child JABEEN AMNA holding Indian Passport No: V9293211 issued at DUBAI on 08/10/2022 from JABEEN AMNA to AMNA(Given name) JABEEN (Surname) with immediate effect.

C M Y K

# गंगा समिति की बैठक में सफाई और गाद निकासी पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला गंगा समिति, नमामि गंगे, जहानाबाद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दरधा एवं मोरहर नदी की सफाई, गाद निकासी, रिवर फ्रंट विकास, एस.टी.पी निर्माण, बायो-मेडिकल कचरा नियंत्रण, सिंगल यूज़ प्लास्टिक उन्मूलन तथा जन-जागरूकता कार्यक्रमों से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

**मुख्य निर्णय एवं निर्देश**

इस दौरान दरधा नदी की साफ-सफाई एवं गाद निकासी हेतु कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं निस्सारण, एकंगरसराय को दरधा नदी की साफ-सफाई एवं गाद निकासी हेतु विस्तृत कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया गया।

वहीं मोरहर नदी की गाद निकासी के संबंध में बैठक में बताया गया कि मोरहर नदी में गाद निकासी के लिए सर्वेक्षण कार्य शीघ्र आरंभ किया जाएगा।सर्वेक्षण पूर्ण होने के पश्चात चरणबद्ध रूप से गाद निकासी की जाएगी। इस बीच रिवर फ्रंट विकास नगर परिषद जहानाबाद एवं परियोजना निदेशक बुडको को रिवर फ्रंट विकास को लेकर कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिए गए।

बैठक में एस.टी.पी. (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) निर्माण सहायक परियोजना निदेशक, बुडको ने बताया कि एस.टी.पी. निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए एस.टी.पी. कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाए। नदी किनारे सफाई कार्य नगर परिषद, जहानाबाद को दरधा नदी के दोनों किनारों पर नियमित सफाई, सघन अभियान एवं सतत निगरानी सुनिश्चित करने साथ ही साथ जिला परियोजना पदाधिकारी नमामि गंगे को प्रत्येक सप्ताह का प्रतिवेदन लेने का निर्देश दिए गए । बायो-मेडिकल कचरा प्रबंधन जिला परियोजना पदाधिकारी, जिला गंगा समिति, नमामि गंगे अमित कुमार को स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ समन्वय स्थापित कर बिना पंजीकृत अस्पतालों/लैब की जांच करने तथा बायो-मेडिकल कचरा नदी तट पर फेंकने वाले संस्थानों पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

साथ ही सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर रोक नगर परिषद जहानाबाद एवं नगर पंचायत मखदुमपुर तथा घोषी को छापेमारी, जन-जागरूकता एवं निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए, ताकि सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

बैठक में डी.आर.डी.ए. निदेशक सह नोडल पदाधिकारी जिला गंगा समिति नमामि गंगे जहानाबाद डॉ. रोहित कुमार मिश्रा, निदेशक एन. ई. पी. डॉ. सुदर्शन कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी सुजीत कुमार, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, विजेता रंजन, जिला कृषि पदाधिकारी संभावना, वनो के क्षेत्र पदाधिकारी, नीतू कुमारी, अंचलाधिकारी, जहानाबाद कार्यपालक पदाधिकारी, दीनानाथ प्रसाद सिंह,नगर परिषद एवं नगर पंचायत जिला खनन निरीक्षक अमित कुमार, जिला परियोजना पदाधिकारी, जिला गंगा समिति नमामि गंगे, जहानाबाद तथा अन्य विभागों के संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जिला पर्यवेक्षण गृह एवं विशिष्ट ग्रहण संस्थान का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** जिला निरीक्षण समिति, जहानाबाद द्वारा मंगलवार को पर्यवेक्षण गृह, जहानाबाद एवं 'नन्हे कदम' विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान का जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने गृह में आवासित पांच जिलों के विधि विवादित किशोरों से संवाद कर गृह में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं जैसे भोजन, पेयजल, शैक्षणिक सुविधा, वस्त्र, मनोरंजन आदि के बारे में फीडबैक लिया तथा निरीक्षण टीम के सदस्यों द्वारा गृह में आवासित बच्चों को अपनी पुरानी गलतियों को भूलकर भविष्य में अच्छे मार्ग अपनाने एवं शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया, ताकि वे भविष्य में एक अच्छे नागरिक बन सकें। जिला पदाधिकारी, जहानाबाद द्वारा पर्यवेक्षण गृह परिसर अंतर्गत निर्मित किशोर न्याय परिषद, के लिए निर्धारित कक्ष में किशोर न्याय परिषद को संचालित कराने का निदेश दिया गया। गृह में कार्यरत सुरक्षा कर्मियों को गृह की सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैदी एवं सतर्कता के साथ ड्यूटी करने का निदेश दिया गया। गृह में साफ-सफाई व्यवस्था में नगर परिषद से सहयोग प्राप्त करने का निदेश दिया गया। जिला निरीक्षण समिति द्वारा "नन्हे कदम" विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान का निरीक्षण किया गया और संस्थान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए निर्देश दिया गया।निरीक्षण के क्रम में सिविल सर्जन, जहानाबाद, नोडल पदाधिकारी, विशेष किशोर पुलिस इकाई, जहानाबाद, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, जहानाबाद, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी शिक्षा विभाग, किशोर न्याय परिषद, जहानाबाद, सदस्य, नीलम कुमारी एवं किशोर न्याय परिषद, अरवल, सदस्य, बलदेव प्रसाद वर्मा, बाल कल्याण समिति, सदस्य एवं सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, जहानाबाद सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कच्ची सड़क से ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** नवीनगर प्रखंड के नगर पंचायत के वार्ड नं-13 स्थित साया गांव के लोग आज भी एक अच्छी सड़क की उम्मद में वर्षो से इंतजार कर रहे हैं। नवीनगर प्रखंड कार्यालय से वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय होते हुए नगर पंचायत के वार्ड-13 स्थित साया गांव तक जाने वाली दो किमी सड़क आज भी कच्ची है। सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। बता दें कि सड़क पर जगह-जगह गड्ढें उभर आए है जिसके आवागमन करने में समस्या उत्पन्न हो जाती है। ग्रामीण अजय कुमार सिंह, अनीश कुमार, उदय सिंह, रिशु कुमार सिंह सहित ने बताया कि बारिश के दिनों में सड़क पर उभरे गड्ढों में पानी भर जाता है। ऐसे में न तो बाइक चल पाती है और न ही चार पहिया वाहन गांव तक पहुंच पाते हैं। बारिश के दिनों में बीमार और गर्भवती महिलाओं का अस्पताल जाना सबसे कठिन काम बन जाता है। एंबुलेंस चालक कीचड़ वाले रास्ते में वाहन फंसने के डर से गांव में आने से कतराते हैं। कई बार तो एंबुलेंस गांव तक पहुंच ही नहीं पाती है जिससे मरीजों को कंधे पर उठाकर मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार एंबुलेंस बीच रास्ते में फंस जाती है जिसके बाद चालक वाहन को लेकर वापस लौट जाते हैं और मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। बरसात के दिनों में गर्भवती महिलाओं को समय पर अस्पताल पहुंचाना सबसे बड़ी चुनौती है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में 250 से अधिक घर के परिवारों की आबादी की लाइफ लाइन का कामयह सड़क करता है। इसी सड़क से होकर ग्रामीण बाजार, स्कूल, अस्पताल और प्रखंड मुख्यालय आते जाते है। सड़क जर्जर न होने से सिर्फ आवागमन बाधित होता है बल्कि आर्थिक गतिविधियों पर भी असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क निर्माण और मरम्मत कार्य शुरू करने की मांग की है।

## फरार चल रहे दो आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना की पुलिस ने मारपीट के आरोप में दो लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना क्षेत्र के पलेया मोहल्ले से मारपीट के आरोप में अंजू देवी एवं मुकेश मांझी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों लोगो से पूछताछ के बाद उसे जेल भेजा गया है।

## घर के बाहर से टेंपू चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर बाजार के परशुराम कॉलोनी से सोमवार की रात टेंपू की चोरी कर ली गई। इस संबंध टेंपू के मालिक अभिषेक कुमार ने मखदुमपुर थाने मे आवेदन दिया है। आवेदन मे बताया गया है कि टेंपू वे घर के बाहर खडा कर सो गए थे। मंगलवार की सुबह जब जागे तो टेंपू गायव था। टेंपू चालक मूल रूप से धराउत गांव का रहने वाला हैं। टेम्पू मालिक ने बताया कि चोरी होने से उसकी परेशानी बढ़ गई है।

# नीमा चतुर्भुज में शिक्षा से बच्चों को सुशिक्षित बना रही चार बेटियां

## 40 से अधिक बच्चों को दे रही निशुल्क शिक्षा, गायत्री मंत्र के साथ प्रतिदिन शुरु होती है पढ़ाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** शिक्षा व्यक्ति को मांजती है। संस्कारित करती है और समाज पाने का अवसर प्रदान करती है। शिक्षिएं महिलाएं जो समाज की आधार होती है। ऐसा ही मिशाल औरंगाबाद के रफीगंज प्रखंड के ढोसिला पंचायत के नीमा चतुर्भुज गांव की चार बेटियां है। ग्रामीण नरेंद्र सिंह पुत्री निशु कुमारी, भरत सिंह की पुत्री शिवानी कुमारी, शैलेश सिंह की पुत्री काजल कुमारी, जिया कुमारी ने गांव के प्रयेक बच्चे को शिक्षित बनाने का संकल्प ली हैद्ध सभी स्वयं पढ़ रही है और साथ में गांव के बच्चों को पढ़ा भी रही है। पढ़ाने के बदले कोई शुल्क नहीं लेती है। बता दें कि नीमा चतुर्भुज गांव में बाल संस्कारशाला का शुभारंभ दिसंबर 2023 में हुआ। काजल ने बताया कि शुरुआत के समय कम बच्चे आते थे। कुछ ही दिनों में बच्चों की संख्या बढ़ने लगी। वर्तमान में 40 से अधिक बच्चों को शिक्षा दी जा रही है। ये बच्चे प्रतिदिन विद्यालय से पढ़ाई कर लौटने के बाद यहां पढ़ने आते हैं। छात्रा मयंक कुमार, अरनव कुमार, छात्रा प्रिया कुमारी, खुशी कुमारी, आरुषि कुमारी ने बताया कि चारों शिक्षिकाएं बहन बनकर शिक्षा दे रही है। हर संभव मदद करती है। हमलोगों को निशुल्क पढ़ाई कराती है। पढ़ाई के साथ संस्कार सिखाती है। बाल संस्कारशाला के बारे में काजल ने बताया कि हम सभी पहले रफीगंज में श्रीराम बाल संस्कारशाला में पढ़ाई करने के लिए जाते थे। करीब छह से सात माह तक हमलोगों ने शिक्षा ग्रहण की। वहां से हमें प्रेरणा मिली कि अब गांव के हर बच्चों को निशुल्क शिक्षा देकर साक्षर बनाना है।

**करीब 250 बच्चे को अबतक दिया गया निशुल्क शिक्षा**

शिवानी, जिया, काजल, निशु की दृढ़ इच्छाशक्ति का लाभ इस गांव को मिल रहा है। वर्तमान में बाल संस्कारशाला में 40 बच्चे निशुल्क शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। शिक्षा के साथ संस्कार का ज्ञान दिया जाता है। चारों ने बताया कि अबतक गांव के 250 बच्चों को शिक्षा दी है। यहां कोई भी पढ़ने आ सकता है। किसी तरह की कोई रोक नहीं है।

# धूप सेंक रहे ग्रामीणों के बीच अचानक दिखा सात फीट लंबा अजगर, मची अफरा-तफरी

## जहानाबाद के हुलासगंज प्रखंड में बिहटा महादलित टोले की घटना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के हुलासगंज प्रखंड स्थित बिहटा महादलित टोले में मंगलवार की दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब ग्रामीण सर्दी में धूप का आनंद ले रहे थे और अचानक पास की झाड़ियों से करीब सात फीट लंबा अजगर निकल आया। देखते ही देखते पूरे टोले के लोगों में अफरा-तफरी फैल गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। ग्रामीणों ने बताया कि नदी किनारे बसे इस छोटे से टोले में सभी महादलित परिवार के लोग रहते हैं। बताया जाता है कि हर दिन की तरह लोग घरों के बाहर धूप सेंक रहे थे कि तभी एक अजीब सी हरकत नजर आई। जब कुछ लोग नजदीक पहुंचे तो पता चला कि वह एक विशालकाय अजगर है। अचानक हुए इस घटनाक्रम से टोले में दहशत फैल गई। इस बीच थोड़ी ही देर में वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई।

**लाठी-डंडे की मदद से सुरक्षित नदी में छोड़ा गया अजगर**

भयावह स्थिति को संभालते हुए कुछ ग्रामीण साहस दिखाते हुए लाठी-डंडे लेकर आगे बढ़े। बिना किसी नुकसान पहुँचाए, ग्रामीणों ने सावधानीपूर्वक अजगर को काबू में किया और उसे पास से ही बहने वाली फल्गु नदी के किनारे सुरक्षित छोड़ दिया। ग्रामीणों का कहना था कि यह अजगर अभी पूरी तरह बड़ा नहीं हुआ है, लेकिन खतरा पैदा कर सकता था।स्थानीय लोगों ने बताया कि वन्यजीवों को नुकसान पहुंचाना कानून के खिलाफ है, इसलिए सभी ने मिलकर उसे सुरक्षित नदी की तराई में छोड़ दिया। हालांकि घटना के बाद भी ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है।

**नदी किनारे रहने की मजबूरी, वन्यजीवों का बना रहता खतरा**

ग्रामीणों का कहना है कि फल्गु नदी के किनारे बसे होने के कारण यहां अक्सर जंगली जीव-जन्तु भटक कर आ जाते हैं। इससे महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर हमेशा चिंता बनी रहती है। बन सूअर और सियार का प्रकोप इस इलाके में काफी देखने को मिलता है। कभी कभी बधार में व्यक्ति के अकेले होने पर ये लोगों पर हमला भी कर देते हैं। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि हम प्रशासन से मांग करते हैं कि इस इलाके में पुलिस की निगरानी बढ़ाई जाए तथा लोगों को भी सतर्क और जागरूक बनाने की पहल की जाए ताकि ऐसी घटनाओं से लोगों में दहशत न फैले।

## सीआइएसएफ महिला जवान की सड़क दुर्घटना में मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** थाना क्षेत्र के श्रीराम बिगहा गांव निवासी राम प्रवेश प्रसाद की पुत्री प्रिया कुमारी (सीआइएसएफ) की सोमवार सुबह सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना चेरकी मोड़ के पास हुई। मिली जानकारी के अनुसार प्रिया कुमारी अपने मायके श्रीराम बिगहा आई हुई थीं। सोमवार को वह अपनी स्कूटी से गया एयरपोर्ट अपने ड्यूटी स्थल के लिए रवाना हुई थीं। रास्ते में एक पिकअप वाहन ने अचानक चकमा देते हुए जोरदार टक्कर मार दी जिससे प्रिया गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत गया मगध मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, लेकिन अत्यधिक गंभीर चोटों के कारण इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

# वृद्ध की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** करायपरसुराय थाना क्षेत्र के नेसरा गांव मोड़ के पास सोमवार की शाम एक बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान नेसरा गांव निवासी स्वर्गीय रामेश्वर प्रसाद के 65 वर्षीय पुत्र श्याम देव प्रसाद के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक, करीब 10 साल से मृतक का 6 कट्ठा जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। बताया जाता है कि शाम को बाजार से लौटने के दौरान नेसरा मोड़ के पास घात लगाकर बदमाशों ने उनके सीने में गोली मार दी, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

स्थानीय लोगों को घटना की जानकारी तब हुई जब राहगीरों ने सड़क किनारे खून से लथपथ शव देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। परिजनों ने जमीन विवाद के कारण चचेरे भाइयों पर हत्या का आरोप लगाया है। घटना के बाद आरोपी घर छोड़ फरार बताए जा रहे हैं।

थानाध्यक्ष रणविजय कुमार ने बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। एफएसएल टीम को साक्ष्य संकलन के लिए बुलाया गया है और मौके से एक खाली कारतूस भी बरामद किया गया है। पुलिस हर संभावित एंगल पर जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है। मामले में प्राप्त आवेदन के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# विद्युत की चोरी मामले में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर( औरंगाबाद )।** विद्युत चोरी के खिलाफ चलाए गए अभियान के फलस्वरूप सलैया थाना क्षेत्र में अलग- अलग जगहों से पांच लोगों को पकड़ा गया है। इनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जुर्माना लगाया गया है। यह कार्रवाई सहायक विद्युत अभियंता शिवरतन एवं कनीय विद्युत अभियंता राकेश कुमार राम के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने बताया कि सलैया थाना क्षेत्र के सोनारी बिगहा, पोवाय एवं टेका बिगहा में छापेमारी की गई जिसमें सोनारी बिगहा निवासी नागेन्द्र विद्युत ऊर्जा की चोरी करते पकड़े गए जिसमें उन पर 11232 रूपये जुर्माना लगाया गया है। जबकि इसी गांव के लालकेश्वर यादव पर 11295 रूपये जुर्माना लगाया गया है। पोवाय निवासी अनुराग कुमार पर 8416 रूपये, टेका बिगहा निवासी शिवपूजन चौधरी पर 11295 रूपये जुर्माना लगाया गया है। छापामारी दल में सारणी पुरुष सुबोध कुमार सिंह, मानव बल चितरंजन कुमार सिन्हा, उमेश सिंह शामिल थे। थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा ने बताया कि विद्युत उर्जा की चोरी मामले में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज पुलिस ने कोटवारा मोड़ के समीप बैग में 16.620 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया। साथ ही शराब कारोबारी राजा बगीचा निवासी नरेंद्र शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि मंगलवार को सुबह करीब 8 बजे गुप्त सुचना मिली कि कुछ व्यक्ति अपने साथ काला बैग में अंग्रेजी शराब भरकर देव रोड हाल्ट स्टेशन पर उतरकर रफीगंज की ओर पैदल आ रहा है। त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस पहुंची तो देखा कि कोटवारा तरफ से पांच लोग आ रहे हैं। पुलिस गाड़ी को देखकर सभी भागने लगे। जिसे पुलिस बल द्वारा खदेड़ कर एक व्यक्ति को पकड़ा गया, और चार व्यक्तियों का पीछा किया लेकिन वे लोग अपने पास से एक अन्य बड़ा काला भरा बैग को खेत में फेंककर भागने में सफल हो गये। पकड़ाए व्यक्ति से नाम पता पूछा गया। भागे हुए व्यक्तियों में एक का नाम राजा बिगहा निवासी एक व्यकि साथ ही बताया कि हम पांच लोग मिलकर उत्तर प्रदेश से खरीदकर रफीगंज में शराब बिक्री करते हैं। कई बार एक साथ उत्तर प्रदेश जाकर अंग्रेजी शराब खरीदकर रफीगंज लाते हैं। और उनसे हुए मुनाफा आपस में बांट लिया करते हैं। आज मुगलसराय से खरीद कर सभी साथ में ला रहे हैं। मध निषेध उत्पाद अधिनियम के तहत पांचों कारोबारी के विरुद्ध एएसआई संजय कुमार पासवान के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर अन्य कारोबारी के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## बाइक अनियंत्रित होने से युवक घायल

**मखदुमपुर (जहानाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार की शाम पटना- गया राष्ट्रीय मार्ग के मखदुमपुर बाईपास के समीप बाइक अनियंत्रित होने से एक युवक घायल हो गया। घायल युवक पटना पुनाईचक निवासी संजय कुमार बताया जाता है। जानकारी के अनुसार पुनाइचक निवासी संजय बाइक से गया से पटना जा रहा था। इस दौरान मखदुमपुर बाईपास के समीप बाइक अनियंत्रित हो गया, जिससे वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्वघटना में वह बुरी तरह से घायल हो गया। घायल युवक को पुलिस सहायता वाहन के सहयोग से रेफरल अस्पताल मखदुमपुर लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल रेफर कर दिया है।

# छह कमरों में कक्षा एक से आठ तक की होती है पढ़ाई

**नवबिहार टाइम्स। संवाददाता**



**औरंगाबाद।** जिले के देव प्रखंड स्थिति मध्य विद्यालय कर्मा की स्थिति इन दिनों काफी बदहाल है। यह विद्यालय भवन लगभग 50 वर्ष पुराना है और इसके दो कमरों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। बता दें कि विद्यालय में कुल 10 कमरे हैं जिनमें से दो कमरे गिरने के कगार पर है। एक कमरे में कार्यालय दूसरे में आंगनबाड़ी और एक में मध्याह्न भोजन के लिए भंडार है। एक कमरा में क क्षा एक से आठ तक की पढ़ाई होती है। जर्जर भवन और बरादमे की छत से ढ़लाई गिरती रहती है जिससे छात्रों के लिए पढ़ाई के दौरान खतरा बना रहता है। अबतक कोई छात्र व छात्रा छत के गिरने से प्रभावित नहीं हुआ है जो कि एक सुखद समाधान है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने विभाग को इस स्थिति के बारे में पत्र लिखा है। विद्यालय में बिजली की व्यवस्था है लेकिन चाहरदीवारी की स्थिति भी दयनीय है जिससे पशु परिसर में रहते हैं। बालक और बालिका के लिए अलग शौचालय और पेयजल की व्यस्था है। हालांकि कमरों की कमी के कारण दो छात्राओं की पढ़ाई एक ही कमरे में होती है। बता दें कि विद्यालय में कुल 350 छात्रों का नामांकन है जिसमें से लगभग 300 छात्र-छात्राएं प्रतिदिन उपस्थित होते हैं।

# बिजली चोरी करते पांच लोगों पर जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बिहारशरीफ।** बिंद थाना क्षेत्र के अमावां गांव में मंगलवार को बिजली चोरी के खिलाफ विभाग की टीम ने सख्त कार्रवाई करते हुए पांच घरों में अनियमितता पकड़ी। बेनार विद्युत आपूर्ति प्रशाखा के कनीय विद्युत अभियंता भरत कुमार के नेतृत्व में तकनीशियन राजीव रंजन, कनीय सारणी अर्पणा कुमारी सहित अन्य कर्मियों की संयुक्त टीम ने गांव में छापेमारी अभियान चलाया। जांच के दौरान पांच उपभोक्ताओं पर बिजली की अनधिकृत खपत का मामला सामने आया। विभाग ने बिहारी देवी पर 22,083 रुपये, अर्जुन प्रसाद पर 17,031 रुपये, ललित कुमार पर 19,065 रुपये, सोनू राउत पर 13,488 रुपये और विकास कुमार पर 10,361 रुपये का जुर्माना लगाया। साथ ही सभी के खिलाफ बिंद थाना में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है। कनीय विद्युत अभियंता भरत कुमार ने कहा कि बिजली चोरी रोकने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और किसी भी हाल में ऐसी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।


## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 24.11.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: टीएन-144-25-26, कार्य का नाम:** डीईएन/III/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/बहरमपुर कोर्ट के तहत बहरमपुर कोर्ट स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर 1 और आइलैंड प्लेटफॉर्म 2/3 का विस्तार। **निविदा मूल्य :** रु. 5,38,54,010.96, **बयाना राशि :** रु.4,19,300/-, **क्रम सं. 2, निविदा सं.: टीएन-145-25-26, कार्य का नाम:** डीईएन/III/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/बहरमपुर कोर्ट के तहत बेलडांगा में प्लेटफॉर्म नंबर 1 और आइलैंड प्लेटफॉर्म 2/3 का विस्तार। **निविदा मूल्य :** रु. 8,17,30,408.36, **बयाना राशि :** रु.5,58,700/-, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 19.12.2025 को 15.00 बजे प्रत्येक हेतु। **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह प्रत्येक हेतु। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 19.12.2025 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-270/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## पूर्व रेलवे

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-डीसीटीसी-एसडीएलई-25-26, दिनांक: 24.11.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं. एसडीएसटीई-डीसीटीसी-एसडीएलई-25-26 के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** विश्वसनीयता में सुधार लाने के लिए स्वादिनपुर स्टेशन में ड्यूएल डिटेक्शन बनाने के लिए डीसी ट्रैक सर्किट द्वारा द्वितीय डिटेक्शन का प्रावधान। **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 1,45,17,349.44, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु.2,22,600/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि व समय:** 23.11.2025 को 19.44 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 02.12.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 16.12.2025 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

HWH-411/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# एसटीपी प्लांट के निर्माण पर ग्रामीणों का विरोध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर**। दाउदनगर में एसटीपी एंड इएंडडी प्लांट के लिए तरारी में चयनित जमीन पर ग्रामीणों का विरोध लगातार जारी है और अब तक समाधान नहीं निकल पाया है। सूत्रों के अनुसार कार्य आवंटित एजेंसी के कर्मी जब जमीन पर लगे पेड़ों को कटवाने पहुंचे तो ग्रामीणों ने काम रोकवा दिया। मंगलवार को भी ग्रामीणों ने उक्त स्थल पर एसटीपी संयंत्र निर्माण के खिलाफ आपत्ति जतायी। सीओ शैलेन्द्र कुमार यादव मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत की, लेकिन असहमति बनी रही। इसके बाद डीसीएलआर प्रणव कुमार, एसडीपीओ अशोक कुमार दास, सीओ और अपर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार पहुंचे, लेकिन वार्ता सफल नहीं हो सकी। अब बुधवार को वार्ता से समाधान निकलने की उम्मीद जतायी जा रही है। तरारी मोजा के थाना नंबर 75, खाता नंबर 678 और खेसरा नंबर 1053 की एक एकड़ भूमि पर एसटीपी एंड इएंडडी प्लांट का निर्माण प्रस्तावित है। राजस्व कर्मी द्वारा दिए गए प्रतिवेदन के अनुसार भूमि सर्वे खतियान में यह जमीन गैर-मजरुआ आम किस्म गढ़ के रूप में दर्ज है। वर्तमान में भूमि पर 137 पतले पेड़ और एक बरगद का पेड़ मौजूद है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि इस भूमि पर गोरैया बाबा का मंदिर स्थित है, जो वर्षों पुराना धरोहर स्थल है। उनका आरोप है कि सर्वे रिपोर्ट में मंदिर के अस्तित्व को छिपाया गया है। अप्रैल महीने में भी ग्रामीणों ने आपत्ति जताई थी और अब निर्माण कार्य शुरू होने की जानकारी मिलते ही पुनः विरोध तेज कर दिया गया है। ग्रामीणों में अलख देव प्रसाद, सुरेन्द्र कुमार सिह, रामध्यान पासवान, पूर्व प्रमुख राजेन्द्र पासवान, नवल शर्मा, शकील अहमद, लोजपा (रामविलास) प्रखंड अध्यक्ष रमेश पासवान सहित अन्य लोगों ने जमीन चयन पर रोष व्यक्त किया है। उनका कहना है कि 20 मार्च को ग्राम सभा की बैठक हुई थी, जबकि प्रस्ताव को पारित दिखाने वाली कार्यवाही पुस्तिका पर 26 मार्च की तिथि दर्ज है। ग्रामीणों ने प्लांट निर्माण के लिए किसी अन्य स्थल के चयन की मांग की है। ग्रामीण प्रतिनिधि सुरेन्द्र कुमार सिह एवं राजेन्द्र पासवान ने नप कार्यालय पहुंचकर मुख्य पार्षद अंजलि कुमारी को ज्ञापन सौंपा और शहर में ही किसी अन्य जगह पर भूमि चयन की मांग रखी है। इधर, सीओ शैलेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि मंगलवार को ग्रामीणों से वार्ता हुई है और बुधवार को फिर बातचीत की जायेगी। ज्ञात हो कि दाउदनगर में एसटीपी और इएंडडी प्लांट का शिलान्यास 22 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गया में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया था। नमामि गंगे योजना के अंतर्गत 44 करोड़ 56 लाख रुपए की लागत से इसका निर्माण किया जाना है। इसका क्रियान्वयन बुडको के माध्यम से कराया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार एक एकड़ जमीन पर प्लांट के तहत एडमिन बिल्डिंग, कचरा स्टोर, क्यूरीफाइन आदि संरचनाओं का निर्माण होगा। जल का शोधन कर उसे नहर में छोड़ने की योजना है। इस जमीन पर 120 पेड़ मौजूद हैं, जिनमें 57 को काटा जाना है और 63 का पुनर्स्थापन कराया जाएगा। एजेंसी सूत्रों के मुताबिक अब तक लगभग एक दर्जन पेड़ों को काटकर वन विभाग में जमा कराया जा चुका है।

# नर्सिंग में सेवा और सहानुभूति दोनों शामिल : सीएस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेगुसराय नगर**। शहर के एएनएम स्कूल में कैपिंग समारोह में नर्सिंग छात्रों ने अपने पेशेवर सफर की शुरुआत की। इस समारोह में मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने छात्रों को नर्सिंग के महत्व और उनकी जिम्मेदारियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा नर्सिंग एक नोबल पेशा है। जिसमें दूसरों की सेवा और सहानुभूति शामिल है। समारोह में एएनएम स्कूल के प्राचार्य विकास चतुर्वेदी ने छात्रों को नाइटिंगेल की शपथ दिलाई और स्वास्थ्य में नर्सिंग के महत्व के बारे में बताया। नर्सिंग ट्यूटर डली रय और मंजुलिका एक्का ने छात्रों को कैप और पिन प्रदान किए और इस समारोह के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर छात्रों ने सांस्तिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। डीआइओ डॉ. गोपाल मिश्रा ने कैपिंग समारोह का उद्देश्य छात्रों को उनके पेशेवर सफर में प्रेरित करना और उन्हें नर्सिंग के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध करना बताया। अनुमंडल अस्पताल प्रभारी ड. संजय ने अस्पताल ड्यूटी में छात्रों के सहयोग और महत्व के बारे में बताया। एएनएम स्कूल मंझौल के प्रिंसिपल ड. जितेंद्र कुमार ने छात्रों को अच्छी तरह से प्रशिक्षण लेने और नर्सिंग की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए प्रेरित किया। सभी अतिथियों को एएनएम स्कूल के प्रिंसिपल विकास चतुर्वेदी की तरफ से बुक्की और शल देकर सम्मानित किया गया।

## शेष

**युवक ने पत्नी और...**

हत्या कर खुदखुशी कर ली। हालांकि, अमित सिंह के मानसिक रूप से विक्षिप्त होने की बात भी सामने आई है। मामले में बिक्रमगंज एसडीपीओ अंकित कुमार ने बताया कि मंगलवार की सुबह भानस थाने को डिहरा गांव में एक ही परिवार के तीन लोगों के हत्या की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंच कर एफएसएल टीम के माध्यम से साक्ष्य जुटाए हैं और अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। एसडीपीओ ने बताया कि परिजनों द्वारा अमित सिंह के मानसिक तौर पर परेशान होने की बात बताई गई है और पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है।

**सातवीं पास युवक...**

पुरानी बसों को डंप करने के बजाय उनकी नीलामी प्रक्रिया को तेज करने का फैसला लिया गया। नीलामी से मिली राशि से नई बसें खरीदी जाएंगी। इससे निगम की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और यात्रियों को बेहतर व आधुनिक बस सेवा मिल सकेगी। मंत्री ने घोषणा की कि सरकार सभी प्रमुख मार्गों पर सरकारी बसों का संचालन बढ़ाने जा रही है। इससे न केवल यात्रियों को सस्ता और सुरक्षित परिवहन मिलेगा, बल्कि निजी ऑपरेटरों की मनमानी पर भी अंकुश लगेगा। बैठक में अपर सचिव प्रवीण कुमार, निगम प्रशासक अतुल कुमार वर्मा, संयुक्त सचिव कृत्यानंद रंजन सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। बिहार की सड़कों पर जल्द ही परिवर्तन दिखाई देने लगेगा।

# आरा में प्रशासन का अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरु

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा**। बिहार सरकार की नयी मंत्री मंडल गठन के बाद जिला प्रशासन एक्शन मोड में है। शहरी क्षेत्र में 25 नवम्बर 2025 से आरा नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरु कर दिया है। सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वालो की खैर नहीं। उन्हे हर हाल में मुक्त करना होगा। नही तो बुल्डोजर से खाली करा देगा प्रशासन। मंगलवार को जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देश पर विभिन्न शहरी क्षेत्रों में व्यापक अतिक्रमण-उन्मूलन अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान अवैध रूप से अतिक्रमण करने वालों की सामग्री ज़ब्त की गई। लगातार नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिया गया है। जिलाधिकारी ने शहरी प्रबंधन इकाई को जनहित में प्रभावी रूप से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रखने तथा फॉलो-अप टीम को निरंतर सक्रिय बनाए रखने का निर्देश दिया है। शहर के सिंडिगेट, सब्जी गोला, चौक और गोपाली कुंआ पर कारवाई प्रशासन ने किया। यह कारवाई लगातार पांच दिनों तक विभिन्न जगहों पर चलेगा।

# अभिनेता आनंद देव मिश्र पहुंचे बेगूसराय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय**। अभिनेता एडीएम पावर के नाम से प्रख्यात आनंद देव मिश्रा मंगलवार को शहर के विष्णुपुर स्थित मां काली मंदिर परिसर में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। मंदिर के महात्मा संतोष झा और शिवम झा ने वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ अभिनेता का स्वागत किया। इसके बाद वे नौ लाखा मंदिर में भी दर्शन के लिए पहुंचे। इस अवसर पर स्थानीय श्रद्धालुओं और फिल्म प्रेमियों की भीड़ उमड़ी और अभिनेता का गर्मजोशी से अभिनंदन किया गया। भाईचारे पर आधारित फिल्म 28 नवंबर से सिनेमाघरों में मंदिर दर्शन के बाद मीडिया से बातचीत में आनंद देव मिश्रा ने कहा कि मौजूदा समय में भाई-भाई के बीच विवाद और दूरी बढ़ती जा रही है। लेकिन उनकी फिल्म भाई तो भाई होता है में भाईचारे के रिश्ते को मजबूती, स्नेह और प्यार के साथ प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने बताया कि इस फिल्म में भाई का रिश्ता हर अन्य रिश्ते से अधिक खूबसूरत और मजबूत दिखाया गया है। मिश्रा ने कहा कि यह फिल्म दर्शकों को परिवार और समाज में भाईचारे की अहमियत का संदेश देगी। उल्लेखनीय है कि आनंद देव मिश्रा इससे पूर्व पंजाबी, भोजपुरी, अंगिका, बंगाली और नेपाली भाषाओं की फिल्मों में मुख्य भूमिका निभा चुके हैं। और बहुभाषी अभिनय के लिए चर्चित हैं। बिहार के सहयोगी डक्टर गणेश कुमार एवं मोहम्मद तमन्ने ने जानकारी दी कि संभावित 28 नवंबर को यह फिल्म बिहार के लगभग 35 सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। स्थानीय दर्शकों में फिल्म को लेकर उत्सुकता देखी जा रही है और प्रमोशन के दौरान मंदिरों में उनकी उपस्थिति ने फिल्म के प्रति आकर्षण और बढ़ा दिया है। मालूम हो कि इस फिल्म में मुख्य अदाकारा आंचल सोनी, आहना, मनोहर हुसैन, राम एवं महान रंज आदि भिन्न किरदार में नजर आएंगे।

## एक नजर

### दुकानदार के साथ लूट का प्रयास

**मंसूरचक**। थाना क्षेत्र के समसा चौक से पूरब दूकान में घूस कर अपराधियों ने लूट पाट करने का प्रयास किया। सोमवार की देर रात तीन नकाबपोश बदमाश ने दुकान पर चढ़ कर पिस्तौल दिखाकर लूटपाट करने का कोशिश किया। लेकिन दुकानदार के स्टाफ के तत्परता के घटना होने से बचा और पिस्तौल भी बरामद हुआ। घटना के संबंध में बिट्टू किराना स्टोर समसा के संचालक बिट्टू कुमार ने बताया कि दुकान बढ़ा रहे तभी अचानक तीन बदमाश पहुंचकर मारपीट करने लगा और रूपया लूटने की कोशिश करने लगा। इसी बीच स्टाफ ने शटर गिरा दिया। जिसमें वे लोग भागने के दौरान पिस्तौल और एक गोली छोड़कर भाग गये। प्रभारी थानाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार ने घटनास्थल पर जांच पड़ताल कर पिस्तौल साथ ले गये।

### शराब के साथ गिरफ्तार

**भगवानपुर**। थानाध्यक्ष ने शराब कारोबारी को विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध मे नौला पिकेट प्रभारी अकरम खान ने गुप्त सूचना पर बदिया गाँव के वार्ड नंबर 6 निवासी गंगा प्रसाद सिंह के पुत्र राजेश कुमार उर्फ रुदल कुमार को अफिसर च्वाइस कंपनी के 180 एम एल के पांच पीस फ्रूटी के साथ गिरफ्तार कर व्यवहार न्यायालय भेज दिया गया।

### निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण

**वीरपुर**। प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में बिहार सरकार के द्वारा आम जनमानस की आवश्यकता की छोटी छोटी कामों को आसानी से करने के लिए उनके पंचायत में ही पंचायत सरकार भवन को बनवा रही है। जिससे लोगों को ज्यादा प्रखंड का चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस लिए निर्धारित समय पर भवन का निर्माण कराना भी जरूरी होता है जिसको लेकर मंगलवार को वीरपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार शक्तिधर ने प्रखंड के पर्रा और भवानंदपुर पंचायत में बन रहे निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन का औचक निरीक्षण किया और जल्द ही इसे पूर्ण का निर्देश दिया। मौके पर पर्रा पंचायत के मुखिया मोहम्मद अश्जद और भवानंदपुर पंचायत के मुखिया दीपक कुमार मौजूद थे।

### बाइक की ठोकर से महिला जख्मी

**नावकोठी**। बाइक की ठोकर से एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। घटना नावकोठी थाना चौक की है। जख्मी महिला नावकोठी वार्ड संख्या 12 की मो मंजाद की पत्नी 55 वर्षीया जमीला खातुन है। घटना के संबंध में प्रत्यदर्शियों ने बताया कि जमीला जानवर के लिए खेत से घास लेकर आ रही थी। थाना चौक पर वह सड़क पार कर रही थी। सड़क पार करने के क्रम में बाइक सवार ने उसे ठोकर मार दिया। ठोकर लगने के बाद वह सड़क पर गिरकर जख्मी हो गई। राहगीरों ने इलाज के पीएचसी नावकोठी ले गए। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के रेफर कर दिया। वह निजी क्लीनिक में इलाज रत है। नावकोठी थाना ने गाड़ी को जब्त कर लिया है। समाचार परेशान तक थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने बताया कि जख्मी की ओर से कोई लिखित आवेदन नहीं आया है। आवेदन मिलने के बाद बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दो बाल श्रमिकों को कराया गया विमुक्त

**आरा**। धावा दल की टीम ने एक्सेस टू जस्टिस प्रोग्राम के तहत समाजिक संस्था दिशा एक प्रयास, श्रम संसाधन विभाग, भोजपुर व स्थानीय पुलिस के सहयोग से गड़हनी बाजार से 2 बाल श्रमिकों को विमुक्त कराकर बाल कल्याण समिति भोजपुर में मंगलवार को प्रस्तुत किया गया। नियोजक नंदजी प्रसाद और धर्मेंद्र कुमार गुप्ता पर एफआईआर दर्ज कराया गया। बाल श्रम से बालश्रमिक को मुक्त कराने के लिए गड़हनी बाजार पर धावा दल की टीम ने जगह-जगह पर छापेमारी किया। इस दौरान गोलू ड्रेसेज और मुकेश चाय व लिट्टी दुकान से एक बाल श्रमिक को विमुक्त किया गया। धावा दल की टीम में अखिलेश कुमार सिंह श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी गड़हनी प्रभार उदवंतनगर स्थानीय पुलिस शामिल थे।

# अनियंत्रित होकर पलटी कार बाल-बाल बचा सवार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अंबा**। अंबा थाना क्षेत्र के बभंडीह खेल मैदान के समीप एनएच-139 पर अनियंत्रित होकर एक कार पलटकर सड़क के नीचे चली गयी। घटना मंगलवार की सुबह की है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि काले रंग की कार में दो लोग सवार थे, जो हादसे में बाल-बाल बच गये। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को बाहर निकाला।इसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।इस घटना में कार लगभग पांच फीट नीचे खाई में जा गिरी और चारों पहिये ऊपर की उठ गये। इधर, घटना की सूचना मिलते ही अंबा थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू कर दी। थानाध्यक्ष राहुल राज ने मंगलवार ने बताया कि कार अंबा से औरंगाबाद की ओर जा रही थी।साईड लेने के क्रम में अचानक असंतुलित होकर पलट गयी। इस घटना में वाहन सवारों को मामूली चोटें आयी है। सभी घायलों को पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, उपचार कराने के बाद कार सवार घटनास्थल पर वापस नहीं आये, जिससे अब तक उनकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस कार की नंबर प्लेट और अन्य दस्तावेजों के आधार पर वाहन मालिक एवं सवारों की पहचान सुनिश्चित करने में जुटी है। प्रथम दृष्टया तेज रफ्तार और नियंत्रण खोने को के वजह से कारण कार पलटी है। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।विदित हो कि आए दिन एनएच 139 पथ पर सड़क दुर्घटनाएं बढ़ गई है।

# जीटी रोड सहित विभिन्न सड़कों के किनारे सजती है फल व सब्जी की दुकानें

## दुर्घटना को दे रहा आमंत्रण, चैन की नींद सोए हैं अधिकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद**। जीटी रोड के सिक्स लेन का निर्माण कार्य जारी है परंतु वर्तमान में अतिक्रमण और बेतरतीब पाकग के कारण सड़क पूरी तरह से सिकुड़ सी गई है। जहां-तहां सैकड़ों वाहनें खड़ी रहती हैं। इतना ही नहीं सड़क पर ही सब्जी बाजार सजता है। इस कारण एनएच पर हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है लेकिन एनएचएआइ और प्रशासन दोनों बेपरवाह बना हुआ है। सड़क पर सैकड़ों की संख्या में वाहन लगे रहते हैं। यूं कह लीजिए जीटी रोड पर सिर्फ ट्रक खड़े रहते हैं। एनएच-दो एवं एनएच-139 पर सड़क किनारे वाहन लगे रहते हैं। वाहन खड़ा रहने के कारण जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। एनएचएआइ के अधिकारी व्यवस्था सुचारू करने में असफल साबित हो रहे हैं। महाराणा प्रताप चौक से रायपुरा गांव मोड़ तक जीटी रोड पर दोनों तरफ वाहन खड़े रहते हैं। सड़क पर वाहनों के खड़े होने से कई बार दुर्घटना हुई है। घटना के बाद एनएचएआइ की नींद खुलती है तो अभियान चलाया जाता है फिर कुछ दिनों बाद सभी चीजें पुरानी हो जाती है। बता दें कि शहर में तीन बस स्टैंड हैं जिनमें दो की स्थिति काफी बदहाल है। रामबांध में बेहतर बस स्टैंड बना परंतु नेशनल हाइवे पर ही वाहनों को खड़ा किया जाता है। रामाबांध बस स्टैंड की स्थिति नारकीय है। सभी वाहन एनएच-139 पर लग रहे हैं। इस वजह से जाम की समस्या हो जाती है। ओवरब्रिज से लेकर रामाबांध तक दोनों तरफ बस खड़े रहते है। बीच में थोड़ी जगह बच रही है जिसमें वाहनों का आवागमन होता है। अतिक्रमण से नागरिक परेशान हैं। मदनपुर एवं शिवगंज में बस स्टैंड भी जीटी रोड पर है। मदनपुर में हाइवे पर वाहन लगे रहने के सड़क संकीर्ण हो गई है। जिले में एनएच पर ही सब्जी की दुकानें सजती है। ओबरा में औरंगाबाद-पटना मुख्य पथ पर सब्जी की दुकानें लगती है। इस कारण हमेशा जाम रहता है। हमेशा दुर्घटनाएं होती रहती है। एनएच पर सब्जी विक्रेताओं ने कब्जा जमा रखा है। अधिकारियों की उदासीनता के कारण नागरिकों एवं ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। शहर के एनएच-139 पर ओवरब्रिज से रामाबांध तक सब्जी एवं चाइनीज फूड का ठेला लगा रहता है। दाउदनगर में भी यही स्थिति है। ओबरा में भी सड़क के किनारे ही दुकानें लगाई जाती है।

# कस्तूरबा गांधी बालिका स्कूल में बच्चियों को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद**। महिलाओं एवं बच्चियों की सुरक्षा, उनके अधिकारों एवं संरक्षण से जुड़ी विभिन्न कानूनी प्रावधानों, सरकारी योजनाओं तथा हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी आम जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज महिला विकास निगम, बिहार द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय, बारून में एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों को महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा, अधिकार तथा संरक्षण से जुड़े विभिन्न कानूनों एवं सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान पीओसीएसओ अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, घरेलू हिसा अधिनियम, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना सहित महिला एवं बाल संरक्षण से संबद्ध अनेक महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी प्रतिभागियों को उपलब्ध कराई गई। साथ ही महिला हेल्पलाइन 181 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की उपयोगिता, उपलब्ध सहायता सेवाओं एवं आपात स्थिति में इनके सही उपयोग की प्रक्रिया पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। सत्र के दौरान महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, पोषण, शिक्षा, सुरक्षा तथा सशक्तिकरण से संबंधित कार्यक्रमों की जानकारी भी साझा की गई। इस कार्यक्रम में जिला ओएससी केंद्र प्रशासक डीएचडब्लू कांति देवी, एफएलएस कंचन कुमारी, चंदन कुमार, नीलिमा काउंसलर तथा प्रकाश जायसवाल केस वर्कर की सक्रिय उपस्थिति रही। सभी अतिथियों द्वारा बालिकाओं से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई तथा छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

# व्यापक पैमाने पर मनाया जायगा नशा मुक्ति दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

बेगुसराय नगर। संयुक्त आयुक्त मद्य निषेध के निर्देश के आलोक में जिले में बुधवार को नशा मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में नशा उन्मूलन के प्रति जन-जागृति बढ़ाना तथा नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराना है। जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला ने बताया कि जिला स्तर पर कारगिल विजय भवन में राज्य स्तरीय नशामुक्ति दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पदाधिकारी, प्रबुद्ध जन, जीविका दीदियां तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक भाग लेंगे एवं राज्य स्तरीय कार्यक्रम से सीधे जुड़ सकेंगे। इसके साथ ही जिले के सभी मध्य एवं माध्यमिक विद्यालयों विद्यालयों में भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि सभी विद्यालयों में प्रभात फेरी आयोजित की जाएगी, जिसमें छात्र-छात्राएं पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश देंगे। मध्य विद्यालय स्तर पर केवल प्रभात फेरी का आयोजन होगा।

## सड़क दुर्घटना में एक बाराती की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जहानाबाद के मुठेर गांव के समीप बरात से लौट रही एक चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें एक बाराती की मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मृतक नीरज कुमार एवं घायल सोनू पंडित, रंजीत कुमार, रंजन पंडित एवं गुड्डू अंसारी, दुल्हन बाजार भगवानगंज के निवासी हैं जो अपने गांव से गया जिले में बारात गए थे और मंगलवार सुबह लौट रहे थे जहां उक्त स्थान पर यह दर्दनाक घटना घटी।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222–एस/1/डब्ल्यू–II, दिनांक 24.11.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: टीएन–144–25–26, कार्य का नाम:** डीईएन/III/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/बहरमपुर कोर्ट के तहत बहरमपुर कोर्ट स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर 1 और आइलैंड प्लेटफॉर्म 2/3 का विस्तार। **निविदा मूल्य :** रु. 5,38,54,010.96, **बयाना राशि :** रु.4,19,300/–, **क्रम सं. 2, निविदा सं.: टीएन–145–25–26, कार्य का नाम:** डीईएन/III/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/बहरमपुर कोर्ट के तहत बेलडांगा में प्लेटफॉर्म नंबर 1 और आइलैंड प्लेटफॉर्म 2/3 का विस्तार। **निविदा मूल्य :** रु. 8,17,30,408.36, **बयाना राशि :** रु.5,58,700/–, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 19.12.2025 को 15.00 बजे प्रत्येक हेतु। **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह प्रत्येक हेतु। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 19.12.2025 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-270/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# अध्योध्या घाट पर राष्टीय रैंचिंग कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय नगर**। नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत तेघड़ा प्रखंड के अध्योध्या घाट पर राष्टीय रैंचिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत गंगा नदी में बड़ी संख्या में मछली (अंगुलिका) छोड़ी गई। इस रैंचिंग कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गंगा नदी में देशज प्रजाति की मछलियों की संख्या बढ़ाना तथा नदी की पारिस्थितिकी को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। विशेषज्ञों के अनुसार, मछलियों की पर्याप्त संख्या नदी के जैविक संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और इससे नदी की प्रातिक सफाई प्रक्रिया को भी प्रोत्साहन मिलता है। टीम द्वारा स्थानीय समुदाय को भी इस पहल से जुड़ने, नदी संरक्षण के महत्व को समझने तथा जलीय जीवों के संरक्षण में सहयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। नमामि गंगे मिशन के अंतर्गत चल रही इस पहल से गंगा नदी को स्वच्छ, अविरल और जीवनदायिनी बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण योगदान मिलने की उम्मीद है।

# ऐतिहासिक रानी तालाब का अस्तित्व संकट में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद**। देव थाना के समीप स्थिति ऐतिहासिक रानी तालाब का अस्तित्व इन दिनों संकट में है। इस पौराणिक तालाब का जीणोद्धार नहीं किया गया है और इसकी सफाई भी नहीं कराई जाती है। तालाब की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है जहां गंदगी और दुर्गंध का सम्राज्य है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि तालाब का अस्तित्व खतरे में है। सरकार पर्यटन स्थलों के विकास के लिए कई योजनाएं चला रही है परंतु रानी तालाब की उपक्षा की जा रही है। जबकि सूर्यकुंड तालाब स्वच्छता के लिए प्रसिद्ध है। इधर रानी तालाब गंदगी के लिए बदनाम हो गया है। यहां मूर्तियां का विसर्जन किया जाता है और कचरा फेंका जाता है जिससे पानी गंदा हो गया है। तालाब की दोपहर और सीढ़ियां जर्जर हो चुकी है। बता दें कि सूर्य महोत्सव के क्रम में तालाब को सजाया जाता है परंतु सफाई की कोई व्यवस्था नहीं की जाती है। कई बार जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने तालाब की जीणोद्धार की घोषनाएं की है परंतु सभी वाद सिर्फ छलावा साबित हुए हैं। ग्रामीण प्रमोद कुमार सहित ने बताया कि देव के राजा जगन्नाथ प्रसाद ने अपनी रानी के न के लिए इस तालाब का निर्माण कराया गया था। बता दें कि यहां अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं भी हैं। हर वर्ष देव में सूर्य महोत्सव का आयोजहन इसी तालाब के इसी तालाब के किनारे होता है। जिसका उद्घाटन मंत्री करते हैं। इस मौके पर अधिकारियों की भी भीड़ होती है परंतु तालाब की स्थिति पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब की पौराणिकता के पीछे एक रहस्य छिपा है और इसका जीणोद्धार अत्यंत कराने की आवश्यक है।

**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**(CIN No. U40108JH2013SGC001702)**
**Electric Supply Circle, Daltonganj**

**Tender Cancellation Notice**

Due to unavoidable reason, NIT No –250/PR/ JBVNL/2025-26 is hereby cancelled.

Sd/-
Electrical Superintending Engineer
Electric Supply Circle, Daltonganj

PR No. 366610

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR.NO.367067 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26):D

## क्रिकेटर शेफाली वर्मा ने खरीदी एमजी साइबरस्टर, कीमत 75 लाख



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2025 वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में भारत को ऐतिहासिक जीत दिलाने वाली स्टार खिलाड़ी शेफाली वर्मा ने इलेक्ट्रिक स्पोर्ट्स कार स्त्र साइबरस्टर खरीदी है। शेफाली ने साइबरस्टर का 'एंडीज ग्रे' कलर चुना है, जो रेड कलर के कन्वर्टिबल रूफ के साथ आता है। इलेक्ट्रिक रोडस्टर की कीमत 75 लाख रुपए (एक्स-शोरूम कीमत, पैन इंडिया) है। ये भारत की पहली इलेक्ट्रिक स्पोर्ट्स कार है, जो फुल चार्ज में 520किमी चलती है। कंपनी का दावा है कि साइबरस्टर 3.2 सेकेंड में 0-100किमी की रफ्तार पकड़ सकती है।

क्रिकेट ग्राउंड पर डिलीवरी इवेंट हुआ, जहां शेफाली ने रेड कार्पेट पर कार को रिबन काटकर रिसीव किया। एमजी इंडिया ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया, जिसमें शफाली कार के केबिन को एक्सप्लोर करती नजर आ रही हैं।

## मां बोली- बेटा पलाश-बहू दोनों इमोशनल स्ट्रेस में

- **पलक मुछाल ने इंस्टाग्राम पर लिखा- स्मृति के पिता की तबीयत के कारण शादी रुकी**



**इंदौर (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की वाइस कैप्टन स्मृति मंधाना की शादी 23 नवंबर को सांगली में इंदौर के पलाश मुछाल से होनी थी, लेकिन स्मृति के पिता की तबीयत खराब होने के वजह से यह शादी अचानक से टाल दी गई। मंगलवार सुबह पलाश मुछाल की बहन और सिंगर पलक मुछाल को मुंबई के एसआरवी हॉस्पिटल के बाहर स्पॉट किया गया है। वह हॉस्पिटल किस लिए गई हैं, इसकी आधिकारिक जानकारी अब तक सामने नहीं आई है। इधर, स्मृति के पिता को अभी तक हॉस्पिटल से छुट्टी नहीं मिली है।

### मां बोली- स्ट्रेस के कारण पलाश की तबीयत बिगड़ी

पलाश की मां अमिता ने एक न्यूज चैनल को बताया कि पलाश स्मृति के पिता के बहुत करीब थे। इस कारण वह शादी की रस्में नहीं कर पाए। पिता के लिए इतना रोए कि पलाश की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें चार घंटे तक हॉस्पिटल में रखा गया। आईवी ड्रिप दी गई, ईसीजी किया गया और दूसरे टेस्ट किए गए। सब कुछ नॉर्मल आया, लेकिन वह बहुत स्ट्रेस में हैं। पलाश और स्मृति दोनों ही इस समय काफी इमोशनल स्ट्रेस में हैं।

## गुवाहाटी टेस्ट

# 549 रन का असंभव लक्ष्य

### भारत पर क्लीन स्वीप का खतरा



- **चौथे दिन साउथ अफ्रीका ने कसा शिकंजा, भारत की हालत खस्ता 2 विकेट पर 27 रन**

### यशस्वी के टेस्ट क्रिकेट में 2500 रन पूरे

गुवाहाटी टेस्ट में भारत पर हार का खतरा बढ़ता दिख रहा है। बरसापारा स्टेडियम में यशस्वी जायसवाल सबसे तेज 2500 टेस्ट रन बनाने वाले चौथे भारतीय बन गए। वहीं प्रोटियाज ने भारत की सरजमीं पर अब तक का सबसे बड़ा टारगेट देकर दबाव और बढ़ा दिया। मैच के दौरान पेसर मोहम्मद सिराज फील्डिंग करते हुए चोटिल भी हो गए, जिसके बाद उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा।

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ गुवाहाटी टेस्ट में भारतीय टीम पर हार और क्लीन स्वीप का खतरा मंडरा रहा है। जीत के लिए 549 रन के असंभव से टारगेट के जवाब में भारत ने चौथे दिन स्टंप्स तक 2 विकेट खोकर सिर्फ 27 रन बनाए हैं। साई सुदर्शन और कुलदीप यादव नाबाद लौटे। ओपनर यशस्वी जायसवाल 13 और केएल राहुल 6 रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले साउथ अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी 260/5 के स्कोर पर समाप्त घोषित कर दी। साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में 489 रन बनाए थे। जवाब में भारत की पहली पारी 201 रन सिमट गई थी। इस तरह भारत को टेस्ट जीतने के लिए 549 रन का टारगेट मिला। साउथ अफ्रीका ने पहला टेस्ट मैच 30 रन से जीता था। अगर टीम गुवाहाटी टेस्ट भी जीत लेती है तो वह भारत के खिलाफ भारत में 25 साल बाद सीरीज जीतने और क्लीन स्वीप करने में कामयाब होगी। साउथ अफ्रीका ने साल 2000 में भारत को दो टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-0 से हराया था। अब मैच के पांचवां और आखिरी दिन का खेल बुधवार को सुबह 9 बजे से शुरू होगा।

- **जडेजा साउथ अफ्रीका के खिलाफ 50+ टेस्ट विकेट लेने वाले पांचवें भारतीय –** रवींद्र जडेजा साउथ अफ्रीका के खिलाफ 50+ टेस्ट विकेट लेने वाले पांचवें भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। उनसे पहले अनिल कुंबले, जवागल श्रीनाथ, हरभजन सिंह और रविचंद्रन अश्विन यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। इस लिस्ट में कुंबले सबसे ऊपर हैं, जिन्होंने प्रोटियाज के खिलाफ 84 विकेट लिए। श्रीनाथ 64 विकेट के साथ दूसरे नंबर पर हैं, जबकि हरभजन सिंह ने 60 और अश्विन ने 57 विकेट झटके हैं। अब जडेजा भी 52 विकेट के साथ इस क्लब में शामिल हो गए हैं। खास बात यह है कि उनका औसत (19.6) लिस्ट में सबसे बेहतर है। जडेजा साउथ अफ्रीका के खिलाफ 50+ टेस्ट विकेट लेने वाले दूसरे लेफ्ट-आर्म स्पिनर भी हैं।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-इलेवन

**भारत** – यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, ऋषभ पंत (कप्तान/विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, वॉशिंगटन सुंदर, नीतीश रेड्डी, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**साउथ अफ्रीका**– ऐडन मार्करम, रायन रिकेल्टन, वियान मुल्डर, टेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जॉर्जी, ट्रिस्टन स्टब्स, काइल वेरिने (विकेटकीपर), साइमन हार्मर, केशव महाराज, मार्को यानसन, सेनुरन मुथुसामी।

## रिकल्टन और मार्कराम ने गुवाहाटी टेस्ट में रचा नया कीर्तिमान

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के चौथे दिन का खेल पूरी तरह मेहमान टीम के नाम रहा। प्रोटियाज़ ने 400 से अधिक की विशाल बढ़त हासिल कर भारत पर दबाव बढ़ा दिया



है। दूसरी इनिंग में रयान रिकेल्टन और एडेन मार्करम ने शानदार ओपनिंग साझेदारी करते हुए एक दुर्लभ उपलब्धि हासिल की। इस जोड़ी ने न केवल मैच में दूसरी बार पचास से अधिक की पार्टनरशिप की, बल्कि इतिहास में सिर्फ चौथी साउथ अफ्रीकी ओपनिंग जोड़ी बनी जिसने भारत में दोनों पारियों में 50+ रन जोड़े।

**स्मिथ-गिब्स जैसी महान जोड़ियों की सूची में शामिल** – रिकेल्टन और मार्करम का नाम अब साउथ अफ्रीका की उन खास जोड़ियों में शामिल हो गया है, जिन्होंने भारत में दोनों इनिंग में पचास से अधिक की ओपनिंग पार्टनरशिप की हो। उनसे पहले सिर्फ तीन जोड़ियां यह कारनामा कर पाई थीं।

- **रिकेल्टन-मार्करम की शानदार जोड़ी ने रचा नया कीर्तिमान** – दूसरी पारी में रयान रिकेल्टन और एडेन मार्करम ने बेहतरीन शुरुआत देते हुए 59 रन की साझेदारी की। यह उपलब्धि इसलिए खास है क्योंकि इस मैच की पहली पारी में भी दोनों ने 82 रन की मजबूत ओपनिंग स्टैंड बनाई थी। इस तरह यह जोड़ी भारत में दोनों इनिंग में 50+ रन जोड़ने वाली सिर्फ चौथी साउथ अफ्रीकी ओपनिंग जोड़ी बन गई।

## प्रीमियर लीग- गुए ने साथी खिलाड़ी कीन को थप्पड़ मारा, रेड कार्ड मिला

### एवर्टन ने 10 प्लेयर्स के साथ यूनाइटेड को 1-0 से हराया



**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** एवर्टन ने प्रीमियर लीग में सोमवार को मैनचेस्टर यूनाइटेड को 1-0 से हरा दिया। मुकाबला ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में खेला गया। यूनाइटेड को 12 साल बाद पहली बार अपने घर में एवर्टन से हार झेलनी पड़ी। मैच के दौरान एक बड़ी घटना हुई। एवर्टन के इद्रिसा गुए ने अपने ही साथी खिलाड़ी माइकल कीन को पास सही से कलेक्ट न करने पर थप्पड़ मार दिया। इसके बाद रेफरी ने उन्हें रेड कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया। एवर्टन को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा, इसके बावजूद टीम ने जीत दर्ज की। बाद में गुए ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कीन से माफी भी मांगी।

**विवाद 13वें मिनट में शुरू हुआ –** 13वें मिनट में एवर्टन के पेनल्टी बॉक्स में गुए ने कीन को पास दिया, लेकिन कीन उसे कलेक्ट नहीं कर सके। इससे गुए गुस्से में आ गए। इसी दौरान यूनाइटेड के ब्रूनो फर्नांडिस का शॉट बाहर गया और कीन ने गुए को धक्का दे दिया। जवाब में गुए ने कीन के चेहरे पर थप्पड़ मार दिया। रेफरी टोनी हैरिंगटन ने तुरंत रेड कार्ड दिखाया। लीग ने सोशल मीडिया पर बताया कि वीडियो असिस्टेंट रेफरी (वीएआर) ने इस फैसले की समीक्षा कर पुष्टि की कि यह चेहरे पर साफ हमला था।

**गुए को रेड कार्ड मिला –** ऐसी घटना प्रीमियर लीग में बहुत कम होती है। गुए 2008 के बाद पहले खिलाड़ी बने जिन्हें अपने ही साथी से लड़ाई के लिए रेड कार्ड मिला। उस समय स्टोक सिटी के रिकार्डो फुलर को एंडी ग्रिफिन से झगड़े के लिए बाहर किया गया था।

**29वें मिनट में एवर्टन की ओर से गोल –** गुए के बाहर जाने के बाद 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद एवर्टन ने 29वें मिनट में गोल कर बढ़त बना ली। किर्नन ड्यूस्बरी-हॉल ने 18 मीटर से शानदार शॉट मारकर गोल किया। दूसरे हाफ में मैनचेस्टर यूनाइटेड ने मैच पर दबाव बनाया और कुल 25 शॉट लिए, जबकि एवर्टन के सिर्फ 3 शॉट थे।



## भारतीय विमेंस टीम लगातार दूसरी बार कबड्डी वर्ल्ड चैंपियन

- **फाइनल में चीनी ताइपे को 35-28 से हराया; टूर्नामेंट में सभी मैच जीते**

**ढाका (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम ने लगातार दूसरा कबड्डी वर्ल्ड कप जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में भारत ने चीनी ताइपे को 35-28 से हराकर खिताब अपने नाम किया। पूरी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाली छत्तीसगढ़ की रेडर संजू देवी को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। ढाका में खेले गए फाइनल में टीम शुरुआत से ही पूरी तरह हावी नजर आई। भारत ने पहली बार 2012 में ईरान को हराकर वर्ल्ड कप जीता था। खास बात यह है कि टीम ने वर्ल्ड कप के दोनों सीजन 2012 और 2025 में अपने सभी 12 मैच जीते हैं।

**संजू देवी ने पहले ही रेड में बढ़त दिलाई –** ढाका के शहीद सुहारावर्दी इंडोर स्टेडियम में हुए मुकाबले में टॉस चीनी ताइपे ने जीता और भारत को पहली रेड का मौका मिला। संजू देवी ने शुरुआत की रेड में ही टीम को बढ़त दिला दी। ताइपे ने बोनस लेकर जवाब दिया, लेकिन पूनम और सोनाली के टैकल्स ने भारत की पकड़ और मजबूत कर दी।

### 12वें मिनट में संजू ने 4 पॉइंट्स की रेड की

12वें मिनट में संजू ने चार खिलाड़ियों को आउट कर मैच की तस्वीर बदल दी और भारत 13-12 से आगे हो गया। ताइपे की ह्वांग सु-चिन ने फर्क कम रखने की कोशिश की, लेकिन संजू की दो अंकों की रेड और फिर ऑल आउट ने भारत को 17-14 की बढ़त दिलाई। हाफ टाइम तक भारत 20-16 से आगे था।

### दूसरे हाफ में डिफेंस ने शानदार काम किया

दूसरे हाफ की शुरुआत ताइपे ने बोनस पॉइंट से की, लेकिन पुष्पा की तीन अंकों की रेड ने भारत की बढ़त फिर बढ़ा दी। ताइपे ने रेड और टैकल से वापसी का प्रयास किया और स्कोर 25-22 तक लाया, लेकिन भारत की संतुलित रेडिंग और मजबूत डिफेंस ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। अंत के चार मिनट में ताइपे ने सुपर टैकल कर अंतर 30-26 तक जरूर कम किया, लेकिन भारत ने फिर मैच पर पकड़ मजबूत करते हुए एक और ऑलआउट किया। तय समय के बाद भारत 35-28 से विजेता रहा।

## शहडोल के 'मिनी ब्राजील' पहुंचे जर्मन कोच डाइटमार बीयर्सडॉर्फ

- **विचारपुर में खिलाड़ियों से मिले, बोले- यहां के बच्चे विदेशों में अपनी पहचान बना रहे**



**शहडोल (एजेंसी)।** शहडोल जिले के विचारपुर, को 'मिनी ब्राजील' के नाम से जाना जाता है। सोमवार को वहां जर्मनी के प्रतिष्ठित फुटबॉल क्लब एफसी इंगोलस्टेड के कोच डाइटमार बीयर्सडॉर्फ पहुंचे। इस दौरान उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कोच बीयर्सडॉर्फ ने विचारपुर के युवा खिलाड़ियों के अभिभावकों से मुलाकात कर उनके योगदान की सराहना की और उन्हें प्रेरित किया।

**अभिभावकों से मुलाकात कर सराहना की –** कोच बीयर्सडॉर्फ ने 5 से 12 अक्टूबर तक जर्मनी में प्रशिक्षण लेने वाले खिलाड़ियों वीरेंद्र बैगा, लक्ष्मी सहीस और सानिया कुंडे के घर का दौरा किया। उन्होंने कहा, एक छोटे से गांव से निकलकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहुंचना बड़ी उपलब्धि है। विचारपुर के खिलाड़ी सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी अपनी पहचान बना रहे हैं। अभिभावकों ने पारंपरिक भारतीय शैली में हाथ जोड़कर जर्मन कोच का स्वागत किया और अपने बच्चों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवसर देने के लिए क्लब और कोच का धन्यवाद किया।

## टी20 वर्ल्ड कप : 15 फरवरी को होगा भारत-पाकिस्तान मैच, कोलंबो में होगा महा मुकाबला

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** अगले साल क्रिकेट प्रशंसकों को एक बार फिर भारत-पाकिस्तान के रोमांचक मुकाबले का इंतजार रहेगा, क्योंकि दोनों टीमें 15 फरवरी 2026 को कोलंबो में आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप के दौरान आमने-सामने होंगी। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) मंगलवार को मुंबई में टूर्नामेंट का आधिकारिक शेड्यूल जारी करेगी। भारत का यह तीसरा ग्रुप मैच होगा जबकि टीम अपने अभियान की शुरुआत ॠ के खिलाफ करेगी। इस बहुप्रतीक्षित मुकाबले को लेकर अभी से उत्साह चरम पर है, क्योंकि हाल के वर्षों में भारत-पाकिस्तान मैच हमेशा हाई-वोल्टेज माहौल और चर्चाओं के केंद्र में रहे हैं।





**15 फरवरी को कोलंबो में भारत-पाकिस्तान मुकाबला –** आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत और पाकिस्तान का मुकाबला हमेशा की तरह टूर्नामेंट का सबसे बड़ा आकर्षण रहेगा। दोनों टीमें 15 फरवरी को कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में भिड़ेंगी। एशिया कप 2024 में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन महत्वपूर्ण मैच जीते थे और मैदान के बाहर भी कई विवादों ने सुर्खियाँ बटोरी थीं, ऐसे में इस बार का मुकाबला और भी दिलचस्प होगा। जानकारी के अनुसार, भारत और पाकिस्तान को ॠ, नामीबिया और नीदरलैंड्स के साथ एक ही ग्रुप में रखा गया है।

**भारत का ग्रुप स्टेज शेड्यूल –** भारत अपने टी20 वर्ल्ड कप अभियान की शुरुआत 7 फरवरी को मुंबई में ॠ के खिलाफ करेगा। यह टूर्नामेंट का पहला मैच भी होगा, जिससे इस मुकाबले की महत्ता और बढ़ जाती है। इसके बाद भारतीय टीम 12 फरवरी को नामीबिया से भिड़ने दिल्ली पहुंचेगी। टीम का आखिरी ग्रुप मैच नीदरलैंड्स के खिलाफ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। टूर्नामेंट के दौरान ग्रुप स्टेज में हर दिन तीन मैच खेले जाएंगे, जिससे पूरा शेड्यूल बेहद तगड़ा और उत्साहपूर्ण रहेगा।

**टूर्नामेंट का फॉर्मेट और संरचना –** आईसीसी ने इस बार फॉर्मेट में कोई बदलाव नहीं किया है। टूर्नामेंट में कुल 20 टीमें हिस्सा लेंगी, जिन्हें चार ग्रुप में बांटा जाएगा, और हर ग्रुप में पांच टीमें होंगी। हर ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सुपर आठ चरण में प्रवेश करेंगी। सुपर आठ के दौरान टीमों को दो ग्रुप में विभाजित किया जाएगा, जहां से शीर्ष दो-दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। इस तरह फॉर्मेट खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के लिए पर्याप्त प्रतिस्पर्धा और रोमांच प्रदान करेगा।

**भारत के सुपर आठ और नॉकआउट संभावित वेन्यू –** यदि भारतीय टीम सुपर आठ में जगह बनाती है, तो उसके तीन मैच अहमदाबाद, चेन्नई और कोलकाता में खेले जाएंगे। भारत का संभावित सेमीफाइनल मुंबई में निर्धारित है। दूसरा सेमीफाइनल कोलंबो या कोलकाता में होगा, जिसकी लोकेशन पाकिस्तान या श्रीलंका के क्वालिफाई करने पर निर्भर रहेगी।

# लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करें बैंक : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला उद्योग केंद्र द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वरीय उपसमाहर्ता (बैंकिंग), अग्रणी जिला प्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक तथा उद्योग विभाग एवं बैंकों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा अवगत कराया गया कि पीएमईजीपी योजना के अंतर्गत 78 लक्ष्य के विरुद्ध 32 आवेदनों की स्वीकृति तथा पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत 239 लक्ष्य के विरुद्ध 68 आवेदनों की स्वीकृति विभिन्न बैंकों द्वारा प्रदान की गई है। जिलाधिकारी द्वारा बैंकों की शाखा-वार समीक्षा की गई तथा प्रस्तुत प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए सभी बैंकों के जिला समन्वयकों को अविलंब लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा जिला उद्योग केंद्र के पदाधिकारियों एवं अग्रणी जिला प्रबंधक को सभी बैंक शाखाओं तथा उद्यमियों के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित कर निर्धारित समय सीमा के भीतर लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपस्थित अधिकारियों द्वारा आश्वस्त किया गया कि निर्देशानुसार लक्ष्य प्राप्ति हेतु सामूहिक प्रयास किए जाएंगे तथा निर्धारित अवधि में प्रगति प्रस्तुत की जाएगी। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक द्वारा पीएमईजीपी और पीएमएफएमई योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए बताया गया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई ) खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों (बिस्किट, नमकीन, जूस, आटा सत्तू मिल, तेल ओर डाल मिल, डेयरी प्रोडक्ट्स, रेस्टोरेंट ढाबा आदि खाद पदार्थों की इकाई के लिए अत्यंत लाभकारी योजना है। इस योजना के अंतर्गत पूंजीगत व्यय पर 35 प्रतिशत तक का अनुदान उपलब्ध कराया जाता है, जिसकी अधिकतम सीमा 10 लाख रुपये निर्धारित है। यह योजना न केवल नए उद्यमों बल्कि पूर्व से संचालित उद्योगों पर भी लागू होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु आवश्यक दस्तावेज जैसे-आधार कार्ड, पैन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, फोटो, मुखिया अथवा वार्ड सदस्य द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, आधार से लिंक मोबाइल नंबर तथा बैंक विवरण–जिला उद्योग केंद्र में उपलब्ध कराना आवश्यक है। साथ ही प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमईजीपी)के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, बिजली बिल अथवा जमीन की रसीद एवं निवास प्रमाण पत्र अनिवार्य दस्तावेज के रूप में आवश्यक बताए गए। इस योजना के तहत किसी भी प्रकार के निर्माण की इकाइयां स्थापित की जा सकती है। जिलाधिकारी द्वारा अपना स्वयं का लघु उद्योग स्थापित करने के इच्छुक जिले के किसानों, उद्यमियों, युवाओं एवं छात्रों को जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से पीएमईजीपी एवं पीएमएफएमई योजनाओं के अंतर्गत आवेदन करने हेतु अपील की गई एवं बताया गया कि उक्त योजनाओं का लाभ लेकर उद्यमी बन ने का सपना पूरा किया जा सकता है।



# रफीगंज प्रखंड की प्रमुख बनी गीता सिंह

## औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह से मिलकर जताया आभार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के रफीगंज प्रखंड प्रमुख पद के लिए मंगलवार को समाहरणालय परिसर स्थित योजना भवन में हुए चुनाव में बौर पंचायत के क्षेत्र संख्या 7 की पंचायत समिति सदस्य गीता सिंह ने एक बार फिर जीत दर्ज की है। चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कुल 32 मतों में गीता सिंह को 19 वोट मिले जबकि उनकी प्रतिद्वंदी केराप पंचायत के क्षेत्र संख्या 23 की पंचायत समिति सदस्य जैनब फातमी को 13 वोट प्राप्त हुए। जीत के बाद गीता सिंह ने कहा कि यह जीत उनकी नहीं बल्कि रफीगंज की जनता की जीत है। उन्होंने सभी पंचायत समिति सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सभी को साथ लेकर प्रखंड के समग्र विकास के लिए कार्य करेंगी। बता दें कि गीता सिंह इससे पहले भी 2021 के पंचायत चुनाव के बाद प्रखंड प्रमुख चुनी गई थीं लेकिन करीब ढाई साल बाद लाए गए अविश्वास प्रस्ताव में वह पद से हटा दी गई थीं जिसके बाद स्नेहा सिंह प्रमुख बनी थीं। हाल के महीनों में पंचायती राज विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तत्कालीन प्रमुख स्नेहा सिंह को पद से बर्खास्त कर दिया था जिसके कारण फिर से चुनाव कराया गया है। प्रखंड प्रमुख के पद पर निर्वाचित होने के बाद गीता देवी पंचायत समिति सदस्य एवं अपने समर्थकों के साथ भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय सिंह कोठी पर पहुचे उनसे आशीर्वाद लिया। इस मौके पर पूर्व सांसद ने प्रखंड प्रमुख गीता सिंह एवं पंचायत समिति सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि आप सभी को जो जिम्मेवारी मिली है उस पर खरा उतर कर और विकास का कार्य तेजी से करें। प्रखंड प्रमुख गीता सिंह ने कहा कि इस जीत में पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह का योगदान और आशीर्वाद है। मैं सभी लोगों को साथ लेकर चलूंगी और विकास का कार्य करूंगी। मौके पर पंचायत समिति सदस्य स्वीटी सिंह, अंजू देवी, रजंति देवी, सावित्री देवी, कमला देवी, मुकेश कुमार, उपेन्द्र यादव, प्रभा देवी, कुमारी सरिता सिंह, लक्ष्मी साव, रिंकी देवी, हसान सिद्दिकी, नूर फातमा, रूबी प्रवीण, ईश्वर कुमार, सुनैना देवी, अरबिन्द चौधरी, शांति देवी, आरती देवी, प्रमुख प्रतिनिधि बुलबुल सिंह, मिंटू सिंह, समाजसेवी अमिताभ सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, चुन्नू सिंह, भाजपा नेता भरत सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह, चुन्नू सिंह एवं सैंकड़ो लोग उपस्थित रहे।



# दहेज हत्या में सास-ससुर और पति दोषी करार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय के पंचम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमेश प्रसाद की अदालत ने दहेज के लिए विवाहिता की हुई हत्या में पति, सास एवं ससुर को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने घटना को लेकर हसपुरा थाना में वर्ष 2024 में कराई गई प्राथमिकी में सुनवाई करते हुए मंगलवार को जेल में बंद बेबीपुर गांव निवासी पति विकास कुमार, उसके पिता योगेंद्र राजवंशी और मां जोखन देवी को दोषी पाया है। अपर लोक अभियोजक शिवपूजन प्रजापति ने बताया कि सास एवं ससुर के बंधपत्र को न्यायालय ने विखंडित कर जेल भेजने का आदेश दिया है। सजा की बिंदु पर 29 नवंबर 2025 सुनवाई होगी। बताया गया कि मामले की प्राथमिकी ओबरा थाना क्षेत्र के चेचाड़ी गांव निवासी नंद राजवंशी ने 10 अक्टूबर 2023 को हसपुरा थाना में कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी पुत्री प्रियंका कुमारी की दहेज के लिए दोषी करार आरोपितों के द्वारा हत्या कर दी गई थी। दहेज के लिए सभी उनकी पुत्री के साथ मारपीट करते थे और जान से मारने की धमकी देते थे। सात अक्टूबर 2023 को पिटकर हत्या कर दिया। हत्या के बाद आरोपितों ने शव को जलाने का प्रयास किए पर सूचना पर पुलिस पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया था। इसी मामले में न्यायालय का फैसला आया है। पति पहले से जेल में बंद हैं।

## रफीगंज से नव निर्वाचित विधायक का कई स्थानों पर भव्य स्वागत

# भ्रष्टाचार व दलाली बर्दाश्त नहीं : प्रमोद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज(औरंगाबाद)।** प्रखंड के भदवा, भदवा डीह, कजपा और बराही में मंगलवार को नवनिर्वाचित विधायक प्रमोद कुमार सिंह के सम्मान में भव्य स्वागत समारोह सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों, समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने अंगवस्त्र एवं फूल-मालाओं से उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पूरे मार्ग में उत्साह और जश्न का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के नेतृत्व में बिहार में चौतरफा विकास हो रहा है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुंचाने का प्रयास लगातार जारी है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि क्षेत्र में भ्रष्टाचार और दलाली को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मैं इस विधानसभा क्षेत्र को भ्रष्टाचारमुक्त बनाकर ही दम लूंगा। उन्होंने दृढ़ता से कहा कि नहीं मैं गलत करूंगा न गलत होने दूंगा। दौरे के दौरान विधायक ने विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया और आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता अवधेश कुमार सिंह, पैक्स अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर लाल कुशवाहा, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, रामनायक सिंह, विपिन सिंह, मुन्ना सिंह, निखिल सिंह, सिंटू सिंह, रणजीत सिंह, शिव कुमार सिंह, पिंटू सिंह, कपिल देव सिंह, देव प्रसाद सिंह, अनूप कुमार सिंह, मुकुल सिंह, शंकर सिंह, पंकज कुमार, नीरज सिंह, रामानुज मिश्रा, मुकेश कुमार, सौरभ कुमार, संजीव कुमार, अखिलेश शर्मा समेत सैकड़ों समर्थक उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में उत्साह, उमंग और विकास की नई उम्मीदें झलकती रहीं।



# अफ़ीम तस्करी मामले में तीन को छह-छह साल की सजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश द्वितीय अनिन्दिता सिंह ने मुफ्फसिल थाना की एक कांड में सज़ा सुनाई है। स्पेशल पीपी परवेज अख्तर ने बताया कि सभी अभियुक्तों को अफीम तस्करी में 6 साल सश्रम कारावास की सजा और सभी को 50-50 हजार रूपये जुर्माना लगाया है जुर्माना न देने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास होगी। अभियुक्त गया जिले के धनगाई थाना क्षेत्र के पोखईया निवासी राजू कुमार सिंह, झारखंड के चतरा जिले के गिद्धौर निवासी सुजीत कुमार यादव बीते 20 जुलाई 22 से जेल में बंद हैं। दोनों की जमानत याचिका हाईकोर्ट पटना ने अस्वीकृत किया था और एक अभियुक्त चतरा जिले के ही झागदांग निवासी अखिलेश यादव जमानत पर था। तीनों अभियुक्तों को 20 नवंबर 25 को एनडीपीएस एक्ट में दोषी करार दिए जाने के बाद जेल भेज दिया गया था। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि सज़ा के बिंदु पर अभियोजन पक्ष ने कहा कि अभियुक्तों के पास से 6.5 किलो अफीम बरामद किया गया है। इसलिए अभियुक्तों को अधिक से अधिक सजा मिले। वहीं बचाव पक्ष ने पारिवारिक जिम्मेदारियां के ख्याल रखते हुए कम से कम सज़ा की आग्रह किया और कहा कि सबके पास तीन भाग में मादक पदार्थ थे। दोनों पक्षों के सुनने के पश्चात न्यायधीश ने फैसला सुनाया और अभियुक्तों को आदेश की प्रति उपलब्ध करवाई।

# डी.ए.वी. के छात्रों ने दिया विशिष्ट प्रतिभा का परिचय



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के दयानंद विहार स्थित डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल में मंगलवार को कक्षा आठवीं के छात्रों द्वारा निर्मित पुस्तक का विमोचन प्रार्थनासभा में विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार पाठक द्वारा किया गया। यह पुस्तक महान गणितज्ञों के जीवन एवं उपलब्धियों से संबंधित है। डी.ए.वी. विद्यालय के वरीय शिक्षक महेश कुमार सिंह, सुनील कुमार यादव, मीरा कुमारी, देवाशीष पाणियही आदि की प्रेरणा से कक्षा आठवीं के विद्यार्थी ऋतिक, राजशेखर, रुद्र, मारिया, सुहानी, सुमन सिंह, संस्कार और श्रेयम ने पुस्तक तैयार कर अपने भीतर छिपी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया। प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार पाठक ने उन विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए उनका उत्साह वर्धन किया।

# सर्पदंश से महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जहरीले सांप के डसने से एक महिला की मौत हो गई। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के राजपुर गांव का है। मृतका की पहचान उस गांव निवासी सुखदेव राम की पत्नी राधिका देवी के रूप में हुई है। घटना मंगलवार की सुबह की बताई जा रही है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान मृतका के पति सुखदेव राम ने बताया कि मंगलवार को राधिका अपने घर से पश्चिम दिशा की ओर बधार तरफ शौच करने गई थी। जहां एक जहरीला सांप ने डस लिया। इसके बाद राधिका दौड़ती-भागती हुई घर पहुंची और घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। इस दौरान उसके मुंह से झाग भी निकलने लगा। आनन-फानन में परिजनों से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया जहां के चिकित्सकों ने नब्ज टटोलते ही मृत घोषित कर दिया। इस घटना से मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है तो आसपास शोक व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने मृतका के आश्रितों के लिए जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि ज़हरीले सांप के डसने से एक महिला की मौत हुई है। पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराकर दाह संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# दाउदनगर में वन स्टॉप सेंटर की शुरुआत जल्द

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर।** महिलाओं के लिए दाउदनगर में एक बड़ी सुविधा की शुरुआत होने वाली है। अब महिला उत्पीड़न की शिकार पीड़िताओं को सहायता के लिए इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं होगी। दाउदनगर प्रखंड कार्यालय परिसर में अतिरिक्त वन स्टॉप सेंटर संचालित किया जाएगा। फिलहाल यह सेंटर प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थित पशुपालन विभाग के पुराने भवन में चलेगा। नए भवन के निर्माण के लिए भी परिसर में जमीन चिन्हित कर ली गई है। आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद भवन निर्माण शुरू होगा और उसके बाद वन स्टॉप सेंटर अपने नवनिर्मित भवन में शिफ्ट हो जायेगा। सूत्रों के अनुसार हाल ही में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने पशुपालन विभाग के पुराने भवन की चाभी आइसीडीएस के जिला प्रोग्राम पदाधिकारी को सौंपने का निर्देश जिला पशुपालन पदाधिकारी को दिया है। दाउदनगर सीओ ने प्रतिवेदन दिया था कि पशुपालन विभाग का यह पुराना भवन वर्षों से उपयोग में नहीं है, इसलिए इसे अस्थायी रूप से वन स्टॉप सेंटर के संचालन के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। डीएम ने यह भी स्पष्ट किया है कि नया भवन बनते ही वहां से संचालन शुरू कर दिया जायेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशन में संचालित वन स्टॉप सेंटर का मुख्य उद्देश्य महिला हिंसा की शिकार पीड़िताओं को एक ही स्थान पर सभी जरूरी सेवाएं उपलब्ध कराना है। वन स्टॉप सेंटर से महिलाओं को गोपनीय और सुरक्षित वातावरण में सहायता उपलब्ध होगी। यह महिलाओं के सशक्तिकरण और उन्हें त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे महिला सुरक्षा को लेकर समाज में भरोसा भी बढ़ेगा।

# रंगदारी सहित विभिन्न मामलों में 33 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई किया है। अलग-अलग मामलों में 33 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 24 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। पुलिस पर हमला में 1, रंगदारी में 3, एसटी-एसी एक्ट में 3, शराब कांड में 4 एवं अन्य शीर्ष कांड में 22 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 140 लीटर देसी एवं 15.48 लीटर विदेशी शराब, 1 कार, 1 बाइक, 5 मोबाइल बरामद किया गया है। इसी क्रम में 500 लीटर महुआ घोल विनिष्ट किया गया है तथा 1 भट्ठी ध्वस्त किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1062 वाहनों की जांच की गई जिसमें 61000 रूपये बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा विभिन्न अपराधों के खिलाफ चलाए गए अभियान के फलस्वरूप विभिन्न अपराधों में 33 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पदाधिकारियों को लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, ताकि गंभीर मामलों में फरार बदमाशों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके।

# महाराजगंज पैक्स का चुनाव 16 दिसंबर को

**औरंगाबाद(नबिटा संवाददाता)।** कुटुंबा प्रखंड के महाराजगंज पैक्स का चुनाव 16 दिसंबर को कराया जायेगा। प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी और बीडीओ प्रियांशु वसु ने बताया कि चुनाव संबंधी सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। 17 नवंबर को सूचना का प्रकाशन किया गया था। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 3 और 4 दिसंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन दाखिल किए जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच 5 और 6 दिसंबर को की जाएगी। 9 दिसंबर को अभ्यर्थी नाम वापस ले सकते हैं। इसके बाद चुनाव चिन्ह का आवंटन होगा।

# बिजली चोरी करते पांच लोगों पर लगाया जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** प्रखंड में विद्युत विभाग द्वारा बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई में बिजली चोरी करते हुए पांच लोगों को पकड़ा गया। छापेमारी दल का नेतृत्व सहायक विद्युत अभियंता शिवरतन लाल और कनीय विद्युत अभियंता राकेश कुमार राम ने किया। उन्होंने बताया कि सलैया थाना क्षेत्र के सोनारी बिगहा, पोवाय और टेका विगहा गांवों में छापेमारी की गयी, जिसमें सोनारी बिगहा में नागेंद्र यादव के घर में मीटर बाईपास कर अवैध रुप से बिजली चोरी से उपयोग किया जा रहा था। चोरी करते पकड़े जाने पर 11232 रुपये जुर्माना लगाया गया है, जबकि इसी गांव के लालकेश्वर यादव के घर में बिना विद्युत कनेक्शन लिए चोरी से बिजली उपयोग किये जाने पर 11295 रुपये, पोवाय निवासी अनुराग कुमार द्वारा मीटर बाईपास कर बिजली का उपयोग किये जाने पर 8416 रुपये का जुर्माना लगाया गया। टेका बिगहा निवासी शिवपूजन चौधरी बिना कनेक्शन लिए बिजली जलाते पकड़े गये, जिनपर 11295 रुपये और कमलेश चौधरी पर 8723 रुपये जुर्माना लगाया गया है। साथ ही इन लोगों के विरुद्ध सलैया थाना में विद्युत चोरी करने पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। छापेमारी दल में सारणी पुरुष सुबोध कुमार सिंह, मानव बल चितरंजन कुमार सिन्हा, उमेश सिंह शामिल थे। थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा ने बताया कि बिजली चोरी का मामला दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# सरकारी कार्यों में बाधा डालने व रंगदारी मामले में तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सरकारी कार्यों में बाधा डालने और रंगदारी मामले में नवीनगर पुलिस द्वारा तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि एक फरार है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान टंडवा थाना क्षेत्र के लभरी गांव निवासी विष्णुराज, नीतीश कुमार एवं प्रिंस कुमार के रूप में की गई है। इन सभी पर आरोप है कि उत्तर कोयल नहर परियोजना के निर्माण में लगे संवेदक से रंगदारी मांगी, न देने पर संवेदक को निर्माण कार्य बंद करने की धमकी दी जिसके कारण बीते पांच माह से निर्माण कार्य बाधित हैं। इसी क्रम में दर्ज़ प्राथमिकी के आधार पर मामले की जांच-पड़ताल की गई जिसमें आरोप की पुष्टि होने पर तीन लोगों को आज गिरफ्तार किया गया। जबकि एक आरोपी मामले में फरार है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि कहा कि पुलिस इस मामले में पूछताछ से मिले इनपुट के आधार पर आगे की जांच कर रही है। पूछताछ के क्रम में अभियुक्तों ने अपराध स्वीकार किया हैं। उनके आधार पर पुलिस अन्य लोगों से भी पूछताछ करेगी। विदित हो कि बीते पांच माह से उत्तर कोयल नहर परियोजना का निर्माण कार्य बंद है जिसमें रंगदारी मांगने की प्राथमिकी दर्ज है। इस कांड का मुख्य अभियुक्त अब तक फरार है। जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जायेगा। सरकारी कामकाज में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप, रुकावट या बाधा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएंगी।

# पांच वारंटी गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** न्यायालय के निर्देश पर पांच वारंटियों को बंदेया पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए वारंटियों की पहचान थाना क्षेत्र के खोजी गांव निवासी प्रभु पासवान एवं रामगढ़ गांव निवासी संजय यादव, जगदीश यादव, हरेंद्र कुमार एवं भूटानी यादव के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष सुरज कुमार ने बताया ये सभी लंबे समय से एक कांड में फरार चल रहे थे। इसी क्रम में न्यायालय के निर्देश पर निर्गत वारंट के आधार पर छापेमारी के फलस्वरूप पकड़े गए। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत सभी को जेल भेज दिया गया।





